निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




• बोकारो, शनिवार 30 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 12 • पृष्ठ : 13 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे की संपत्ति चोरी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पतरातू की टीम ने गश्त और निगरानी अभियान के दौरान रेलवे की संपत्ति चोरी कर ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से रेलवे ट्रैक में उपयोग होने वाले 41 पेंड्रोल क्लिप बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई आरपीएफ पोस्ट पतरातू के उप निरीक्षक सोनू कुमार, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार और अन्य स्टाफ निरीक्षक प्रभारी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गयी है।

### पारा शिक्षक की गला रेतकर हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में 45 वर्षीय सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) उदय सिंह की हत्या कर दी गई। चिल्हो खुर्द निवासी उदय सिंह का शव गुरुवार रात छतरपुर मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर नगदारा गांव के पास मिला। वह गांव के स्कूल में सहायक अध्यापक थे और झोला छाप डॉक्टर के रूप में भी लोगों का इलाज करते थे। पुलिस के अनुसार उदय सिंह को किसी परिचित ने फोन कर घर से बुलाया था। आशंका है कि उन्होंने बुलाने वाले व्यक्ति के साथ घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बैठकर शराब पार्टी की थी।

### नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के बगड़ो गांव में शुक्रवार सुबह एक नवविवाहिता का शव उसके ससुराल में संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतका की पहचान 22 वर्षीय काजल खातून के रूप में हुई है जो आयान अंसारी की पत्नी थीं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह काजल के पति ने उसके मायके फोन कर बताया कि काजल की तबीयत बहुत खराब है और उन्हें तुरंत बगड़ो पहुंचना चाहिए। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बगड़ो पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि काजल का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा था।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना समाहरणालय के पास स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के सामने हुई। मृतक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के भंडरवा निवासी 24 वर्षीय तबरेज अंसारी के रूप में हुई है। वहीं 25 वर्षीय मंसूर अंसारी पुत्र महफूज अंसारी गंभीर रूप से घायल हैं। घायल का इलाज जारी है।

### छात्रा ने फांसी लगा की खुदकुशी

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना अंतर्गत सतपारा घटा में वार्ड पार्षद विजयपाल भगत की 16 वर्षीय पुत्री सुशांति कुमारी ने शुक्रवार सुबह आम के पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

# नदी और तालाब किनारे बने अवैध मकानों पर चलेगा बुलडोजर : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को साफ निर्देश दिया कि नदी, डैम, तालाब और अन्य जलस्रोत क्षेत्रों पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जलस्रोतों पर कब्जा कर घर या अन्य संरचनाएं बनाना पर्यावरण और जल निकासी व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी शहरी निकाय क्षेत्रों में अवैध निर्माणों की पहचान कर नोटिस जारी करने, प्राथमिकी दर्ज करने और अवैध संरचनाओं को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि जलस्रोत क्षेत्रों में किसी तरह का निर्माण कार्य न करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों और चालू वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजना, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी परियोजना को गति देने के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही शहरी परिवहन व्यवस्था सुधारने और राजस्व संग्रहण के संसाधनों को बढ़ाने पर भी जोर दिया। कांके डैम संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने डैम में गिरने वाले नालों को बंद करने, कैचमेंट एरिया की मापी और घेराबंदी कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शहर के सभी घरों तक पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पानी पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम को और मजबूत बनाने और नगर निकाय क्षेत्रों में बारिश से पहले जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रांची समेत राज्य के सभी रिंग रोड के आसपास सोलर पैनल और सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पर तेजी से काम करने को कहा। उन्होंने अगले 15 दिनों में प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट से मंजूरी लेने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर वेस्ट मैनेजमेंट को अनिवार्य रूप से लागू करने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने लोगों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की, ताकि कचरे का बेहतर प्रबंधन और पुनर्चक्रण हो सके। बैठक में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# डीएसपी पर यौन शोषण की प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के एक डीएसपी पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित युवती के आवेदन पर रांची के चुटिया थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। रांची के चुटिया थाना में डीएसपी अमित कुमार सिंह पर यौन शोषण की प्राथमिकी दर्ज की गई है। रांची की रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने डीएसपी के खिलाफ रांची के चुटिया थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर रांची के चुटिया थाने में एफआईआर नंबर 70/ 26 दर्ज की गई है। पीड़ित युवती के द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि साल 2024 में उसकी मुलाकात लोहरदगा में बतौर पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह के साथ सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में बातचीत होने लगी। इस दौरान डीएसपी के द्वारा यह बताया गया कि वह युवती से प्यार करता है। फोन पर बातचीत होने के बाद दोनों की मुलाकात रांची के एक रेस्टोरेंट में हुई। इस दौरान डीएसपी ने युवती को यह विश्वास दिलाया कि वह उससे शादी करेगा। उसके बाद दोनों के बीच फोन और मैसेज से लगातार संपर्क बना रहा। युवती के अनुसार इसी बीच दिसंबर 2024 के महीने में डीएसपी के द्वारा उसे एक गेस्ट हाउस ले जाया गया जहां शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया गया। शादी का प्रलोभन देकर उसके बाद भी डीएसपी के द्वारा कई बार युवती से संबंध बनाए गए। कुछ दिनों के बाद अचानक डीएसपी ने युवती से बात करना बंद कर दिया। पूछने पर डीएसपी ने बताया कि वह उससे शादी नहीं कर सकता है। बाद में इस मामले को लेकर वह पुलिस मुख्यालय तक भी गई लेकिन जबरदस्ती डीएसपी के परिवारवालों ने मिलकर उनके परिवार से समझौता करवा दिया। इतना ही नहीं डीएसपी के द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता रहा और आत्महत्या के लिए भी उकसाया गया। वहीं दूसरी तरफ चुटिया थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है। मामले में पीड़िता का बयान भी दर्ज करवाया गया है।

# डॉक्टर की कार घर में जा घुसी, एक व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की गांव में डॉक्टर की अनियंत्रित कार एक घर में जा घुसी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने डॉक्टर की पिटाई कर दी जिसके बाद डॉक्टर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम करने की भी कोशिश की लेकिन पुलिस के द्वारा समझा-बुझाकर मामले को शांत किया गया है। दरअसल पलामू के पाटन के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार अपने निजी कार से पाटन इलाके में जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सिक्की कला में एक घर में जा घुसी। इस घटना में कार ने घर के आंगन में सो रहे विनोद सिंह नामक व्यक्ति को चपेट में ले लिया। बाद में विनोद सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने कार को क्षतिग्रस्त कर दिया और डॉक्टर को बुरी तरह पीटा। पाटन थाना प्रभारी अनिल विद्यार्थी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पूरे मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि डॉक्टर की भी पिटाई की गई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे हैं।

# अवैध कारोबार में वर्चस्व को लेकर फायरिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र स्थित जामाडोबा डुमरी नंबर-2 गली में शुक्रवार तड़के वर्चस्व और अवैध लोहा कारोबार को लेकर गोलीबारी हुई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल रिंकी सिंह को सीने में गोली लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर किया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब चार बजे जामाडोबा पेट्रोल पंप के समीप डुमरी नंबर-2 गली में अचानक गोली चलने की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बाहर निकलकर देखा तो रिंकी सिंह घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा था। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दुर्गापुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि गोली अभी भी उसके सीने में फंसी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जोड़ापोखर थाना पुलिस और सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा और रोपवे का कटा हुआ तार बरामद किया है। बरामद सामान के आधार पर पुलिस अवैध लोहा कटिंग, चोरी और आपराधिक गिरोह के एंगल से मामले की जांच कर रही है। घायल युवक की पत्नी चंदा कौर ने आरोप लगाया कि उनके पति सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान कुछ संदिग्ध युवक वहां मौजूद थे। पति द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर गोली चला दी। उन्होंने गोपू और उनके साथियों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अवैध लोहा कारोबार को लेकर पहले से विवाद चला आ रहा था। सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला अवैध लोहा कारोबार से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

# बीएसएनएल अधिकारी को सश्रम कारावास, 25 लाख जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने बीएसएनएल के अधिकारी राम विनोद सिंह को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष की साधारण कैद अतिरिक्त रूप से भुगतनी होगी। जानकारी के अनुसार अभियुक्त राम विनोद सिंह बीएसएनएल हजारीबाग में कार्यरत था। जांच के दौरान यह सामने आया कि उसने अपनी वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ कि वर्ष 1983 से 2007 के बीच उसने लगभग 34 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जमा की थी। इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई ने वर्ष 2007 में केस दर्ज किया था। आरोप था कि सरकारी पद पर रहते हुए राम विनोद सिंह ने अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की और उसे छिपाने का प्रयास किया। मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई की टीम ने अभियुक्त के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच एजेंसी को रेड के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और संपत्ति से जुड़े कागजात मिले थे। सीबीआई की छापेमारी के दौरान अभियुक्त के आवास से 68 हजार रुपये नकद बरामद किए गए थे। इसके अलावा कई अचल संपत्तियों और निवेश से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए थे। जांच एजेंसी ने इन दस्तावेजों के आधार पर आय और संपत्ति का विस्तृत आकलन किया था। सीबीआई के अनुसार अभियुक्त की घोषित आय और वास्तविक संपत्ति में भारी अंतर पाया गया था। इसी आधार पर अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अदालत में 65 गवाहों की गवाही कराई गई। गवाहों और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी माना और सजा सुनाई। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सरकारी पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। सीबीआई कोर्ट के इस फैसले को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। कानूनी जानकारों का कहना है कि ऐसे मामलों में सजा मिलने से सरकारी तंत्र में गलत तरीके से संपत्ति अर्जित करने वालों को कड़ा संदेश जाएगा।

# विनय कुमार बने भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी के सदस्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/रांची।** केंद्र सरकार ने बिहार एवं झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार तथा अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे हैं। मंत्रालय के अवर सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विनय कुमार को आगामी दो वर्षों के लिए भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि विनय कुमार करीब चार दशक से बिहार एवं झारखंड में पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया एवं हिंदुस्थान समाचार में ब्यूरो प्रमुख तथा विशेष संवाददाता के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके पूर्व भी वे केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा इस्पात मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों की कई समितियों के सदस्य रह चुके हैं और अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। विनय कुमार ने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी पत्रकार के रूप में कवर किया था। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि विनय कुमार मूल रूप से बिहार के जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत खैरा गांव के निवासी हैं।

# देसी पिस्टल और कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**धनबाद।** जिले के कतरास थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश में मारपीट और फायरिंग केस में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा और एक चार पहिया वाहन बरामद किया है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मामले की जांच करते हुए आनंद कुमार यादव, विवेक कुमार ठाकुर और करण कुमार दास को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जांच में सामने आया है कि पुरानी आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। 27 मई की रात दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच मारपीट हुई और एक-दूसरे को डराने के उद्देश्य से कई राउंड हवाई फायरिंग की गई थी। इसी दौरान घटनास्थल के पास अपने घर की छत पर मौजूद एक शख्स को गोली लग गई। वहीं मारपीट में शामिल एक अन्य युवक के पैर में भी गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आनंद कुमार यादव की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा, एक काले रंग की स्कॉर्पियो पुलिस ने जब्त किया है।

# राज्यसभा चुनाव : मिलकर लड़ेंगे झामुमो और कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी के राजू ने मुख्यमंत्री आवास पर सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच राज्यसभा चुनाव की रणनीतियों को लेकर काफी देर तक बेहद गंभीर और महत्वपूर्ण वार्ता हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रभारी के. राजू और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हुई बैठक में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। रणनीति के अनुसार कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) मिलकर गठबंधन के तहत राज्यसभा की दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। यही बातें कांग्रेस प्रभारी के राजू ने पत्रकारों से बातचीत में कही है। दरअसल गठबंधन का पूरा फोकस इस बात पर है कि दोनों ही सीटों पर उम्मीदवारों की जीत हर हाल में सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों में दोनों दल इसके जरिए पूरी तरह एकजुटता दिखाना चाहती है। किसी भी परिस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार को जीतने नहीं दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार विपक्ष की रणनीतियों को मात देने के लिए दोनों दल ऑपरेशन लोटस के तहत अपनाए जाने वाली हर संभावित कदम को विफल करने की योजना पर काम कर रहे हैं। सूचना के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्यसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति को अगले दो से तीन दिनों के भीतर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट करने की बात कही है। माना जा रहा है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच अंतिम दौर की बातचीत के बाद जल्द ही प्रत्याशियों के नामों का आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह में सहायक अध्यापकों की जिला स्तरीय बैठक 31 मई को

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहायक अध्यापक महासंघ एवं संघर्ष मोर्चा की ओर से 31 मई 2026 को जिला स्तरीय अत्यावश्यक बैठक बुलाई गई है। यह बैठक सुबह 9 बजे स्थानीय झंडा मैदान, गिरिडीह में आयोजित होगी। इसकी जानकारी जिला महासचिव सह संघर्ष मोर्चा सदस्य सुखदेव हाजरा ने दी बैठक में सहायक अध्यापकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इनमें मानदेय भुगतान का डाटा समय पर अपलोड नहीं होना, शहरी क्षेत्र के 4 प्रतिशत सहायक अध्यापकों को मानदेय नहीं मिलना, ईपीएफ मद में राशि कटौती में त्रुटि, पेंशन मद में राशि नहीं कटना तथा सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के नाम पर पारा शिक्षकों को बार-बार परेशान किए जाने जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। इसके अलावा 269 पारा शिक्षकों का भुगतान फर्जी सर्टिफिकेट के हवाले से स्थगित रखने के मामले को भी बैठक में उठाया जाएगा।सुखदेव हाजरा ने जिले के सभी टेट पास, आकलन पास, प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित सहायक अध्यापकों से बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने हक और अधिकार तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट होकर संघर्ष की रणनीति तय करना जरूरी है उन्होंने सभी सहायक अध्यापकों से आपसी मतभेद भुलाकर बड़ी संख्या में बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### बिजली की आंख मिचौनी से उपभोक्ता परेशान

**कदवा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जेठ की भीषण गर्मी में भी बिजली की लुकाछिपी शायद ही बर्दाश्त हो।लेकिन क्या कर सकते हैं? आखिर है तो बिहार का ही बिजली विभाग ना।पता नहीं प्रखंड का बिजली विभाग का उपभोक्ता से क्या नाराजगी है।विभाग प्रतिदिन घंटों बिजली की कटौती कर उपभोक्ताओं के साथ लुका छुपी खेल रहा है।उपर से प्रकृति की मार भी सबसे अधिक इसी विभाग को झेलना पड़ता है। लचर व्यवस्था का खामियाजा उपभोक्ता ही झेलते हैं। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना दुश्वार होने लगता है।बिजली गुल हो जाने पर लोग घर से बाहर निकल कर वृक्ष का सहारा लेने को मजबूर हो जाते हैं।विभाग समस्या के निदान को लेकर खामोश हीं रहना पसंद करता है,क्योंकि समस्या के निदान के निदान की इच्छशक्ति नहीं होती।प्रतिदिन किसी ना किसी कारण का रोना रोकर घंटों बिजली की कटौती से इलेक्ट्रॉनिक सामग्री शोभा की वस्तु बन कर रह जाती है।जो कितने हीं परिवारों के लिए रोजी रोटी का साधन होता है। गर्मी शुरू होते हीं बिजली की आंखमिचौली का खेल भी शुरू हो जाता है।ऐसा नहीं कि विभाग सचेत नहीं है।समय समय पर मेंटेनेंस के नाम पर सरकारी राशि और मानव बल भी खर्च किया जाता है।लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं होता।उपभोक्ता यह समझ नहीं पा रहे है कि आखिर यह कैसा मेंटेनेंस है कि स्थिति जस की तस बनी रहती है।क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली समस्या से कब तक निजात मिल पाएगा? यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है। क्योंकि जनप्रतिनिधि एवं विभागीय पदाधिकारी के पास इसका सटीक जवाब नहीं होता। ऐसे में उपभोक्ता आंदोलन का बाध्य हो जाते हैं। उपभोक्ता ने जनप्रतिनिधियों सहित तमाम आला पदाधिकारियों से क्षेत्र की विद्युत समस्या से पूर्णकालिक निजात दिलाने के लिए समुचित कारवाई करने की मांग की है।

### कुमार जितेंद्र सिंह बने कटिहार रेल के नए डीसीएम



**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेल मंडल के लोकप्रिय एवं अनुभवी रेल अधिकारी कुमार जितेंद्र सिंह को पदोन्नति देते हुए मंडल वाणिज्य प्रबंधक नियुक्त किया गया है। उनकी पदोन्नति से रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। अपने सरल व्यवहार, कुशल कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता के लिए पहचान रखने वाले कुमार जितेंद्र सिंह ने सहायक वाणिज्य प्रबंधक के रूप में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार तथा वाणिज्यिक गतिविधियों को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उनके अनुभव, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता का लाभ अब डीसीएम के रूप में पूरे कटिहार रेल मंडल को मिलेगा। उनकी पदोन्नति उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान माना जा रहा है।कटिहार रेल परिवार ने भी उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में कटिहार रेल मंडल नई ऊंचाइयों को छुएगा। उनके डीसीएम बनने पर आलोक कामती, मो. उमर फारूख, युनियन के मोहनलाल गुप्ता, नितेश सिंह, जेएन झा, गणेश ठाकुर, राजीव सिंह, सुनील कुमार मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शारीरिक शिक्षक को सौंपा नियुक्ति पत्र

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के मध्य विद्यालय एकौना में शारीरिक शिक्षक राकेश रंजन करेंगे पदभार ग्रहण जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने नियुक्ति पत्र राकेश कुमार रंजन को सौंपा। मध्य विद्यालय एकौना के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार को भी एक प्रतिलिपि सोपी गई । मध्य विद्यालय एकौना को शारीरिक शिक्षक मिल जाने से विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को समुचित लाभ मिलेंगे। मध्य विद्यालय एकौना में वर्ग एक से लेकर आठ तक में कुल 550 छात्र छात्राएं नामांकित हैं। इस अवसर पर प्रखंड संसाधन केंद्र मनसाही के लेखापाल अरुण कुमार उपस्थित रहे।



### ऑटो व बाइक की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

**हिलसा/नालंदा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हिलसा थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के समीप शुक्रवार को ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बंसी बीघा गांव निवासी रामबालक ठाकुर की 50 वर्षीय पत्नी अनीता देवी, अलीपुर गांव निवासी ललित नारायण प्रसाद के 40 वर्षीय पत्नी पूनम कुमारी, अरविंद पंडित के 30 वर्षीय पुत्र नंदलाल पंडित तथा मुकेश प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार समेत अन्य लोग शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी लोग ऑटो पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान अलीपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक और ऑटो के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे उसमें सवार यात्री घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल एवं निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### हिलसा नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव आज

**हिलसा/नालंदा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश के आलोक में हिलसा नगर परिषद में तीन सदस्यीय सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर शनिवार 30 मई को चुनाव कराया जाएगा। चुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।मतदान की प्रक्रिया नगर परिषद सभागार में सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जो मतदान, मतगणना और शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगी।अवर निर्वाचन पदाधिकारी रितु राज ने बताया कि शनिवार को नालंदा जिला के अधिकांश नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति सदस्य का निर्वाचन होना है। हिलसा नगर परिषद में चुनाव संपन्न कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ अमर कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी हिलसा तथा प्रखंड श्रम परिवर्तन पदाधिकारी नगरनौसा को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड तथा जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका नियमानुसार तुरंत निष्पादन किया जाए। जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन ने आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# तीन सांसदों को रेलवे समस्याओं से कराया गया अवगत, अब पहल का इंतजार : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में रेलवे सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर सामाजिक संगठनों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ह्लसलैया संघर्ष मोर्चाह्व द्वारा रेलवे स्टेशन पर लगातार बैठकें की जा रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने कहा कि तीनों वहीं 2019 में शिलान्यास हुई सलैया-पारसनाथ रेल परियोजना भी अब तक ठप पड़ी है सलैया संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद को आवेदन देकर इंटरसिटी एवं एक्सप्रेस ट्रेनों



सांसदों को ज्ञापन सौंपा गया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अब तक कोई ठोस पहल क्यों नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि ज्ञापन और बयान से लोगों में जागरूकता जरूर आती है, लेकिन धरातल पर परिणाम कब दिखेगा यह देखना होगा। सिन्हा ने कहा कि सलैया स्टेशन पर यात्री केवल एक्सप्रेस ट्रेनों को गुजरते देखते हैं, जबकि यहां ठहराव तक नहीं है। के ठहराव, नई ट्रेन सेवा और रेल कनेक्टिविटी बेहतर करने की मांग की। राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि वे पहले भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं और आगे भी प्रयास जारी रहेगा। वहीं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# पॉक्सो एक्ट मामले में युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 88/26, दिनांक 20 मई के तहत धारा 126(2), 127(2), 74, 352, 351(2), 3(2) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपी संदीप कुमार, पिता शंकर गुप्ता, ग्राम सिकरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में दर्ज होने वाले मामलों में पुलिस



लगातार त्वरित कार्रवाई कर रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। ट्यूशन जाते समय छात्रा से जबरदस्ती का आरोप पीड़िता के पिता ने आवेदन में बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करती थी और प्रतिदिन साइकिल से ट्यूशन जाती थी। आरोप है कि ट्यूशन जाने के दौरान सत कोलंबस कॉलेज के समीप आरोपी ने मोटरसाइकिल रोककर पिस्तौल के बल पर छात्रा को जबरन अपने साथ ले गया। आवेदन के अनुसार आरोपी छात्रा को इंटर साइंस कॉलेज के पीछे ले जाकर छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की गई, जिससे छात्रा बेहोश हो गई। होश में आने के बाद छात्रा ने अपने पिता को फोन किया, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और उसे वापस कमरे पर ले गए। परिजनों का आरोप है कि बाद में आरोपी दो अन्य लोगों के साथ कमरे पर पहुंचा और गाली-गलौज व मारपीट की। इसके बाद परिवार बड़कागांव स्थित अपने घर लौट आया, लेकिन वहां भी आरोपी द्वारा धमकी देने का आरोप लगाया गया।

### ताराटांड क्षेत्र के गांवों में जनसंवाद समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ताराटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलची पंचायत के जबरदाहा गांव एवं पंडरी पंचायत के पंडरी गांव में ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान को लेकर संबंधित प्लेटफार्म से कार्य कर रहे सहयोगियों द्वारा आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी स्थानीय समस्याओं, जनसुविधाओं एवं अन्य आवश्यक मुद्दों की जानकारी ली गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा तथा संबंधित विभागों तक बात पहुंचाई जाएगी।

# टिनफेडवा में युवक की संदिग्ध मौत, हत्या या आत्महत्या के बिंदु पर जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पंचड़ा पंचायत के सिजुवा गांव स्थित टिनफेडवा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सिजुवा निवासी कैलाश भुइयां के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक का शव घर से करीब 500 मीटर दूर टिनफेडवा जंगल के समीप फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना केरेडारी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व 10 अक्टूबर 2021 को भी गांव के सीटन भुईया की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई थी, जिसका खुलासा आज तक नहीं हो सका।

# रेड क्रॉस हास्य योग केंद्र (भारत) गिरिडीह में नयी शाखा की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रेड क्रॉस भवन गिरिडीह में शुक्रवार को हास्य योग केंद्र की नई शाखा की घोषणा के साथ हास्य योग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। रांची से पहुंचे झारखंड हास्य योग के प्रमुख संचालक सह प्रशिक्षक अजीत कुमार की मौजूदगी में हास्य योग केंद्र (भारत) द्वारा गिरिडीह की पहली शाखा की घोषणा की गई। बताया गया कि इस केंद्र की संबद्धता जल्द ही हास्य योग केंद्र (भारत), नई दिल्ली से ली जाएगी कार्यक्रम में सर्वसम्मति से ऊर्जावान एवं कर्मठ हास्य योगी अरविंद कुमार को गिरिडीह केंद्र का प्रमुख संचालक बनाया गया।

इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र एवं अर्चना बरनवाल द्वारा प्रस्तुत भजन ह्लओ मालिक तेरे बंदे हमह्व से हुई। इसके



बाद अजीत कुमार ने नमस्ते हास्य, तांत्रिक हास्य, तीरकमान हास्य, लस्सी हास्य, शिशुपाल हास्य, ट्रैक्टर हास्य, शिकायत हास्य, प्रशंसा हास्य, मालिश हास्य, बेली हास्य एवं अश्व संचालन जैसी विभिन्न हास्य योग क्रियाएं कराईं। हास्य योग की इन गतिविधियों का उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद उठाया मौके पर अजीत कुमार ने कहा कि हास्य योग को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि लोग तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हास्य योग गुरु जितेन कोही का संदेश ह्लहँसता भारत, स्वस्थ भारतह्व केवल सामाजिक उत्थान ही नहीं, बल्कि लोगों की दवाइयों पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।उन्होंने लोगों से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को सुबह 6:15 बजे आयोजित ऑनलाइन निःशुल्क हास्य योग से जुड़ने की अपील की। साथ ही रोजाना एक घंटा हास्य योग करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे व्यक्ति 23 घंटे तनावमुक्त और निरोग रह सकता है गिरिडीह हास्य योग प्रभारी अरविंद कुमार ने कहा कि योग और हास्य का अद्भुत संगम ही हास्य योग है, जो तन और मन दोनों को स्वस्थ बनाकर तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाता है कार्यक्रम में योग गुरु अरिंदम घोषाल, प्रभात खेतान, बीरेंद्र बरनवाल, किरण बरनवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय कुमार, दीपक चिरानिया, प्रदीप बरनवाल, सोनम सेठ, पिंकी खेतान, ज्योति तरवे, पिंकी साहा, मीरा साहू, गुड्डी भारती, अंजू अग्रवाल, पूनम अग्रवाल एवं श्रुति भदानी समेत कई लोग उपस्थित थे। अंत में पतंजलि योग गुरु अरिंदम घोषाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पेयजल संकट सरकार की विफलता, समस्या दूर करे सरकार : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने सदर प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीण क्षेत्रों में गहराए पेयजल संकट का जायजा लिया। उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग से अविलंब जलापूर्ति व्यवस्था बहाल करने की मांग की। साथ ही संगठन की ओर से उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने की घोषणा भी की क्षेत्र भ्रमण के दौरान ढाब, करिहारी सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों ने जलापूर्ति ठप रहने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।इस दौरान यादव ने कहा कि पेयजल को लेकर मचा त्राहिमाम सरकार और जनप्रतिनिधियों की विफलता को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं में कमीशनखोरी के कारण व्यापक अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि विभागीय अधिकारी और सरकार इस पर अंकुश लगाने में विफल हैं, तो इससे स्पष्ट होता है कि पूरे मामले में मिलीभगत है।उन्होंने कहा कि जनता को हर हाल में पानी चाहिए और इस मूलभूत समस्या के समाधान के लिए सरकार को गंभीरता से कदम उठाना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल हों।मौके पर पार्टी नेता संजय चौधरी, संतोष राय, जितेंद्र कुमार राय, राजेश कुमार दास, अमर कुमार राय, राजेन्द्र प्रसाद तुरी, राजेन्द्र मरांडी, प्रमोद कुमार यादव, संतोष कुमार मोहली, सुनील कुमार टुडू, अजीत कुमार दास, अजय मरांडी एवं शंकर कोल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मधुबन पेयजलापूर्ति योजना 30 मई से होगी शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी के बीच मधुबन क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से बाधित मधुबन पेयजलापूर्ति योजना को पुनः सुचारू रूप से शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है मंत्री सुदीव्य कुमार की पहल और लगातार मॉनिटरिंग के बाद विभागीय अधिकारियों एवं तकनीकी टीम ने युद्धस्तर पर कार्य पूरा कर लिया है। अब यह योजना 30 मई से पुनः चालू कर दी जाएगी।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला ने बताया कि योजना के रखरखाव में एजेंसी द्वारा आवश्यक तकनीकी मानकों का पालन सही तरीके से नहीं किए जाने के कारण जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। इसके चलते मधुबन क्षेत्र के हजारों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री सुदीव्य कुमार ने अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर 24 अप्रैल से ही मरम्मत एवं तकनीकी सुधार का कार्य शुरू कर दिया गया था। विभागीय अधिकारियों ने खराब मशीनों, पाइपलाइन तथा तकनीकी उपकरणों की जांच कर आवश्यक सुधार किए कार्यपालक अभियंता ने बताया कि योजना से संबंधित सभी तकनीकी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए गए हैं और अब जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह संचालन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता आम जनता को निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। भविष्य में भी योजना के बेहतर रखरखाव और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।इधर, भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यभर में आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

# रोटरी आई हॉस्पिटल में हास्ययोग की सांयकालीन कार्यशाला आयोजित

## आर्ट ऑफ लिविंग ने प्रदीप डालमिया को अनसंग हीरो अवार्ड से किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी आई हॉस्पिटल, गिरिडीह में हास्य योग केंद्र (भारत) के तत्वावधान में सांयकालीन हास्ययोग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन झारखंड हास्य योग के प्रमुख संचालक एवं प्रशिक्षक अजीत कुमार ने किया। इस दौरान वर्तमान समय में हास्य योग की बढ़ती महत्ता और उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई कार्यक्रम में बताया गया कि आज के तनावपूर्ण जीवन में हास्य योग की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है।

योग और हास्य का अद्भुत संगम ह्लहास्ययोगह्व व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं प्राणिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न बनाता है




कार्यक्रम के आयोजक देवराज आनंद ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। वहीं अर्चना बरनवाल द्वारा प्रस्तुत ह्लअच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरमह्व भजन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया, जिस पर उपस्थित लोग झूम उठे इसके बाद प्रशिक्षक अजीत कुमार ने नमस्ते हास्य, तीरकमान हास्य, लस्सी हास्य, ट्रैक्टर हास्य, शिकायत हास्य, प्रशंसा हास्य, मालिश हास्य एवं बेली हास्य जैसी विभिन्न हास्ययोग क्रियाएं विधिपूर्वक कराईं और उनके लाभों की जानकारी दी। योग और हास्य के इस अनूठे संगम का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया तथा तनावरहित महसूस किया।ज्ञात हो कि अजीत कुमार गिरिडीह के निवासी हैं और झारखंड ग्रामीण बैंक में क्षेत्रीय प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद निःशुल्क हास्ययोग एवं बेहतर जीवनशैली के माध्यम से स्वस्थ, सशक्त और सुखी समाज के निर्माण में निरंतर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हास्य योग गुरु जितेन कोही का संदेश ह्लहँसता संसार, स्वस्थ संसारह्व साझा करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए ह्लडॉक्टर डाइट, डॉक्टर शांति और डॉक्टर स्माइलह्व का पालन लाभकारी है कार्यक्रम के अंत में अजीत कुमार, जो आर्ट ऑफ लिविंग के रांची जिला सदस्य भी हैं, ने समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदीप डालमिया को आर्ट ऑफ लिविंग के ह्लअनसंग हीरो अवार्डह्व से सम्मानित किया। प्रदीप डालमिया वर्षों से रोटरी एवं गुरुदेव रवि शंकर के आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़कर निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा कर रहे हैं।कार्यक्रम में डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. राम रतन, जितेन्द्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, कृष्णा प्रसाद, अजय शिवानी, सुधा देवी, मनजीत सिंह, जसवीर कौर, नीलू बरनवाल एवं रवीन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में देवेन्द्र सिंह एवं बीरेन्द्र बरनवाल ने संयुक्त रूप से सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अंगीभूत कॉलेजों के विश्वविद्यालय स्थानांतरण पर बढ़ा विवाद, अन्नपूर्णा देवी ने फैसले पर उठाए सवाल

## उच्च शिक्षा के लिए छात्रों में बढ़ेगी परेशानी: केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जिले के अंगीभूत कॉलेजों को हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय से हटाकर गिरिडीह की सर जेसी बोस विश्वविद्यालय से संबद्ध करने के राज्य सरकार के फैसले पर विवाद गहराता जा रहा है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस निर्णय को छात्र हित के खिलाफ बताते हुए सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोडरमा जिले के अंगीभूत कॉलेज लंबे समय से विनोबा भावे विश्वविद्यालय से संबद्ध रहे हैं। ऐसे में अचानक विश्वविद्यालय परिवर्तन का फैसला छात्रों और अभिभावकों के लिए परेशानी खड़ी करेगा। उन्होंने कहा कि गिरिडीह से संबद्ध होने पर दूरी बढ़ेगी, जिससे छात्रों को नामांकन, परीक्षा, प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर राजनीतिक हित साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने एक मंत्री और विधायक को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस फैसले के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करेगी और छात्र हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इधर, केंद्रीय मंत्री ने तिसरी-सतगामा एवं गामा रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्रालय द्वारा क्षेत्र के लाखों लोगों को बड़ी सौगात दी गई है। इस रेल परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी तथा लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## रांची में ओरल कैंसर जागरूकता अभियान, 80% मामलों में तंबाकू जिम्मेदार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्यभर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 से 31 मई तक तंबाकू निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रांची प्रेस क्लब में रांची प्रेस क्लब (आरपीसी) और रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (टाटा ट्रस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में ओरल कैंसर जागरूकता संवाद तथा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने ओरल, सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की जांच कराई।

80% ओरल कैंसर की वजह तंबाकू

रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के ओरल कैंसर सर्जन एवं कंसल्टेंट सर्जन ऑन्कोलॉजी (हेड एंड नेक) डॉ. सचेंदर पाल सिंह ने कहा कि भारत में ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा मामलों की जिम्मेदार तंबाकू है। उन्होंने बताया कि करीब 80 प्रतिशत मुख कैंसर तंबाकू के सेवन से होते हैं। डॉ. सचेंदर पाल सिंह ने जोर देकर कहा, "तंबाकू की कोई भी मात्रा और कोई भी रूप सुरक्षित नहीं है। खैनी, गुटखा, जर्दा या कोई भी चबाने वाला तंबाकू उत्पाद मुख कैंसर को निमंत्रण देता है।"

## झारखड के कई जिलों में रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर/गढ़वा/जामताड़ा।** झारखंड में पिछले कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद शुक्रवार को कई जिलों का मौसम बदला। बारिश की फुहार से लोगों को इस गर्मी से राहत मिली है। देवघर में शुक्रवार सुबह से ही रुक-रुककर रिमझिम बारिश होती रही, जिससे मौसम सुहाना हो गया। पिछले चार-पांच दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद काफी राहत महसूस हुई। दिन के समय भी ठंडक का अहसास बना रहा।

सोमवार से गुरुवार तक तेज गर्मी के कारण आम जनजीवन प्रभावित रहा। हालांकि गुरुवार को बकरीद के अवसर पर सरकारी कार्यालय बंद रहने के कारण सड़कों पर भीड़ कम दिखी। लेकिन शुक्रवार सुबह से ही शहर की सड़कों पर लोगों की आवाजाही सामान्य रही।

सुबह करीब 8 बजे तक तेज धूप देखकर लोगों को अंदाजा नहीं था कि मौसम अचानक बदल जाएगा लेकिन कुछ ही देर बाद आसमान में बादल छा गए और हल्की बारिश शुरू हो गई। पूरे दिन सूरज नहीं निकलने के कारण वातावरण में हल्का अंधेरा बना रहा। स्थिति ऐसी रही कि कई सरकारी और निजी कार्यालयों में दिन के समय ही बल्ब और एलईडी लाइट जलानी पड़ी।

## पेपर लीक, क्लस्टर सिस्टम और सीबीएसई ऑन-स्क्रीन मार्किंग के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में शुक्रवार को आइसा समेत कई छात्र संगठनों ने नीट पेपर लीक, झारखंड में प्रस्तावित कॉलेज क्लस्टर सिस्टम और सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग व्यवस्था के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का असर शहर के कई हिस्सों में देखने को मिला, जहां वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यह आंदोलन केवल रांची तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे झारखंड में छात्र संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए।



प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। छात्रों ने आरोप लगाया कि नीट यूजी समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों और अनियमितताओं ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

आंदोलन का दूसरा बड़ा मुद्दा झारखंड का कॉलेज क्लस्टर सिस्टम रहा। छात्र संगठनों ने इस व्यवस्था को छात्र विरोधी बताते हुए कहा कि इससे छोटे कॉलेजों की पहचान और स्वायत्तता प्रभावित होगी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्लस्टर सिस्टम लागू होने के बाद ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही स्थानीय भाषाओं की पढ़ाई, शोध कार्य और क्षेत्रीय शैक्षणिक ढांचे पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है।

छात्रों ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और कई छात्रों को अंकन में गड़बड़ियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए ताकि छात्रों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।

## सात वर्षों से फरार लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हिसुआ थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुए लूटकांड मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को नवादा पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पिछले सात वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। 23 अक्टूबर 2019 को हिसुआ थाना में एक इंडिका वाहन चालक द्वारा आवेदन देकर बताया गया था कि तीन अज्ञात अपराधियों ने उसके साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। चालक ने बताया कि गया से हिसुआ आने के दौरान हिसुआ पेट्रोल पंप के समीप अपराधियों ने ओवरटेक कर वाहन को रोका और मारपीट करते हुए मोबाइल तथा वाहन लूट लिया था। इस मामले में हिसुआ थाना कांड संख्या 445/19 दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम लगातार फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। तकनीकी जांच एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इसी क्रम में 28 मई 2026 को शाहपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव से एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लाल बादशाह उर्फ दिलीप कुमार, पिता भूषण सिंह उर्फ शशिभूषण, निवासी रेवड़ा थाना शाहपुर जिला नवादा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




## नगर परिषद, वारिसलीगंज हेतु सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के प्रावधानों के अनुसार सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर कराया जा रहा है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार 29 मई 2026 को प्रखंड सभागार, वारिसलीगंज में नगर परिषद, वारिसलीगंज हेतु सशक्त स्थायी समिति के तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण कार्यवाही विधि-सम्मत एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।



**निर्वाचन परिणाम निम्नवत् है**

सदस्य संख्या-01
1. स्वेतांक कुमार — प्राप्त मत : 07
2. रीता देवी — प्राप्त मत : 18 (निर्वाचित)

सदस्य संख्या-02
1. गिना देवी — प्राप्त मत : 06
2. राजा मांझी — प्राप्त मत : 19 (निर्वाचित)

सदस्य संख्या-03
विभा कुमारी (निर्विरोध निर्वाचित)

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

## बस से सफर कर रहा युवक शराब के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली। रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र पर उत्पाद बलों द्वारा बिहार मद्यनिषेध को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। फिर भी शराब के शौकीन लोग शराब के साथ बिहार प्रवेश करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उत्पाद बलों ने शुक्रवार के अहले सुबह एक बस पर छुपाकर ले जा रहे शराब और बियर के साथ मुजफ्फरपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के द्वारा प्रतिदिन चौबीसों घंटे तीन शिफ्टों में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह उत्पाद एएसआई पंकज कुमार साव ने झारखंड की ओर से आ रही एक यात्री बस की जांच की। जांच के क्रम में बस में सवार रहे एक युवक के बैग से 750 एमएल वाला एक बोतल ब्लेंडर्स प्राइड एवं 500 एमएल वाला किंगफिशर केन बियर बरामद किया है। जब्त शराब एवं बियर को लेकर बस में सवार यात्री को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के नावानगर निजामत मोहल्ला निवासी चंद्रिका साहू के पुत्र दिनेश कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि वह स्वयं उपभोग के लिए झारखंड से बैग में छिपाकर शराब ले जा रहा था।

## बारिश से सिरदला बस स्टैंड बना तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली में शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश के कारण मुख्यालय स्थित बाईपास के समीप बना अस्थाई सिरदला-फतेहपुर-गयाजी बस स्टैंड पूरी तरह जलमग्न हो गया है। बस स्टैंड तालाब में तब्दील होने से बाइक सवारों से लेकर अन्य वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क किनारे की दुकानों पर सन्नाटा पसरा है और दुकानदार मंदी की मार झेल रहे हैं। जलजमाव का मुख्य कारण एनएच-20 की नालियों का सही तरीके से निर्माण नहीं होना बताया जा रहा है। सिरदला बस स्टैंड के पास करीब 100 मीटर हिस्से में एनएच-20 के सर्विस लेन को कनेक्ट करने में बरती गई लापरवाही का नतीजा है कि हर बारिश में यहां पानी जमा हो जाता है।

## एक नजर

### बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ ने की विद्यालय अध्यापकों का सेवा-पुस्त खोलने की मांग

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा विद्यालय अध्यापक के अंतर्गत टीआरई-01, टीआरई-02 & टीआरई-03 के माध्यम से प्राथमिक/ मध्य/ माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति हुई है। नियुक्ति के उपरांत सभी विद्यालय अध्यापकों का अवकाश, वेतन वृद्धि, अनुशासनिक कार्रवाई एवं अन्य सूचना का संधारण, ई-शिक्षाकोष/ एचआरएमएस के साथ-साथ मैन्युली (हस्तचालित रूप से) उनके सेवा-पुस्तिका में अंकित किया जाना होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अध्यापक के अंतर्गत नियुक्त टीआरई-01, टीआरई-02 & टीआरई-03 के माध्यम विद्यालय अध्यापकों का सेवा-पुस्त खोलने हेतु आदेश निर्गत किया जाय और कैंप लगाकर सेवा-पुस्त का संधारण किया जाय। मांग के वक्त जिला सचिव आलोक कुमार, जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद मिनहाज अंसारी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त सचिव वीरेंद्र वीर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### वज्रपात से एक ही परिवार के तीन लोग जख्मी

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के ओड़ो गांव में शुक्रवार की सुबह में वज्रपात गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए इस घटना में मंटू यादव (22 वर्ष) और उनकी पत्नी डॉली देवी (20 वर्ष) के अलावा उनकी मां कौशल्या देवी ( 65 वर्ष) जख्मी हालत में है बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह दोनों अपने घर के छत पर कमरे में बैठे हुए थे। तभी आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से पति-पत्नी और उनकी मां तीनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्वजन और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज लाया गया। जहां अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया है। फिलहाल तीनों का इलाज नवादा के निजी अस्पताल में चल रहा है। अभी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही दूसरी ओर बिक्कू गांव में आकाशीय बिजली गिरने से गृहस्वामी के घर में इलेक्टानिक उपकरणों को क्षति पहुंची है, और महावीर ध्वजा ध्वस्त हो गया है।

### मौत की खबर मिलने पर संवेदना व्यक्त करने का सिलसिला जारी

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के ओड़ो पंचायत के पैक्स सह पूर्व मुखिया रीना देवी व उनके पति पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह का पौत्र अमन कुमार का राजगीर मेला में सुनामी झूला से गिरने से मौत हो गई थी। मृतक अमन कुमार पूर्व पंचायत समिति सह बिक्कू निवासी विपिन कुमार सिंह उर्फ सोनू कुमार पुत्र था। इस हादसे में अमन कुमार की मौत की खबर मिलने पर संवेदना व्यक्त करने वाले का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को सांगा न्याय सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया कन्हैया कुमार बादल ने बिक्कू गांव पहुंच कर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह,धनञ्जय कुमार, गोरेलाल सिंह ,बीरेन्द्र कुमार ,कन्हैया कुमार समेत अन्य लोग रहे। उसके बाद सांगा न्याय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया ने नारदीगंज बाजार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा नारदीगंज चौक पर सार्वजनिक शौचालय, यात्रिशेड और यूरिनल की व्यवस्था नहीं है। यह काफी दुःखद और चिंतनीय विषय है। इस स्थल पर मूलभूत सुविधाओं का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों भी इसके लिए दोषी हैं।

कहा कि अगर इस स्थान पर अविलम्ब व्यवस्था नहीं होती है,तो गांव गांव जाकर जन आंदोलन चलाया जाएगा। यह जनहित का मुद्दा है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई. निविदा सूचना सं.: GEM/2026/B/ 7570660

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं. :** 1. **कार्य का नाम:** रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E/MPP/2021/1/16 दिनांक 28.12.2022 एवं RBE संख्या 170/2022 के Annexure-B में उल्लिखित विभिन्न गैर–महत्वपूर्ण (Non-Critical) गतिविधियों के लिए। गतिविधियों के लिए सिग्नलिंग स्टाफ की आउटसोर्सिंग, 03 वर्ष के लिए। **क्र. सं. :** 2. **कार्य का आकलित मूल्य:** ₹ 8,19,80,837.78 (लगभग) **क्र. सं. :** 3. **कार्य की अग्रधन राशि:** ₹ 5,60,000.00 **क्र. सं. :** 4. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 15.06.2026 (14:00 बजे)। **क्र. सं. :** 5. ऐसी ई. निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई. निविदा के ई. निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई. निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0311/डीएचएन/एसएण्डटी./टी/26–27/40

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–39 से 43–26–27 (खुली), दिनांक 25.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–39–26–27, **कार्य का नाम**: निम्नलिखित के लिए खुली निविदा: (i) पानागढ़, रानीगंज और अंडाल में सड़क की सतह में सुधार (ii) दुर्गापुर स्टेशन पर स्टेशन अप्रोच रोड का सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण, पार्किंग क्षेत्र में सुधार और अन्य सहायक कार्य (iii) वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत दुर्गापुर में दुर्गापुर रेलवे कॉलोनी में परिसर की दीवार की फेंसिंग और अन्य सहायक कार्यों का प्रावधान और (iv) आसनसोल मंडल में पीआई/ईआई स्टेशनों/केबिनों के रिले कमरों में एसी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 2,54,45,829.16, **बयाना राशि :** रु. 5,08,900/–, **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–40–26–27, **कार्य का नाम**: निम्नलिखित के लिए खुली निविदा: (i) डीजल शेड अंडाल में जल निकासी सहित बुनियादी सुविधाओं का सुधार, (ii) रानीगंज पोस्ट ऑफिस कॉलोनी और साउथ कॉलोनी में पुराने जीर्ण–शीर्ण ओएच टैंक की मरम्मत और मजबूती एवं अन्य सहायक कार्य, (iii) वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत जलापूर्ति के लिए बॉक्स–एन–अंडाल में पुराने जीर्ण–शीर्ण ओएच टैंक की मरम्मत और मजबूती एवं बॉक्स–एन और डीजल शेड–अंडाल में अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,46,98,413.32, **बयाना राशि :** रु. 4,94,000/–, **क्रम सं. 3, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–41–26–27, **कार्य का नाम**: आसनसोल मंडल के कार्यक्षेत्र में ठेकेदार के निजी पीक्यूआरएस मशीन सेट द्वारा टीएसआर (पी) 15.868 टीकेएम के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,89,72,264.61, **बयाना राशि :** रु. 5,79,400/–, **क्रम सं. 4, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–42–26–27, **कार्य का नाम**: वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में टीडब्ल्यूएसईजे, सीटीआर(एस), टीआरआर(पी) कार्यों के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,76,26,226.07, **बयाना राशि :** रु. 11,52,500/–, **क्रम सं. 5, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–43–26–27, **कार्य का नाम**: वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में एईएन/1/आसनसोल के खंड में आरयूबी नं. 525 एवं 529/बी की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 17,19,482.17, **बयाना राशि :** रु. 34,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह (क्रम सं. 1, 2 एवं 5 प्रत्येक हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** 19.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-116/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. एएसएन/एडीवीटी/06/06** **दिनांक : 25.05.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है:

**कैटलॉग संख्या : एएसएन–एडीवीटी–06–06**

**नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 06.06.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एडीवीटी–एएसएन–एएसएन–ओएच–187–26–1** (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), आसनसोल रेलवे स्टेशन के अंतर्गत, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया और स्टेशन के आस–पास के क्षेत्र में मौजूदा खंभे पर, निर्धारित आकार और उपयुक्त स्थानों पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर 03 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन। प्रत्येक विज्ञापन बोर्ड का आकार 2.5 फुट x 4 फीट = 10 वर्ग फुट है। कुल क्षेत्रफल 740 वर्ग फुट है। **एए/2, एडीवीटी–एएसएन–सीएएम–ओएच–184–26–1** (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), एमडीजेडटीआई/भूली, धनबाद में संलग्न स्केच प्लान के अनुसार गेट नं. 1 से 4 तक वाणिज्यिक विज्ञापन, कुल क्षेत्रफल: 4649.40 वर्गफुट (लंबाई–664.2 फुट और ऊँचाई–7 फुट)। **एबी/1, एडीवीटी–एएसएन–पीएडब्ल्यू–ओएसएन–128–24–1** (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), पाण्डबेश्वर स्टेशन के अंदर प्लेटफॉर्म और शेड के नीचे वाणिज्यिक विज्ञापन (कुल क्षेत्रफल=480 वर्गफुट)। **एबी/1, एडीवीटी–एएसएन–एएसएनजे–ओएसएन–145–26–1** (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), i) मौजूदा पार्सल कार्यालय के पास हावड़ा छोर पर फुट ओवर ब्रिज पर उपलब्ध कुल 800 वर्ग फुट का क्षेत्रफल। ii) मीडिया का प्रकार: ग्लो साइन/बैक लिट होर्डिंग्स/एलईडी फ्लैंज iii) मास्टर प्लान सफल बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किया जाना है और इसे स्थान पर उपलब्ध स्थान की व्यवहार्यता के अनुसार रेलवे अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। iv) रेलवे की आवश्यकता के अनुसार स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है क्योंकि स्टेशन के पुनर्विकास की योजना है। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-113/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: 94_2026–27, 103_2026–27 और 104_2026–27, दिनांक: 27.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा, क्रम सं. 1, ई–निविदा सं.: 94_2026–27, कार्य का विवरण** : (i) "हावड़ा मंडल–निम्नलिखित खंड में एच–बीम स्लीपर द्वारा चैनल स्लीपर का नवीनीकरण– 752 अदद, सांईथिया–नलहाटी खंड (ब्रिज नं. 172–अप–110.608 – 110.791 किमी–520 अदद) ; बैण्डेल – कटवा – (ब्रिज नं.–83 अप–54.714 – 54.835 किमी – 232 अदद)" (ii) "हावड़ा मंडल – टीबीएसआर (एच–बीम) – 1450 अदद सेवड़ाफुली–गोघाट खंड में– (ब्रिज नं. 6–डाउन–.931–.953 किमी –36 अदद और अप–.931–.953 किमी–36 अदद, ब्रिज नं. 26–अप–32.322 32.356 किमी –56 अदद) बैण्डेल–शक्तिगढ़ –(ब्रिज नं. 94 डाउन –44.658–44.733 किमी–145 अदद, ब्रिज नं. 100–डाउन 46.719 –46.794 किमी–145 अदद, ब्रिज नं. 94 –रिव –44.658–44.733 किमी–145 अदद, ब्रिज नं.100 –रिव 46.719–46.794 किमी–145 अदद), बैण्डेल–कटवा (ब्रिज नं.–12 –अप – 7.073– 7.133 किमी–96 अदद, ब्रिज नं. 20–अप 11.821–11.922 किमी–165 अदद, ब्रिज नं. 51ए–अप–32.203–32.249 किमी–77 अदद, ब्रिज नं. 51–डाउन–32.203 32.249 किमी–63 अदद)। कटवा–आजिमगंज (ब्रिज नं.–180ए–अप–114.369–114.411 किमी–82 अदद, ब्रिज नं. 217–डाउन 130.666–130.837 किमी–159अदद) कटवा –आजिमगंज–ब्रिज नं. 230–डाउन–139.005–139.056 किमी–100 अदद।" **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,58,81,475.24, **बयाना राशि :** रु. 13,17,600/–, **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं.: 103_2026–27, कार्य का विवरण** : (i) बेगमपुर–बेगमपुर (बीपीएई) स्टेशन पर एफओबी सीढ़ियों का प्रावधान। (ii) एईएन/लिलुआ के अंतर्गत हिंद मोटर (एचएमजेड) स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मों पर लिफ्ट के साथ 6 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,77,52,624.84, **बयाना राशि :** रु. 13,55,100/–, **क्रम सं. 3, ई–निविदा सं.: 104_2026–27, कार्य का विवरण** : (i) एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में प्रांतिक स्टेशन पर एक एफओबी का विस्तार। (ii) एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में कोपाई स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iii) एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में मल्लारपुर स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iv) नलहाटी–वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अंतर्गत नलहाटी स्टेशन पर पश्चिमी ओर मौजूदा एफओबी के विस्तार के लिए प्रस्ताव। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,32,92,068.67, **बयाना राशि :** रु. 16,65,900/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि** : 12 माह (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 19.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-111/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं. एएसएन–एमएसएस–08–06, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 08.06.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–डीजीएचआर–एमएसीएचआर–31–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान में दर्शित निर्दिष्ट स्थान पर देवघर स्टेशन प्लेटफॉर्म नं. 01 पर रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–एएसएनजे–एमएसीएचआर–44–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–रिलैक्सेशन चेयर), आसनसोल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 02 पर रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एए/3, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एमएसीएचआर–116–25–1** (एमआईएससी स्टैटिक–सर्विसेस–रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान के अनुसार उत्तरी भाग के बुकिंग कार्यालय के पास रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एबी/1, एमएसएस–एएसएन–डीयूएमके–एमईडीएसटीएन–158–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), दुमका स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं परिचालन। **एसी/1, एमएसएस–एएसएन–डीयूएमके–एसएस–115–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–सलोन सेवाएँ), दुमका स्टेशन पर सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। **एसी/2, एमएसएस–एएसएन–एएसएन–एसएस–34–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–सलोन सेवाएँ), रफ स्केच प्लान में चिह्नित स्थान पर आसनसोल स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। **एसी/3, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एसएस–32–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–सलोन सेवाएँ), रफ स्केच प्लान में चिह्नित स्थान पर दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। **एडी/1, एमएसएस–एएसएन–सीएएम–एसटीजीईएन–148–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), संलग्न स्केच प्लान में निर्दिष्ट स्थान पर 120 वर्ग फीट क्षेत्रफल (6 फीट X 20 फीट) के साथ एमडीजेडटीआई/भूली धनबाद में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एडी/2, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एसटीजीईएन–150–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), इस कैटलॉग के साथ संलग्न रफ स्केच प्लान के अनुसार प्रत्येक 36 वर्ग फीट के तहत जसीडीह, बैद्यनाथधाम और देवघर स्टेशनों पर ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एडी/3, एमएसएस–एएसएन–आरएनजी–एसटीजीईएन–149–26–2** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), स्केच प्लान के अनुसार रानीगंज स्टेशन (क्षेत्रफल 150 वर्गफीट) में रिटेल स्टोर की स्थापना एवं परिचालन। **एडी/4, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एसटीजीईएन–137–26–2** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एडी/5, एमएसएस–एएसएन–एएसएन–एसटीजीईएन–138–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), ईआरईसीएस बैंक के पास आसनसोल में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-115/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# वज्रपात से दो बच्चियों की मौत

## सुबह बकरी चराने निकली थी दोनों

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** परसा बाजार थाना क्षेत्र के सकरैचा गांव में शुक्रवार सुबह बकरी चराने गई दो मासूम बच्चियों की ठनका गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्चियों की पहचान शिमरन कुमारी (12 वर्ष), पिता गोपाली पासवान तथा स्वीटी कुमारी (10 वर्ष), पिता रिपु पासवान के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बच्चियां सुबह गांव के समीप बकरी चराने गई थीं। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आने से दोनों बच्चियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मासूम बच्चियों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुदेव रविदास ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद हृदयविदारक घटना है। उन्होंने कहा कि दो मासूम बच्चियों की असमय मौत से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। उन्होंने जिला प्रशासन से मृतक परिवारों को आपदा राहत योजना के तहत उचित मुआवजा देने तथा पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। गुरुदेव रविदास ने लोगों से खराब मौसम और आकाशीय बिजली के दौरान खुले मैदान, खेत और पेड़ों के नीचे जाने से बचने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के समय सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।

दूसरी तरफ परसा बाजार थाना प्रभारी मेनका रानी ने बताया कि दोनों बच्चियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी सीओ को भी दे दी गई है। सरकार की आपदा राहत योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि के लिए भी अनुरोध किया गया है।

# तीन फिर डूबे, एक की गयी जान

### घाट पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम थी मौजूद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की काशी कहे जाने वाले बाढ़ स्थित उमानाथ गंगा घाट पर आज लगभग साढ़े नौ बजे श्राद्ध कर्म में आई तीन लड़कियां स्नान के दौरान डूबने लगीं, जिसमें से मौके पर मौजूद लोगों ने दो को किसी तरह बचा लिया, वहीं एक 18 वर्षीय युवती डूब गई।

बता दें कि गुरुवार को नाव पलटने से सात लोग डूब गए थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई है, जबकि दो अभी भी लापता हैं। उनकी खोजबीन के लिए उमानाथ गंगा घाट पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम, अंचलाधिकारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद हैं। इसके बावजूद प्रशासन के सामने यह हादसा हो गया। थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि 18 वर्षीय काजल कुमारी नामक युवती गंगा नदी में डूब गई है, जो रहुई थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है।



काजल की मां ने बताया कि युवती के दादा की मौत हो गई थी, जिसके श्राद्ध कर्म के बाद शुद्धिकरण के लिए पूरा परिवार उमानाथ गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचा था। स्नान के दौरान तीन युवतियां डूबने लगीं, जिसमें से दो को बचा लिया गया, लेकिन काजल गंगा में समा गई।

## ट्रक की धक्के से युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के एनएच-28 स्थित गोबरसही चौक पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।

घटना में जान गंवाने वाले युवक की पहचान सकरा थाना क्षेत्र के ढोली गांव निवासी 27 वर्षीय ऋषिकेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां परिवार में कोहराम मच गया और चीख-पुकार शुरू हो गई। परिजनों के मुताबिक ऋषिकेश कुमार एक निजी कंपनी में काम करता था और रोज की तरह शुक्रवार को भी ड्यूटी के लिए घर से निकला था। बताया जा रहा है कि कंपनी की मीटिंग के लिए वह जा रहा था, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# खड़ी बस में बदमाशों ने फिर लगायी आग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के कटरिया गांव में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। अज्ञात शरारती तत्वों ने दरवाजे पर खड़ी एक यात्री बस को आग के हवाले कर दिया। आग इतनी भीषण थी कि बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। बस मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और चर्चा का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, यह बस किशुनीपुर मड़निया गांव निवासी सुरेंद्र सिंह यादव की है। यह बस पिछले कई वर्षों से प्रतिदिन कटरिया से बक्सर के बीच चलती है। गुरुवार शाम को भी चालक ने रोज की तरह बस को कटरिया गांव में एक दरवाजे पर सुरक्षित खड़ा किया था। देर रात सन्नाटे के बीच अज्ञात लोगों ने बस में आग लगा दी। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक आग लगने की जानकारी मिली और लोग मौके पर पहुंचे, तब तक लपटें बेकाबू हो चुकी थीं। देखते ही देखते पूरी बस राख के ढेर में बदल गई। सूचना मिलते ही राजपुर थानाध्यक्ष निवास कुमार और एसआई सुभाष कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना ने इलाके में गहरी रंजिश की आशंका को जन्म दे दिया है। बीते 13 मई को बन्नी पंचायत के भरखरा गांव में भी एक खड़ी बस में इसी तरह आग लगा दी गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि उस मामले में इसी बस के मालिक सुरेंद्र सिंह यादव को नामजद आरोपी बनाया गया था। अब ठीक दो हफ्ते बाद उनकी खुद की बस को जला दिया गया। स्थानीय लोग इसे बदले की कार्रवाई और सुनियोजित साजिश मान रहे हैं।

# प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव

### छह जून को विशेष बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पर पंचायत समिति सदस्य के कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ ने पंचायत समिति सदस्यों को पत्र भेजकर 6 जून को बुलाई गई विशेष बैठक को पत्र भेजकर जानकारी दिया है।पंचायत समिति सदस्यों को भेजे गए पत्र में कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने कहा कि प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभा कक्ष के में 6 जून को समय ग्यारह बजे पूर्वाह्न से पंचायत समिति की विशेष बैठक बुलाई गई है।उन्होंने पत्र में प्रखंड प्रमुख पर लगाएं गए आरोपों की जानकारी देते हुए कहा कि पांच पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव पर विशेष बैठक बुलाने को लेकर आवेदन दिया था।आवेदन में सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर पदावधि के दो वर्षों की अवधि में सामान्य बैठक में सदस्यों को समय को महत्व नहीं देने,सामान्य बैठक में अपने योजनों को चयन करने के बाद बैठक को मनमाने ढंग से समाप्त करने,सामान्य बैठक में विभागीय ऑफिसरों से प्रश्न पुछने का समय नहीं देने, गया।प्रखण्ड पंचायत समिति की सामान्य बैठक समय पर आयोजित नही कर अपने पदीय दायित्वों का सही से निर्वहन नहीं करने,अपने विभिन्न कार्यकलापों से आम जनता में पंचायत समिति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाना,प्रखण्ड तथा पंचायत समिति कार्यालय को रिश्वतखोरी का अड्डा बना देना एवं रिश्वत तथा रिश्वत लेने वाले कर्मचारी व पदाधिकारी को संरक्षण देना,अपने स्वयं की हितसिद्धि के लिए पंचायत समिति सदस्यों के बीच आपस में मतभेद पैदा कर दूसरे को आपस में लड़ाना शामिल हैं।

# शराब की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला

### दो वाहन क्षतिग्रस्त, चालक सहित दो जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बख्तियारपुर।** थाना अंतर्गत करनौती पंचायत के रानीसराय गांव स्थित पासवान टोला में शराब बिक्री की सूचना पर एक होटल में छापेमारी करने पहुंची मद्यनिषेध की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला और पथराव कर दिया। इस घटना में दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक ड्राइवर और एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज बख्तियारपुर स्थित सीएचसी में कराया गया।

मौके पर बाढ़ एसडीपीओ-2 आशीष श्रीवास्तव और बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष देवानंद शर्मा पहुंचे तथा मद्यनिषेध टीम के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों की पहचान में जुट गए हैं।

मद्यनिषेध इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार देर शाम सूचना मिलने पर टीम दलबल के साथ रानीसराय स्थित एक होटल में छापेमारी करने पहुंची थी। सूचना मिली थी कि होटल में शराब की बिक्री की जाती है और लोग वहां शराब का सेवन करते हैं। इसी सूचना पर मद्यनिषेध की टीम वहां पहुंची और होटल की जांच की।

इसी दौरान कुछ लोग भड़क गए और मौके पर मौजूद पदाधिकारी से बहस करने लगे। पदाधिकारी ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद लोग आगबबूला हो गए और टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए पथराव कर दिया। पथराव में ड्राइवर कन्हैया कुमार और सिपाही उदित राज घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई और घायलों को सीएचसी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। इस संबंध में बख्तियारपुर थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है।

वहीं दूसरी ओर होटल संचालक के परिवार ने मद्यनिषेध टीम पर मनमानी तरीके से दुकान में घुसने और मारपीट कर दुकान तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही कई लोग डर के कारण वहां से भागने लगे। रूना देवी ने बताया कि मद्यनिषेध की टीम अचानक घर में घुसी और उनके साथ मारपीट करने लगी।

महिलाओं का कहना है कि मद्यनिषेध टीम के साथ किसने मारपीट और अभद्रता की, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उनका कहना है कि वे उस समय घर के अंदर थीं और टीम अचानक घर में घुसकर डंडे से मारपीट करने लगी। होटल में किस बात को लेकर विवाद हुआ, इसकी भी उन्हें जानकारी नहीं थी।

# इबोला वायरस को ले विभाग चौकस

## अस्पतालों में बेड रिजर्व • एयरपोर्ट पर बढ़ेगी तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दुनिया के कुछ देशों में इबोला वायरस के मामलों को देखते हुए बिहार स्वास्थ्य विभाग पहले से ही तैयारी में जुट गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बिहार शाखा ने लोगों से अपील की है कि वे इससे घबराएं नहीं। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की गाइडलाइन के बाद राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर जिले में संदिग्ध मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड और ट्रीटमेंट सेंटर बनाए जाएंगे।

इबोला वायरस कोरोना की तरह हवा के जरिए नहीं फैलता और न ही अत्यधिक संक्रामक है। फिलहाल यह कांगो और युगांडा तक ही सीमित है। राहत की बात यह है कि बिहार में अब तक इबोला का कोई भी संदिग्ध मरीज नहीं मिला है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कई ठोस कदम उठाए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पीएमसीएच में 4 बेड और दानापुर अनुमंडल अस्पताल में 6 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। साथ ही अस्पतालों में पीपीई किट, मास्क, ग्लव्स और सैनिटाइजेशन की व्यवस्था जांची जा रही है।

इबोला वायरस को लेकर दरभंगा में भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इस संबंध में सिविल सर्जन अरुण कुमार ने बताया कि दरभंगा एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों की मॉनिटरिंग के लिए डॉक्टरों की तैनाती शुरू कर दी गई है। रैपिड रिस्पॉन्स तीन का गठन किया जा रहा है। पीएचसी में प्रभारी डॉक्टरों को अलर्ट मैसेज जारी करके आइसोलेशन सेंटर सहित जरूरत पड़ने वाले प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में डीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ यू सी झा ने बताया कि इबोला वायरस से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए फिलहाल 10 बेड की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या बढ़ने पर बेड की संख्या भी बढाई जाएगी। वहीं डीएमसीएच के अधीक्षक डॉ जगदीश चंद्रा ने बताया कि इबोला वायरस से संबंधित संभावित मरीज के इलाज की व्यवस्था शुरू कर दी गई। इसके लिए अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार यादव को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

विदेश से आने वाले यात्रियों की निगरानी के लिए हवाई अड्डे पर विशेष टीमें तैनात की जाएगी। संदिग्ध लक्षण दिखने पर यात्रियों की जांच भी होगी। इस संबंध में पटना एयरपोर्ट जॉइंट ट्रैफिक मैनेजमेंट उमा शंकर ने बताया कि फिलहाल इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं एक अन्य पदाधिकारी ने बंटाया कि जब कोई इंटरनेशनल फ्लाइट आएगी या यहां से जाएगी तब उन यात्रियों की स्केनिंग की व्यवस्था की जा सकती है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि अगर किसी व्यक्ति में नीचे दिए गए लक्षण दिखते हैं, तो तुरंत इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के आईडीएसपी को दें। स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार अगर किसी को अचानक तेज बुखार और कमजोरी महसूस हो, मांसपेशियों और सिर में तेज दर्द हो, गले में संक्रमण यानी खराश जैसा महसूस हो, उल्टी और पेट दर्द हो या फिर आँखों में लालीपन दिखाई पड़े तो आप सावधान हो जाईए। इन सारे लक्षणों से यह आशंका बढ़ सकती है कि आप इबोला बीमारी से संक्रमित हो चुके हैं।

# बारिश के बाद गिरा तापमान, लोगों जमकर ने उठाया लुत्फ

### कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भीषण गर्मी और उमस से परेशान झारखंडवासियों को शुक्रवार सुबह बड़ी राहत मिली। सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। तेज और ठंडी हवाओं के साथ हुई रिमझिम बारिश ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों का मौसम पूरी तरह सुहाना बना दिया। आसमान में छाए बादलों और हल्की फुहारों ने लोगों को शिमला-मनाली जैसी ठंडक का एहसास कराया। लंबे समय से पड़ रही चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से बेहाल लोग इस खुशनुमा मौसम का जमकर आनंद लेते नजर आए।

सुबह करीब आठ बजे के बाद कई इलाकों में हल्की बारिश शुरू हुई, जिसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सड़कों, पार्कों और बाजारों में लोगों के चेहरे पर राहत साफ दिखाई दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मौसम के इस बदले मिजाज का आनंद लिया। कई लोग घरों की छतों और बालकनियों में खड़े होकर बारिश का आनंद लेते दिखे, जबकि कुछ लोग गर्म चाय और पकौड़ों के साथ मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए। इधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 29 और 30 मई को झारखंड के अधिकांश हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ गरज-चमक, बारिश और वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, धनबाद, देवघर, दुमका और सिंहभूम समेत कई जिलों में मौसम का असर देखने को मिल सकता है।



## आज भी आंधी वारिश की संभावना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज तेजी से बदला है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ इलाकों में बहुत भारी बारिश और जबरदस्त आंधी-तूफान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए राज्य में अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, भोजपुर, सारण, गोपालगंज, गया, सिवान, जहानाबाद, औरंगाबाद, रोहतास, नवादा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी है।

इस दौरान 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलेगी। वहीं, कल 30 मई को पटना में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार के छिटपुट स्थानों पर बहुत भारी वर्षा (11 से 20 सेमी) रिकॉर्ड की गई है । राज्य के सिसवन इलाके में सबसे अधिक 14 सेमी बारिश दर्ज की गई।

# पानी के नाम पर करोड़ों का खेल

## आरटीआई ने खोले राज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा ।** दरभंगा जिले में सिंचाई सुविधा कम खर्च पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने विभिन्न चरणों में 405 राजकीय नलकूप लगाने का काम किया था। इसमें 114 राजकीय नलकूप चालू अवस्था में है। जबकि 291 नलकूप यांत्रिकी गड़बड़ी, विद्युत दोष, उचित रखरखाव के अभाव, संबंधित कर्मियों की कमी व अन्य त्रुटियों के चलते बंद है।

इसे चालू कराने के लिए लघु जल संसाधन विभाग ने 22 करोड़ 54 लाख 20 हजार 038 रुपये का प्राक्कलन तैयार कराया था। इस आलोक में लघु सिंचाई प्रमंडल, दरभंगा के कार्यपालक अभियंता ने नलकूपों को चालू करवाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया के खाता में दो चरणों में सात करोड़, 96 लाख, 67 हजार, 682 रुपये स्थानांतरित किया। लेकिन, यह राशि मुखिया, पंचायत सचिव, संवेदक आदि के मिलीभगत से कागज पर ही कार्य कर लिया गया। अगर इस राशि की धरातल पर गुणवत्ता के साथ उपयोग किया जाता तो कम से कम 20 हजार हेक्टेयर जमीन में किसान सुलभ ढंग सिंचाई करते।

लेकिन, नलकूप बदहाल रहने से किसानों को प्रति कट्ठा सिंचाई करने के लिए 125-150 रुपये चर्च करना पड़ रहा है। मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी को सूचना के अधिकार के तहत लघु सिंचाई प्रमंडल दरभंगा ने इस आंकड़े की जानकारी दी है, जो जमीनी स्तर और भौतिक सत्यापन में काफी अंतर है।

इसे लेकर बिठौली के कृषक दिवाकर राय का कहना है कि राजकीय नलकूपों को चालू कराने के लिए सरकार को अविलंब ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है।

पघारी के बद्रीनारायण चौधरी का मानना है कि राजकीय नलकूपों से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक प्रयास यही होगा कि ग्राम पंचायतों की जगह विभाग अपने स्तर से इसे चालू कराने का काम करें।

कार्यपालक अभियंता सुबोध कुमार ने जिले में 405 में 273 राजकीय नलकूपों को चालू हालत में बताया है। जबकि, 101 नलकूप को बंद और 31 को परित्यक्त घोषित किया है।

बंद 101 में 66 के लिए ग्राम पंचायत के खाते में राशि हस्तांतरित है, जिनका जीर्णोद्धार कार्य ग्राम पंचायत के माध्यम से कराया जा रहा है। शेष 35 का प्राक्कलन विभाग को भेजा गया है।

विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन मिलने पर शीघ्र चालू करा दिया जाएगा। जिन नलकूपों पर ग्राम पंचायत को राजकीय नलकूप के जीर्णोद्धार कार्य के लिए राशि हस्तांतरित है, उसमें से कई नलकूपों का ग्राम पंचायत कार्य कराकर उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं दिया है। उपयोगिता प्रमाणपत्र मिलते ही अगली किस्त की राशि दी जाएगी। आवंटन पर बंद नलकूपों को शीघ्र चालू करा दिया जाएगा।

## गर्भवती की मौत

**शिवाजी नगर।** प्रखंड अंतर्गत बंधार पंचायत वार्ड संख्या-2 में सात माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गोविंद पासवान की पत्नी काजल कुमारी के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है परिजनों के अनुसार काजल कुमारी करीब सात माह की गर्भवती थीं। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से शरीर में खून की कमी एनीमियाकी समस्या से जूझ रही थीं, जिसके कारण उनकी तबीयत लगातार खराब बनी हुई थी।

परिवार वालों का कहना है कि अचानक उनकी हालत गंभीर हो गई, जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई महिला की मौत की सूचना मिलते ही इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं।

# बिहारशरीफ-जहानाबाद रेल लाइन का रास्ता साफ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद और नालंदा जिले के लोगों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। खबर रेल लाइन से जुड़ी है। राजद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव की पहल पर रेल मंत्रालय ने बिहारशरीफ से जहानाबाद तक प्रस्तावित रेलमार्ग निर्माण के लिए सर्वेक्षण कार्य को स्वीकृति दे दी है।

सांसद ने हाल ही में रेलमंत्री से मुलाकात कर बिहारशरीफ-जहानाबाद वाया एकंगरसराय रेलखंड निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग उठाई थी।

उन्होंने रेलमंत्री को बताया था कि लोकसभा क्षेत्र के लोगों को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता समेत अन्य बड़े शहरों तक पहुंचने के लिए पटना या गया जैसे बड़े स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

इससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है और क्षेत्र के विकास पर भी असर पड़ता है। रेल मंत्रालय ने सांसद की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक इंजीनियरिंग-सह-यातायात सर्वेक्षण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

माना जा रहा है कि रेललाइन बनने से जहानाबाद, नालंदा और आसपास के इलाकों में व्यापार, रोजगार और आवागमन को नई गति मिलेगी। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों ने सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया है।

धर्मपाल सिंह यादव, शशिरंजन, अनिल पासवान, बैकुंठ यादव, मोहन यादव, विश्राम यादव, पप्पू मलिक, अनिल वर्मा और अनिल सिंह समेत कई लोगों ने कहा कि यह रेल परियोजना क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इधर युवक क्रांति के अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने भी बिहारशरीफ-जहानाबाद रेल सर्वे को स्वागतयोग्य कदम बताया है।

उन्होंने रेलमंत्री से मांग की है कि इस प्रस्तावित रेलखंड को जहानाबाद से शकुराबाद, रतनी फरीदपुर, कुर्था और अरवल होते हुए भोजपुर जिले के सहार तक विस्तारित किया जाए।

# भोजन में मिली छिपकिली, भड़के लोग

### रसोइया ने किया घटना को छिपाने का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर ।** प्रखंड के मराजीव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन (एमडीएम) में मरी हुई छिपकली मिलने से अफरातफरी मच गई। समय रहते बच्चों की नजर भोजन पर पड़ गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अभिभावकों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार को बच्चों को अंडा परोसा जा रहा था। इसी दौरान अंडों से भरी बाल्टी में मरी हुई छिपकली दिखाई दी। छिपकली देखते ही बच्चों ने भोजन करने से इनकार कर दिया और शोर मचाना शुरू कर दिया।

रसोइया द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किए जाने के बावजूद कुछ ही देर में इसकी जानकारी ग्रामीणों तक पहुंच गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग विद्यालय पहुंच गए। लोगों ने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं होती और साफ-सफाई को लेकर गंभीर लापरवाही बरती जाती है। आक्रोशित लोगों ने दोषी रसोइया को तत्काल हटाने तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।

इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने बाल्टी में अंडों के बीच पड़ी मरी छिपकली का वीडियो बना लिया, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लोग भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं।

हालांकि राहत की बात यह रही कि बच्चों ने भोजन नहीं किया था, जिससे किसी बच्चे के बीमार होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई।



विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा एमडीएम की निगरानी बढ़ाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

इस संबंध में पूछे जाने पर बीईओ मनोज कुमार झा ने घटना की जानकारी नहीं होने की बात कही। इस घटना ने विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अभिभावकों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

# छात्रा को घर से उठाकर ले गये बदमाश, दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** हिलसा नगर परिषद क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के दूसरी बार कथित अपहरण की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

बुधवार को बदमाश दिनदहाड़े छात्रा को घर से जबरन उठाकर ले गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित परिवार ने हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

स्वजन के अनुसार इससे पहले भी 4 दिसंबर 2025 को छात्रा को ट्यूशन पढ़ने जाने के दौरान सूर्य मंदिर तालाब के पास से अगवा कर लिया गया था। उस मामले में हिलसा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। बाद में सोशल मीडिया पर छात्रा की मांग में सिंदूर भरी तस्वीरें भी वायरल की गई थीं। छात्रा के पिता का आरोप है कि पहली घटना के बाद यदि पुलिस ने समय पर सख्त कार्रवाई की होती तो दूसरी बार यह घटना नहीं होती।

उन्होंने आरोप लगाया कि मामले के अनुसंधानकर्ता और आरोपित के बीच मिलीभगत के कारण कार्रवाई लंबित रही। बुधवार को हुई दूसरी घटना के बाद परिवार में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित पिता ने कहा कि 14 वर्ष की नाबालिग बेटी को दिनदहाड़े घर से उठा लिया गया और पुलिस अब तक उसे बरामद नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि न्याय नहीं मिलने पर वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर हो सकते हैं।

इधर, मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाएं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। हिलसा थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा अनुसंधानकर्ता को वरीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# दरभंगा में स्थापित होगी मखाना प्रोसेसिंग इकाई

## 27.44 करोड़ के निवेश से 300 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के पारंपरिक मखाना उद्योग को आधुनिक औद्योगिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र डोनार, दरभंगा में अत्याधुनिक मखाना प्रोसेसिंग एवं निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। 27.44 करोड़ की लागत से विकसित होने वाली यह परियोजना राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति प्रदान करेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस संबंध में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आइडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड्स आवंटित करने के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को आइए डोनार, दरभंगा में अत्याधुनिक मखाना प्रोसेसिंग एवं निर्माण इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। यह परियोजना 2.20 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जिसके माध्यम से राज्य में आधुनिक मखाना प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्तावित इकाई से लगभग 300 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है जिससे स्थानीय युवाओं एवं ग्रामीण समुदायों को आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। यह परियोजना राज्य के मखाना उद्योग को आधुनिक तकनीक, बेहतर उत्पादन क्षमता एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता करेगी। साथ ही यह परियोजना किसानों, उद्यमियों एवं स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को भी सुदृढ़ करेगी। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा बिहार सरकार राज्य के पारंपरिक एवं कृषि आधारित उद्योगों को आधुनिक औद्योगिक ढांचे से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। 'मिथिला मखाना' को वर्ष 2022 में जीआइ टैग प्राप्त होना बिहार के लिए गर्व की बात है, जिससे राज्य के मखाना उत्पादकों को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मखाना आधारित प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि किसानों को बेहतर बाजार और उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आइडा कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं एवं नीतिगत सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।


## 8 साल में 5413 युवाओं को मिला हुनर, अब रोजगार की राह हो रही आसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत वर्ष 2018 से अब तक 5 हजार 413 युवाओं ने विभिन्न आधुनिक ट्रेड्स में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। योजना का उद्देश्य ओबीसी और ईबीसी के युवा-युवतियों को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर एप्लीकेशन, ब्यूटी कल्चर, फैशन डिजाइनिंग, मशीनरी ऑपरेशन, वेल्डिंग, ड्राइविंग समेत कई उद्योग-उन्मुखी ट्रेड्स शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप का भी पूरा अवसर दिया जा रहा है जिससे वे प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सीधे रोजगार प्राप्त कर सकें। सरकार की इस पहल को युवाओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। योजना न केवल बेरोजगारी घटाने में मदद कर रही है, बल्कि समाज के पिछड़े तबके को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विभाग के अनुसार योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भविष्य में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाने और नए ट्रेड्स शामिल किया जायेगा।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया विधानसभा की विभिन्न समितियों का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति तथा कृषि उद्योग विकास समिति का गठन कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63, कटिहार) को आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति तथा मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158, नाथनगर) को कृषि उद्योग विकास समिति का सभापति बनाया है। इसके साथ ही मंगल पांडे (क्षेत्र संख्या-105, सिवान) को प्राक्कलन समिति तथा कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120, अमनौर) को आचार समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी नव मनोनीत सभापतियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में समितियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन समिति उन प्राक्कलनों की जांच करती है जिन्हें सदन द्वारा उसे सौंपा जाता है या जो उसे उपयुक्त प्रतीत होते हैं। यह समिति प्रशासन में कार्यदक्षता और मितव्ययिता को बढ़ावा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आचार समिति सदस्यों के आचरण से जुड़े मामलों की जांच करती है और यह सुनिश्चित करती है कि सदस्यों का व्यवहार नैतिकता और सदाचार के अनुरूप हो। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति राज्य के राजस्व प्राप्ति लक्ष्य की समीक्षा करती है तथा राजस्व बढ़ाने को लेकर सरकार को अनुशंसा देती है। यह समिति केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्र और राज्य के अंशदान की उपलब्धता की भी समीक्षा करती है।उन्होंने बताया कि कृषि उद्योग विकास समिति कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए अध्ययन कर सरकार को सुझाव देती है। सरकार को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने में इन समितियों की अहम भूमिका होती है।

### भूमि विवादों पर सरकार का बड़ा एक्शन, लंबित दाखिल-खारिज मामलों के लिए 15 दिन की डेडलाइन

## जिलाधिकारी अभियान चलाकर 15 दिनों के भीतर कराएं निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में लंबित दाखिल-खारिज आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभागीय सचिव जय सिंह ने सभी समाहर्त्ताओं को पत्र जारी कर राज्यभर में डिफेक्ट चेक स्तर पर लंबित लगभग 3.10 लाख दाखिल-खारिज आवेदनों का अधिकतम 15 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि राजस्व कर्मचारियों एवं अंचल अधिकारियों के सामूहिक अवकाश के कारण बड़ी संख्या में आवेदन स्क्रूटनी स्तर पर लंबित हो गए हैं। राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट-3 अंतर्गत ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इन मामलों का अविलंब निष्पादन आवश्यक है। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आम लोगों को छोटी-मोटी तकनीकी त्रुटियों के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना सरकार की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राजस्व कर्मचारियों को आवेदनों की स्क्रूटनी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करनी होगी तथा मामूली या तकनीकी कारणों से आवेदनों को अनावश्यक रूप से वापस नहीं किया जाएगा। सभी लंबित आवेदनों का डिफेक्ट चेक अधिकतम 15 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही विभाग ने एक नया प्रावधान लागू किया है जिसके तहत यदि कोई राजस्व कर्मचारी किसी आवेदन को त्रुटिपूर्ण करार देता है तो संबंधित अंचल अधिकारी द्वारा उस त्रुटि की अनिवार्य जांच की जाएगी। यदि त्रुटि अनुचित पाई जाती है तो आवेदन सीधे आवेदक को वापस नहीं किया जाएगा, बल्कि संबंधित कर्मचारी को फिर से भेजा जाएगा ताकि आवेदन स्वीकार कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा इसकी दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। विभाग ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है।

## बापू के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाएगी कांग्रेस : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में दूसरे चरण के तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण शिविर 29, 30 एवं 31 मई तक चलेगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बीजेपी बापू की विचारधारा को खत्म करने का प्रयास कर रही है और देश में आरएसएस की विचारधारा को लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेसजन मिलकर बापू की विचारधारा को कभी मरने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बापू की विचारधारा से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। बापू के विचारों एवं सिद्धांतों को हम सभी को आत्मसात करना है। राजेश राम ने कहा कि सर्वोदय संकल्प शिविर को जिलों में भी आयोजित किया जाएगा तथा इसे गांव-गांव तक ले जाकर स्वदेशी चीजों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर सर्वोदय संकल्प शिविर के चेयरपर्सन एवं पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी नेता प्रेमचंद सिंह ने किया।

## वैशाली के शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा को मिला 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवा रत्न सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संचालक एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवा रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान जीवरण फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. आनंद रंजन झा को यह सम्मान युवाओं को डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुख कौशल विकास से जोड़ने के लिए किए जा रहे उनके निरंतर प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने हजारों छात्र-छात्राओं को तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व, प्रेरणा एवं जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, डिजिटल जागरूकता एवं कौशल विकास से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. आनंद रंजन झा को बधाई देते हुए इसे वैशाली जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## भाजपा प्रदेश इकाई का पुनर्गठन, प्रमोद चंद्रवंशी बने ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई का पुनर्गठन कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नई प्रदेश टीम में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कमेटी में 14 प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें बछौल के पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर, औरंगाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, राकेश कुमार, संतोष पाठक, मनोज कुमार सिंह, अनामिका पासवान, शोभा सिंह, पवन जायसवाल, पूर्व विधायक प्रणव कुमार यादव, संतोष रंजन राय, नंद प्रसाद चौहान, अनिल ठाकुर, शीला कुशवाहा और बलराम मंडल शामिल हैं। प्रदेश संगठन में पांच प्रदेश महामंत्रियों की भी नियुक्ति की गई है। इनमें सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक और राजेश झा को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश मंत्री पद पर सुषमा साहू, जन्मेजय कुमार सिंह, रागिनी रानी, कुमार राघवेंद्र, प्रभाकर मिश्रा सहित 14 नेताओं को स्थान दिया गया है। नई कमेटी में औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राजेश सिंह और अंकुर गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अक्षय कुमार को प्रदेश मुख्यालय प्रभारी तथा विनय केसरी को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में नई प्रदेश टीम का गठन किया गया है। संगठन में अनुभवी नेताओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल कर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई है। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई कि नई टीम संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। साथ ही आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने में नई कमेटी अहम जिम्मेदारी निभाएगी।

## प्रशिक्षित विद्यार्थी बिहार विद्यापीठ के 'एम्बेसडर' बनकर समाज में जाएंगे : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष (2025-27) के शिक्षार्थियों द्वारा डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष (2024-26) के शिक्षार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण फेयरवेल समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, आत्मीयता एवं सांस्कृतिक सौहार्द का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। समारोह का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारी विजय प्रकाश ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह विदाई केवल विद्यार्थियों के महाविद्यालय से प्रस्थान का अवसर नहीं, बल्कि समाज में एक शिक्षित, संस्कारित एवं जागरूक नागरिक के रूप में उनकी नई यात्रा का प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि आउटगोइंग विद्यार्थी बिहार विद्यापीठ के 'एम्बेसडर' के रूप में समाज में जाएंगे तथा उनसे अपेक्षा है कि वे एक उत्कृष्ट एवं मानवीय शिक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विद्यार्थी अब महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिवार का हिस्सा बनेंगे तथा प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस समारोह में सहभागिता कर संस्थान से अपने संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर निदेशिका शिक्षा डॉ. मृदुला प्रकाश ने अपने संबोधन में फेयरवेल एवं फ्रेशर पार्टी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि फेयरवेल पार्टी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा होती है जिसका उद्देश्य वरिष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई देना, उनके योगदान को स्मरण करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना होता है। उन्होंने कहा कि यह समारोह गुरु-शिष्य परंपरा एवं संस्थागत संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि फ्रेशर पार्टी नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत का उत्सव है जिसका उद्देश्य उन्हें संस्थान के वातावरण, परंपराओं, शैक्षणिक संस्कृति एवं सहपाठियों से परिचित कराना होता है।

## धनराज शर्मा के प्रदेश महामंत्री बनने पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संगठन के समर्पित कार्यकर्ता धनराज शर्मा को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि धनराज शर्मा एक कुशल संगठनकर्ता, कर्मठ कार्यकर्ता एवं अनुभवी नेतृत्वकर्ता हैं। उन्होंने लंबे समय तक संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उनके संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पण का लाभ भाजपा को प्रदेश स्तर पर अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी समय में भी धनराज शर्मा की रणनीतिक क्षमता, कार्यकर्ताओं के साथ उनका सतत संवाद तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की कार्यशैली हमेशा पार्टी के लिए लाभकारी रही है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक योग्य, अनुभवी एवं जमीनी नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि धनराज शर्मा अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। प्रदेश महामंत्री के रूप में धनराज शर्मा का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करेगा।

## गया नगर निगम सशक्त स्थायी समिति में पुराने चेहरों का दबदबा, दो नए सदस्यों की एंट्री

### अगले छह महीनों के अंदर शहर में व्यापक दिखाई देंगे विकास कार्य : मोहन श्रीवास्तव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नगर निगम सशक्त स्थायी समिति के सात सदस्यों के चयन को लेकर हुए चुनाव में पांच पुराने और दो नए सदस्यों ने जीत दर्ज की है। इस रोमांचक और प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव समेत पांच पुराने सदस्यों ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ साबित की। वहीं दो नए चेहरों ने भी समिति में जगह बनाकर सबका ध्यान खींचा। चुनाव में विजयी उम्मीदवारों में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, विनोद प्रसाद यादव, चुन्नू खान, तबस्सुम परवीन और मनोज कुमार शामिल हैं जिन्होंने दोबारा जीत हासिल की। वहीं सारिका वर्मा और उपेंद्र कुमार पहली बार समिति के सदस्य चुने गए। वहीं समिति के पुराने सदस्य वार्ड संख्या 1 की स्वर्णलता वर्मा इस बार चुनाव हार गईं। नगर निगम की इस अहम समिति की सात सीटों के लिए कुल 14 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक हलचल तेज थी। पार्षदों के बीच संख्या बल और गुटीय समीकरण को लेकर लगातार जोड़तोड़ चल रही थी। चुनाव को सत्ता पक्ष की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था जिसके कारण मुकाबला बेहद दिलचस्प बना रहा। मतगणना पूरी होने और परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विजयी सदस्य जैसे ही बाहर निकले, समर्थकों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने सभी विजयी सदस्यों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में निर्वाचित सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि अगले छह महीनों के अंदर शहर में व्यापक विकास कार्य दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में प्रदूषण नियंत्रण के लिए आधुनिक प्रदूषण मुक्त टावर लगाए जाएंगे।

## एक नजर

## ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रमोद चंद्रवंशी ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा बिहार का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रमोद चंद्रवंशी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त की है। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि उन्हें पार्टी ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है जिसके लिए वे संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में एक साधारण कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया सहित केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास और अपेक्षा के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को बिहार के हर गांव, पंचायत और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि वे पूरे बिहार में पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज को संगठित कर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद की अपेक्षा भी जताई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रमोद चंद्रवंशी को नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

## नवगठित प्रदेश टीम विकसित भारत के संकल्प को करेगी साकार : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में हुए संगठन विस्तार का स्वागत करते हुए नव नियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बिहार में लगातार मजबूत हो रही है। इसी क्रम में प्रदेश टीम की घोषणा की गई है जो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। नवगठित प्रदेश टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का विशेष महत्व है। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई प्रदेश टीम संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा जनता के बीच पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## महादलित टोला में नाली नहीं बनने से लोगों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड के हरिदासपुर टोला महुआडीह स्थित महादलित टोला में आज तक नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की गलियों में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश होते ही पूरा इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है। कीचड़ और जलजमाव के बीच लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। घरों के आसपास पानी जमा रहने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार बाइक और साइकिल चालक भी फिसलकर गिर चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कराने की मांग की है ताकि जलजमाव और कीचड़ की समस्या से राहत मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास योजनाओं की बात तो की जाती है, लेकिन महादलित टोला आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। लोगों ने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। आमस प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज राय ने कहा कि जल्द ही नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

## मैरेज हॉल का सील किया गया ताला टूटा मिला, की जाएगी कार्रवाई : सीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सेक्स रैकेट के आरोप में सील हुआ प्रकाश उत्सव मैरेज हॉल का सरकारी सील टूटा हुआ पाया गया। संचालक के भाई सत्य प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की दोपहर स्वजनों ने सूचना दी कि मैरेज हॉल का सील किया गया ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलते ही हॉल के समीप पहुंचा व गेट का ताला टूटा हुआ पाया। मामले की जानकारी तत्काल स्थानीय अनुमण्डल पदाधिकारी व सीओ को दूरभाष के माध्यम से दी गई। सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी देने के बावजूद भी कोई भी अधिकारी व कर्मी देर शाम तक देखने नहीं आया न ही पुनः सील की कार्रवाई की गई। जानकारी हो कि विगत कुछ दिनों पूर्व टिकारी एसडीएम व एसडीपीओ की संयुक्त कार्रवाई में हॉल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था जिसके बाद प्रशासन द्वारा मैरेज हॉल को सील कर दिया गया था।

## आंती बाजार में सीमेंट लदा हाइवा नाली में फंसा, घंटों बाधित रहा आवागमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** ददरेजी-रफीगंज मुख्य पथ पर स्थित आंती बाजार के पोस्ट ऑफिस के समीप गुरुवार की रात करीब 11 बजे सीमेंट लदा एक हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में फंस गया। हादसे में हाइवा के बाएं तरफ के दो-तीन चक्के नाली में उतर गए, जिससे मुख्य मार्ग पर घंटों आवागमन बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा रफीगंज की ओर से आ रही थी और ददरेजी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान आंती बाजार के समीप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक नाली में जा फंसा। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति ऐसी हो गई कि बाइक सवारों को भी रास्ता पार करने में काफी परेशानी हुई।

CMYK

# संपादकीय

## त्विषा शर्मा मामला- एफआईआर में देरी, सबूतों पर सवाल और न्याय की प्रक्रिया पर उठे गंभीर प्रश्न

त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। गुरुवार को आखिरकर सीबीआई ने त्विषा की सास को गिरफ्तार कर लिया था। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी आपराधिक घटना की निष्पक्ष और गहन जांच-पड़ताल के बाद ही कोई निष्कर्ष सामने आता है तथा उसी आधार पर कानूनी प्रक्रिया न्याय के निष्कर्ष तक पहुंचती है। इस बीच अगर आरोप और कार्रवाई के दौरान न्याय की मांग बाधित होती दिखती है, तो उसके लिए जिम्मेदार कारकों पर बहस होती है। मध्य प्रदेश के भोपाल में त्विषा शर्मा की मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई को लेकर जैसी स्थितियां देखी गईं, उसमें कई सवाल उठे। त्विषा के परिवार ने उनकी मौत को दहेज के लिए की गई हत्या बताया और आरोप लगाया कि घटना से संबंधित सबूतों को मिटाने की कोशिश की गई। इसके अलावा, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने के आरोप लगे और यह भी कहा गया कि प्रभावशाली लोग मामले की जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, त्विषा की मौत के बाद प्राथमिकी दर्ज करने में तीन दिन तक टालमटोल की गई और घटना से संबंधित सबूतों को संभालकर सुरक्षित रखने में पुलिस नाकाम रही। जाहिर है, यह या तो पुलिस के कामकाज में व्याप्त लापरवाही का ही एक और उदाहरण है या फिर किसी के प्रभाव में ऐसा हुआ। दरअसल, त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। जहां से न्याय की उम्मीद होती है, अगर वहीं के ढांचे पर कोई सवाल उठता है, तो यह समूची न्यायपालिका के लिए एक असुविधाजनक तस्वीर है। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। सोमवार को इस पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस विमर्श से व्यथित है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़ित पक्ष और उनके परिजनों तथा अभियुक्तों से कहा कि वे मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर बयान देने के बजाय अपनी बात जांच एजेंसी के सामने दर्ज कराएं, ताकि जांच पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता वाजिब है कि न्यायपालिका को लेकर आम जनता के बीच नकारात्मक धारणा न बने। मगर सवाल है कि आखिर पीड़ित पक्ष के सामने उचित तरीके से कार्रवाई न करने और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाने की नौबत क्यों पैदा हुई? आखिर किन वजहों से सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने त्विषा के शव का पोस्टमार्टम दोबारा कराने का आदेश क्यों दिया? कायदे से घटना के सामने आने के बाद पुलिस अपनी ओर से खुद सबूतों को संभालने से लेकर जांच-पड़ताल और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू करने को लेकर तुरंत सक्रिय होती। मगर इसमें जिस तरह की टालमटोल की गई, उससे स्वाभाविक ही पीड़ित पक्ष के भीतर निराशा पैदा हुई। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट को भी मामले में दखल देने की जरूरत पड़ी।

**इन चुनौतियों के बीच पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उसे और विकसित किया जा सकता है। इस पर काम करने की जरूरत है। भारत कई संस्कृतियों का देश है। इतनी विविधता वाला राष्ट्र दुनिया में कहीं नहीं हैं। कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत की एक अनूठी लोक संस्कृति भी है। ग्रामीण समाज के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है। अपने-अपने लोकगीत हैं और अपनी-अपनी लोक परंपराएं हैं। राजस्व बढ़ेगा, पूंजी कमाने का नया रास्ता निकलेगा अगर इनकी ओर देश और विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जाए, तो हमारा राजस्व बढ़ेगा। विदेशी पूंजी कमाने का एक नया रास्ता निकलेगा।**

# दिल्ली जनजातीय सम्मेलन- अस्मिता, अधिकार का आधुनिक उलगुलान

**(डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी)**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संवैचारिक, वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा कई दशकों से उठाए जा रहे मुद्दे अब राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में हैं। सम्मेलन की गठी हुई भाषा और प्रखर स्वर ने यह साफ कर दिया कि जनजातीय समाज अब मूक दर्शक नहीं, बल्कि अपने भाग्य का विधाता स्वयं बनने को आतुर है।

भील और भारिया की दो कहावतें हैं - भील कहते हैं, होने नी रेत, ने खोने नो डर और भारिया कहते हैं डोकरी मरिगे त कए घलो, बाकी राकस घर नई देखे। इन दो जनजातीय कहावतों में लालकिले से जनजातीय संदेश का सार छिपा है। भील कहावत का अर्थ है - जिसके पास सोने की रेत नहीं, उसे खोने का डर क्या? जनजातीय समाज के लिए अब ये एक भुला-बिसरा चिंतन है। अब केवल भील नहीं अपितु देश के प्रत्येक जनजातीय, वनवासी, गिरिवासी समाज को पता है कि उसके पास खोने को एक स्वर्ण खदान से भी अधिक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा है। इस जनजातीय सांस्कृतिक संपदा, उनकी वन संपदा, उनकी श्रम संपदा का अनैतिक दोहन बहुत हुआ ! और भारिया कहावत का अर्थ है - बुढ़िया मर गई तो कोई बात नहीं, लेकिन राक्षस को घर का रास्ता नहीं देखना चाहिए। जनजातीय समाज ने संसद के समक्ष सीना ठोककर कहा - हमारे समाज को तोड़ने के लिए विदेशी शक्तियों, ईसाईयत, इस्लाम और वामपंथी विचारकों रूपी राक्षस ने जो लाल जाल बुना है, उसे अब हमने पहचान लिया गया है। अब हम उसे अपने घर की रह नहीं दिखायेंगे।

लालकिले से यह जनजातीय उद्घोष है - अब दोहन, शोषण और नहीं, अब मतांतरण और नहीं, अब सनातन की आलोचना सहन नहीं, अब हमारी भाषा, नृत्य, संगीत, पूजा पद्धति, का विरूपण सहन नहीं।

रविवार को दिल्ली के लालकिले पर संपन्न विशाल जनजातीय सम्मेलन केवल पारंपरिक वेशभूषा, मांदल, खजरी आदि की थाप पर नृत्य और सांस्कृतिक वैभव का प्रदर्शन मात्र नहीं था, बल्कि यह भारत के मूल समाज द्वारा अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की शंखध्वनि थी।

यह सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है सुदूर वनांचलों में रहने वाला हमारा जनजातीय समाज अपनी जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति को बचाने के लिए चतुर्दिक संघर्ष कर रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संवैचारिक, वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा कई दशकों से उठाए जा रहे मुद्दे अब राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में हैं। सम्मेलन की गठी हुई भाषा और प्रखर स्वर ने यह साफ कर दिया कि जनजातीय समाज अब मूक दर्शक नहीं, बल्कि अपने भाग्य का विधाता स्वयं बनने को आतुर है।

लालकिले से वनवासी समाज ने प्रखरता, प्रचण्डता, प्रगल्भता और प्रबलता से डीलिस्टिंग की अपनी पुरानी माँग का पुनरुद्घोष किया। आरएसएस सदा-सदा से यह कहता रहा है कि स्वधर्म छोड़कर ईसाइयत और इस्लाम को स्वीकारने वाले लोगों को अनुसूचित जाति, जनजाति से बाहर किया जाना चाहिए।

ईसाई मिशनरियों ने व्यापक स्तर पर भोले-भाले जनजातीय समाज को बहला-फुसलाकर, आर्थिक लालच देकर, दबावपूर्वक; जैसे भी हो वैसे भी मतांतरण कराया है। देश में सतत चल रहे इस षड्यंत्रपूर्ण मतांतरण से झारखंड, छत्तीसगढ़ पूर्वोत्तर राज्य में ऐसे अनगिनत उदाहरण हो गए हैं जहां धर्मांतरित लोग दोहरे लाभ उठा रहे हैं। वे एक ओर अल्पसंख्यक होने के नाते सरकारी योजनाओं और विदेशों से आने वाले भारी-भरकम फंड का लाभ लेते हैं, वहीं दूसरी ओर जनजातीय कोटे से आईएएस, आईपीएस और अन्य ऊंचे पदों पर आसीन होकर विदेशी एजेंडे को लागू करते रहते हैं।

यह कटु सत्य है कि अपनी मूल संस्कृति में रमे ठेठ वनवासी आज भी सुविधाओं से वंचित हैं। सम्मेलन में सीधे शब्दों में चेतावनी दी गई कि जो अपनी संस्कृति और पुरखों के देवी-देवताओं को छोड़ चुका है, वह जनजातीय कहलाने का हकदार नहीं हो सकता।

कुछ वर्षों से देश में कई प्रायोजित टूलकिट गिरोह सक्रिय हैं, जो जनजातीय समाज को बहका रही है कि तुम हिंदू नहीं हो, इसलिए



जनगणना के फॉर्म में खुद को हिंदू मत लिखाना। लालकिले से जनजातीय समाज ने इस नैरेटिव का प्रखरता से खंडन किया है। यह षड्यंत्र मूलतः भारत की जड़ों को कमजोर करने का है। जनजातीय समाज प्रकृति पूजक है, और सनातन की आत्मा भी प्रकृति पूजा ही है। हम तुलसी, पीपल, सूर्य, नदी और गोवर्धन की पूजा करते हैं; और हमारे वनवासी भाई बूढ़ादेव, बड़ादेव और जंगलों की पूजा करते हैं। शब्दों का अन्तर है, भाव हमारे एक हैं। भगवान राम के वनवास काल में निषादराज, शबरी और वानर-भालू (जो वनों के निवासी थे) उनके सहचर बने। भगवान शिव स्वयं किरात (वनवासी) रूप धारण करते हैं। ऐसे में जनजातीय समाज को सनातन से अलग दिखाना एक गहरा जियोपालिटिकल षड्यंत्र है। यह भारत के भीतर सांस्कृतिक विभाजन की नींव रखने का प्रयास है।

दिल्ली के इस मंच से वक्ताओं ने झारखंड के संथाल परगना और छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए लव जिहाद और लैंड जिहाद के अत्यंत विषैले व घातक पैटर्न को उजागर किया।

असम और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा जनजातीय महिलाओं को बहला-फुसलाकर या जबरन निकाह करने के मामले तेजी से बढ़े हैं। यह प्रवृत्ति मप्र जैसे राज्यों में भी बड़ी तेजी से बढ़ी है।

चूंकि कानूनन कोई गैर-जनजातीय व्यक्ति जनजातीय की भूमि क्रय नहीं कर सकता, इसलिए इस कानून को धता बताने के लिए जनजातीय लड़कियों को मोहरा बनाया जाता है। निकाह के बाद जमीन उस महिला के नाम पर हस्तांतरित करा दी जाती है और परोक्ष रूप से उस भूमि पर नियंत्रण उस समुदाय का हो जाता है।

झारखंड की रुबिका पहाड़िन या अंकिता सिंह जैसी बेटियों के उदाहरण अभी ताज़ा हैं। यह केवल एक सामाजिक अपराध नहीं है, बल्कि एक सोची-समझी रणनीतिक जनसांख्यिकीय लड़ाई है जो आने वाले समय में देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

वनवासी कल्याण आश्रम की प्रेरणा से ही मप्र में %पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम यानी पेसा कानून , 1996) का कार्य भली भाँति कार्य कर रहा है। पेसा कानून जनजातीय समाज को जल, जंगल और जमीन पर संप्रभुता का अधिकार देता है। लेकिन दुखद यह है कि कई राज्यों में नियम न बनने के कारण या राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण यह कानून केवल कागजों तक सीमित रहा। सम्मेलन में मांग की गई कि वन खनिजों की नीलामी, उद्योगों के लिए भूमि अधिग्रहण और स्थानीय विवादों के निपटारे में ग्राम सभा की अनुमति को अनिवार्य और सर्वोपरि बनाया जाए। इसके साथ ही, सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मिल रहे आरक्षण का लाभ सुदूर अंचलों में बैठे अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचे, इसके लिए नीतियों के सरलीकरण पर जोर दिया गया।

दिल्ली में हुआ यह जनजातीय सम्मेलन केवल माँग, शिकायत और आवेदनों का प्रकटीकरण नहीं था, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का घोषणापत्र था। भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, रानी दुर्गावती और जतरा भगत जैसी महान विभूतियों की विरासत को याद करते हुए इस बात पर संकल्प लिया गया कि अब जनजातीय समाज अपनी पहचान के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

अब समय आ गया है कि सरकारें, न्यायपालिका और नागरिक समाज इन चिंताओं को गंभीरता से लें। डीलिस्टिंग की मांग को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जा सकता, और न ही लव जिहाद या मिशनरी षड्यंत्रों को धर्मनिरपेक्षता के चश्मे से देखकर नजरअंदाज किया जा सकता है। अपनी जड़ों की ओर लौटता और सजग होता यह वनवासी समाज आज देश की मुख्यधारा को दिशा दिखाने की स्थिति में है। यदि आज हम उनके जल, जंगल, जमीन और सबसे बढ़कर उनकी अस्मिता की रक्षा करने में विफल रहे, तो इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा। यह सम्मेलन आधुनिक भारत में एक नए उलगुलान (क्रांति) का शंखनाद है, जिसकी गूंज नीति-नियंताओं को लंबे समय तक सुननी होगी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?

**(ललित गर्ग)**

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी। अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं। हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए। पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है।

पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को निरस्त्र करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है। स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए।

साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है। यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

# क्वाड के वार से तिलमिलाये चीन-पाक ने जम्मू-कश्मीर पर उगला जहर

**दिल्ली में हुई क्वॉड देशों की बैठक ने चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ा दी है। भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने एक सुर में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद पर करारा प्रहार किया तो पाकिस्तान तिलमिला उठा। दूसरी तरफ क्वॉड के मंच से चीन की विस्तारवादी चालों पर भी घेरा कस दिया गया। बस फिर क्या था, बौखलाए चीन और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को लेकर जहरीला बयान जारी कर अपनी कुंठा बाहर निकालनी शुरू कर दी। लेकिन नए भारत ने भी बिना देर किए ऐसा तगड़ा पलटवार किया कि बीजिंग और इस्लामाबाद दोनों की बोलती बंद हो गई।**


**(नीरज कुमार दुबे)**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के दौरान जारी साझा बयान में चीन ने जम्मू-कश्मीर को तथाकथित इतिहास से जुड़ा विवाद बताने की कोशिश की। पाकिस्तान ने फिर वही पुराना राग अलापा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों की आड़ लेकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश की।

दिल्ली में हुई क्वॉड देशों की बैठक ने चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ा दी है। भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने एक सुर में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद पर करारा प्रहार किया तो पाकिस्तान तिलमिला उठा। दूसरी तरफ क्वॉड के मंच से चीन की विस्तारवादी चालों पर भी घेरा कस दिया गया। बस फिर क्या था, बौखलाए चीन और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को लेकर जहरीला बयान जारी कर अपनी कुंठा बाहर निकालनी शुरू कर दी। लेकिन नए भारत ने भी बिना देर किए ऐसा तगड़ा पलटवार किया कि बीजिंग और इस्लामाबाद दोनों की बोलती बंद हो गई।

भारत ने साफ और दो टूक शब्दों में कह दिया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान के साझा बयान को पूरी तरह अनावश्यक और अस्वीकार्य बताते हुए स्पष्ट कर दिया कि किसी दूसरे देश की इतनी औकात नहीं कि वह भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करे। नई दिल्ली ने यह भी जता दिया कि भारत अब हर उकसावे का जवाब उसी की भाषा में देना जानता है।

दरअसल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के दौरान जारी साझा बयान में चीन ने जम्मू-कश्मीर को तथाकथित इतिहास से जुड़ा विवाद बताने की कोशिश की। पाकिस्तान ने फिर वही पुराना राग अलापा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों की आड़ लेकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने तुरंत उनकी इस साजिश की धज्जियां उड़ा दीं। नई दिल्ली ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर पर भारत की स्थिति पूरी






तरह स्पष्ट और अटल है। दुनिया की कोई ताकत भारत की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकती।

भारत ने चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर भी बेहद कड़ा रुख अपनाया। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि इस परियोजना का हिस्सा भारत की उस संप्रभु भूमि से गुजरता है जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। भारत ने दो टूक चेतावनी दी कि किसी भी देश को पाकिस्तान के इस गैरकानूनी कब्जे को वैधता देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह सीधा संदेश चीन के लिए था, जो पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के खिलाफ चालें चलता रहता है।

साथ ही नई दिल्ली ने चीन और पाकिस्तान के तथाकथित सीमा पार जल सहयोग के दावे की भी हवा निकाल दी। भारत ने तीखा सवाल पूछा कि जब चीन और पाकिस्तान की कोई साझा सीमा ही नहीं है तो फिर यह कथित सीमा पार जल सहयोग आखिर किस आधार पर हो रहा है। यह सवाल चीन की उस चालाक नीति पर जोरदार तमाचा है जिसके जरिये वह पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत को घेरने की नाकाम कोशिश करता रहता है।

उधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईद के मौके पर भी जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाकर अपनी हताशा जाहिर कर दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर तथाकथित भारतीय कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया। लेकिन सच यह है कि पाकिस्तान आज आर्थिक बर्बादी, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अलगाव से जूझ रहा है। दुनिया उसे आतंक फैलाने वाले देश के रूप में देखती है और अब वह चीन के सहारे भारत के खिलाफ बयानबाजी कर अपने लोगों को भरमाने की कोशिश कर रहा है।

साथ ही चीन की भूमिका भी पूरी तरह दोहरी और स्वार्थी नजर आई। एक तरफ वह भारत के साथ संबंध सुधारने की बात करता है, दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत की अखंडता पर सवाल उठाने की कोशिश करता है। लेकिन चीन को अब यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए कि यह नया भारत है। अब भारत हर मंच पर आंख में आंख डालकर जवाब देता है और अपनी संप्रभुता पर किसी भी तरह की चोट बर्दाश्त नहीं करता।

सच्चाई यही है कि पूरा का पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान ने जिस हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है, वह भी भारत की ही भूमि है। चीन और पाकिस्तान दोनों को समझ लेना चाहिए कि भारत की अखंडता से खिलवाड़ करना बहुत भारी पड़ेगा। पाकिस्तान और चीन को यह भी समझना होगा कि आतंकवाद के सहारे और झूठे बयानों के दम पर इतिहास नहीं बदला जा सकता।

भारत ने जिस मजबूती के साथ चीन और पाकिस्तान के साझा बयान को खारिज किया है, उसने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि अब भारत किसी दबाव में आने वाला नहीं। पाकिस्तान और चीन चाहे जितनी साजिशें रच लें, लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का मुकुट है और इस मुकुट पर किसी की बुरी नजर कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सशक्त स्थायी समिति चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

## अनिता देवी, रामनाथ चौधरी निर्विरोध व दीपक कुमार विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** नगर पंचायत बरारी की सशक्त स्थायी समिति सदस्य के चुनाव को लेकर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। चुनाव की पूरी प्रक्रिया एसडीओ प्रद्युम्न सिंह यादव की निगरानी में कराई गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभागार परिसर में पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सशक्त समिति-01 के लिए चार वार्ड पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान में अनिता देवी को 4 मत प्राप्त हुए। जबकि नाजनीन बेगम को 3 मत और राजेंद्र कुरेल को 2 मत मिले।

वहीं साहेरा खातून को एक भी मत प्राप्त नहीं हुआ। इस प्रकार अनिता देवी ने सशक्त समिति-01 में जीत हासिल की। वहीं सशक्त



समिति-02 में रामनाथ चौधरी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।सशक्त समिति-03 के लिए दो वार्ड पार्षद मैदान में थे। मतदान में दीपक कुमार को 8 मत प्राप्त हुए, जबकि रिंकी देवी को 3 मत मिले। इस तरह दीपक कुमार ने सशक्त समिति-03 में जीत दर्ज की। चुनाव से पूर्व सशक्त समिति के सदस्य रिंकी देवी, साहेरा खातून एवं राजेंद्र कुरेल थे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सभागार परिसर में समर्थकों और वार्ड पार्षदों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। नवनिर्वाचित सदस्यों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रद्युम्न सिंह यादव एवं तीन सहायक निर्वाचन पदाधिकारी में सहायक निर्वाचन सह बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीपीआरओ राजकुमार सिंह आदि ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान वार्ड पार्षद, वार्ड प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधियों की काफी संख्या मौजूद रही। चुनाव के दौरान दंडाधिकारी के तौर पर सीओ मनीष कुमार और एमओ आदर्श अमन आदि थे।जबकि चुनाव प्रकिया में सहयोग के लिए असरफ मुख्तार,भगत सिंह आदि लगे हुए थे। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की चूक नहीं होने दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था कायम रही और मतदान प्रक्रिया बिना किसी विवाद के सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। जीत के बाद नवनिर्वाचित सदस्य अनिता देवी ने कहा कि जिस तरह पार्षदों ने उन पर भरोसा जताया है। उसी तरह सभी पार्षदों की बातों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा नगर पंचायत के हर वार्ड में विकास कार्य कराने का प्रयास होगा। वहीं दीपक कुमार ने कहा कि यह जीत सभी समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों की जीत है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में मिलजुल कर विकास कार्य किया जाएगा और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास होगा। सशक्त स्थायी समिति को नगर पंचायत की मिनी कैबिनेट माना जाता है। नगर पंचायत के बड़े वित्तीय फैसले,टेंडर, विकास योजनाओं की स्वीकृति एवं खर्च से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव इसी समिति से पारित होते हैं। ऐसे में इस चुनाव को मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद खेमे की ताकत की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा था।

## दीपक, फैजान और बेबी साह बने बारसोई नगर सशक्त स्थायी कमेटी के सदस्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** नगर पंचायत बारसोई के सशक्त स्थायी कमेटी के सदस्य के लिए शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में चुनाव कराया गया । मतदान प्रक्रिया के तहत वार्ड सदस्य दीपक दास, फैजान और बेबी साह ने जीत हासिल की। पूरे नगर पंचायत को तीन भाग में बांटकर बॉक्स संख्या एक, बॉक्स संख्या दो और बॉक्स दो मत अधिक लाकर विजय श्री प्राप्त की। अनुमंडल कार्यालय बारसोई में सुबह 8 बजे से चुनाव प्रक्रिया आरंभ कर दी गई थी। एक तरफ जहां अनुमंडल क्षेत्र के वरीय पदाधिकारी गणों को चुनाव में लगाया गया था। वहीं पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। पूर्ण सुरक्षा के बीच चुनाव संपन्न हुआ। वहीं हार जीत की घोषणा होने के बाद तीनों विजई प्रत्याशी को



संख्या तीन बनाकर नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं बॉक्स नंबर एक में दो प्रत्याशी दीपक चंद्र दास और धर्मेंद्र सिंह ने अपना नामांकन किया था। वहीं बॉक्स संख्या दो में मोहम्मद फैजान और बेबी खातून प्रत्याशी बने।

वहीं बॉक्स संख्या 3 में बेबी साह ,मेघनाथ मंडल, रोहित भगत सितारा बेगम ने अपना नामांकन किया था। वहीं बॉक्स संख्या एक में धर्मेंद्र सिंह को 8 मत प्राप्त हुए जबकि दीपक दास ने 9 मत प्राप्त कर बाजी मार ली। बॉक्स संख्या दो में बेबी खातून को 6 मत से पटकनी देकर मोहम्मद फैजान 11 मत प्राप्त कर उक्त कमिटि के सदस्य के लिए चुन ले गए। जबकि बेबी साह ने अपने चार निकटतम प्रतिनिधि मेघनाथ मंडल, रोहित भगत, सितारा खातून को मात देकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मेघनाथ से अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, ग्रामीण विकास पदाधिकारी कालिदास जिया ने संयुक्त रूप से जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही पद और गोपनीयता की शपथ भी अनुमंडल पदाधिकारी राजु कुमार द्वारा दिलाई गई। तथा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायत के विकास के लिए तीनों विजय प्रत्याशियों को शुभकामना दी। वहीं मुख्य पार्षद विमला देवी ने तीनों विजय प्रत्याशी को जीत को लेकर शुभकामना दी। इस अवसर पर बारसोई प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार, खालिदा जिया ग्रामीण विकास पदाधिकारी आजमनगर सब इंस्पेक्टर मौसमी कुमारी इत्यादि पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्यारोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के जलकी पंचायत अंतर्गत रामपुर कदमगाछी निवासी ओगेन सिंह को आजमनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया है। जानकारी के अनुसार इसी पंचायत के शमशेरपुर गांव निवासी जितेन सिंह अपनी बेटी की शादी ओगेन सिंह के पुत्र मिथुन सिंह के साथ 6 महीना पूर्व कराई थी। शादी के समय नगद 10 लाख तथा 8 लाख का फर्नीचर का सामान खरीद कर बेटी दामाद को जितेन सिंह ने दिया था। बावजूद इसके ₹500000 की मांग लड़के वाले की तरफ से लगातार की जा रही थी। नहीं देने की स्थिति में कई बार जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसका जिक्र एफ आई आर की कॉपी में जितेन सिंह ने करते हुए अभिलंब मिथुन सिंह तथा ओगेन सिंह को गिरफ्तार करने की मांग की थी। मामला दर्ज होने के बाद आजमनगर पुलिस लगातार छापामारी के बाद ओगेन सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया की दहेज के लिए हत्या करने वाले ओगेन सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी मिथुन सिंह की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी जारी है।

### वार्ड पार्षदों ने गुप्त मतदान कर किया स्थायी सशक्त कमेटी सदस्यों का चुनाव

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरकार के नये दिशा निर्देश के आलोक में मनिहारी नगर पंचारत के स्थायी सशक्त कमिटी सदस्यों का चुनाव चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया। मनिहारी नगर पंचायत से सशक्त स्थायी समिति के तीन सदसयों का चुनाव पार्षदों के गुप्त मतदान द्वारा शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में कार्यालय सभागार में करा ली गयी। मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी त्रिलोकीनाथ सिंह ने बताया कि सरकार से प्राप्त नये दिशा निर्देश के आलोक में अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मनिहारी नगर पंचायत से सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों का चुनाव पार्षदों के द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से पूरी करा ली गयी है।जानकारी दी कि इसमें नगर पंचायत के सभी 15 वार्ड पार्षदों से भाग लिया। तीन सदस्यों के लिए चुनाव में छः वार्ड पार्षद मैदान में थे। मतदान के बाद प्राप्त मत के बहुमत के आधार पर एक निशा कुमारी पति मुकेश कुमार यादव, दो गुलाब चौधरी एवं तीन ओम गुप्ता को निर्वाचित घोषित किया गया। विजयी सदस्यों में प्रत्येक को आठ आठ मत प्राप्त हुए हैं। बताया कि शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव को लेकर प्रभावी कदम उठाये गये थे। सुरक्षा के व्यापक ईंतजाम किये गये थे। दण्डाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।सशक्त स्थायी समिति के विजयी सदस्यों को प्रमाण पत्र भी दे दिये गये हैं। उनकी पद एवं गोपयीयता की शपथ भी दिलायी जा चुकी है।

### पॉक्सो एक्ट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरारी थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में कटिहार जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने जानकारी दी।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरारी थाना में दर्ज मामले के आरोपी की पहचान सिक्कट पंचायत अंतर्गत जन्मघुटू गांव निवासी हजरत अंसारी के पुत्र सरियत अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में कटिहार जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में फरार चल रहे अपराधियों एवं विभिन्न मामलों के आरोपियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है।

## कोढ़ा नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति में तीन वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय कोढा में निवार्ची पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी योगेन्द्र कुमार की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया कराई गई। आयोजित चुनाव में स्थाई समिति एक से विमल कुमार ,दो से धर्मवीर चौधरी एवं तीन से पूजा शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।चुनाव प्रक्रिया में पांच पार्षदों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था जिसमें दो ने नाम वापस ले लिया। जिस कारण तीन सीटों पर तीन पार्षद निर्विरोध निर्वाचित



हुए।चुनाव प्रक्रिया में सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कोढा राजकुमार पंडित, बीडीओ फलका सन्नी सौरव ,प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी कोढा प्रियंका कुमारी मौजूद थे। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की प्रतिस्पर्धा या विवाद की स्थिति नहीं बनी। जिससे यह चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता बताते हुए निर्वाचित पार्षदों को बधाई दी है। इस अवसर पर निर्वाचित पार्षदों ने कहा कि वे नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने स्वच्छता, जल निकासी, सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्राथमिकता से काम करने की बात कही।

## सोनैली पुलिस चौकी फिर से शुरू कराने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं बाजार में विधि-व्यवस्था संधारण में सोनैली पुलिस चौकी का विशेष महत्व रहा है।जिसे विभाग द्वारा विगत 15 वर्षो से बंद कर दिया गया है।जिसके कारण प्रतिदिन सोनैली बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में होने वाले आपसी विवाद या आपराधिक घटना को लेकर शांति-व्यवस्था बनाने में थाना मुख्यालय से पुलिस को पहुंचने में देर हो जाती है। इसको लेकर आमजनों सहित खासकर व्यवासियों में काफी नाराजगी देखी जाती है।जदयू जिला महासचिव श्रवण कुमार उर्फ मिट्ठू साह ने इस बाबत सूबे के मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिख कर उसे पुनः चालू करने की मांग की है।अपने पत्र में श्री साह ने लिखा है कि सोनैली बजार में पहले पुलिस चौकी स्थापि था, जो विगत 15 वर्षो से बंद कर दिया गया है। पुलिस चौकी के बंद हो जाने से हमारे क्षेत्र के व्यापारियों और आम जनता को विधि-व्यवस्था की स्थित उत्पन्न होने की स्थिति में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस चौकी बंद रहने के कारण यातायात अव्यवस्थित रहने लगा है।तो क्षेत्र की सुरक्षा व्यस्था पर भी असर पड़ रहा है।जदयू नेता ने पत्र में विषय की गंभीरता को देखते हुए जनहित में पुनः पुलिस चौकी को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की हैं।

## डीआरएम ने 16 रेलकर्मियों को दी भावभीनी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के फणीश्वर नाथ रेणु रेलवे संस्थान में शुक्रवार को कार्मिक विभाग की ओर से अंतिम निपटारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह ने किया। इस अवसर पर मई माह में सेवा निवृत्त हुए कुल 16 रेलकर्मियों को रेलवे के नियमानुसार सभी सेवानिवृत्ति लाभों का अंतिम निपटारा करते हुए सम्मानित किया गया।

डीआरएम किरेंद्र नरह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबे, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके



स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीनियर डीपीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, सीनियर डीएनसी प्रभात कुमार सिंह, सीनियर डीईई पंकज पाल, डीसीएम कुमार जितेंद्र सिंह सहित कई वरीय एवं कनिष्ठ रेल अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## महानंदा चेक पोस्ट के समीप 200 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** बिहार - बंगाल सीमा पर अवस्थित रोशना थाना क्षेत्र के महानंदा चेक पोस्ट के समीप गुप्त सूचना के आधार पर रोशना पुलिस ने स्मैक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति की तलाशी लेने पर दो सौ ग्राम स्मैक बरामद हुआ। दोनों स्मैक तस्कर को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम गुलशन कुमार (19) साकिन हरिपुर थाना अलौली एवं सुमन कुमार (20) साकिन हरिपुर थाना मानसी जिला खगड़िया बताया। रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया




कि गुप्त सूचना के आधार पर महानंदा चेक पोस्ट के समीप 200 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।मजिस्ट्रेट के रूप में राजस्व पदाधिकारी अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में स्मैक को जप्त करते हुए दोनों स्मैक तस्कर के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## विकास की पटरी पर दौड़ता कटिहार रेल मंडल : डीआरएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य तेज गति से जारी हैं। मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह के कुशल नेतृत्व में विभिन्न रेलखंडों पर अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल लाइन दोहरीकरण तथा ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में कटिहार-पूर्णिया रेलखंड के रोतरा में अत्याधुनिक लॉन्ड्री बूथ की शुरूआत इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।



जिससे रेलवे की सेवाओं में और गुणवत्ता आएगी। डीआरएम किरेंद्र नरह ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से ट्रेनों का परिचालन अधिक सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध होगा। कटिहार रेल मंडल में हो रहे चौमुखी विकास कार्यों की सराहना करते हुए यात्रियों ने डीआरएम के प्रयासों को मंडल के लिए एक नई उपलब्धि बताते हुए डीआरएम किरेंद्र नरह की कार्यशैली और दूरदर्शिता की सराहना किया। यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कटिहार रेल मंडल लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## बाइक सवार ने साइकिल चालक को मारी टक्कर, साइकिल चालक जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के कमल चौक के समीप शाम में एनएच 81मुख्य सड़क पर ट्रिपल बाइक सवार ने साइकिल चालक को मारी जोरदार ठोकर। साइकिल सवार बुरी तरह जख्म हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना प्राणपुर पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही प्राणपुर पुलिस ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को प्राणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु ले आया। प्राणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया।

उक्त जख्मी युवक प्राणपुर थाना क्षेत्र के चतरा टोला चौमुखा



गांव निवासी राजकुमार सिंह के रूप में पहचान हुई है। जख्मी युवक के परिजनों ने बताया कि ऑनलाइन करके प्राणपुर गांव से चतरा टोला चौमुखा गांव आ रहा था।इसी क्रम में कमल चौक के समीप एनएच 31 मुख्य सड़क पर पीछे से आ रहे ट्रीपल लोड बाइक सवार ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे साइकिल सवार राज कुमार सिंह वार्ड संख्या छः चतरा टोला चौमुखा थाना प्राणपुर जिला कटिहार बुरी तरह जख़्मी हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल कटिहार में हो रहा है। घटनास्थल से बाइक को जप्त कर आगे कि करवाई की जा रही है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहसा का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहसा का प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नामांकन रजिस्टर, कैश बुक, एमडीएम, लेजर पंजी सहित सभी बिंदुओं पर जांच की जो संतोषजनक पाया गया मगर जैसे ही विद्यालय में उपस्थित विद्यालय के छात्राओं से शिक्षा से संबंधित सवाल पूछे तो जवाब देने में असमर्थ रहा जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अयोध्या प्रसाद मंडल एवं अन्य उपस्थित शिक्षक -शिक्षिकाओं को विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के प्रति लचर रवैए को लेकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की बातें कहते हुए सभी को




फटकार लगाया एवं सरकारी विद्यालय में सभी बच्चों को सही शिक्षा मिले इसको लेकर विभिन्न तरह की बातें कहीं एवं हिदायत देते हुए कहा गया कि सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले सभी वर्ग के छात्र - छात्राओं को शिक्षा से जोड़कर उसे अच्छी शिक्षा प्रदान करें। उक्त मामले की उजागर करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने कहा कि बच्चे की पढ़ाई से जो भी विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं लापरवाही करेंगे उसे बक्सा नहीं जाएगा। बता दें कि जहां बिहार सरकार हर वर्ष सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं के लिए उसे आगे बढ़ाने के लिए लाखों शिक्षक शिक्षिकाएं साल में भर्ती करते हैं वहीं आज के दौड़ में सरकारी विद्यालय में सिर्फ नाम के ही पढ़ाई रह गया हैं। ऐसी स्थिति में सरकारी विद्यालय में रोजमर्रा एवं मजदूरी करने वाले के ही बच्चे पढ़ाई करते हैं मगर सरकारी विद्यालय में बैठे विद्यालय के प्रधानाध्यापक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं । सरकार कह रही हैं कि सभी लोगों के बच्चें सरकारी विद्यालय में पढ़े मगर विद्यालय में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहे हैं ऐसी स्थिति में लोग कैसे सरकारी विद्यालय में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजेंगे।

### चांदी 1,500 रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई

## सोने और चांदी की कीमत में गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में आज गिरावट दिख रही है। एमसीएक्स पर दोनों धातुएं शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ ट्रेड कर रही हैं। सोने की कीमत में 700 रुपये की गिरावट आई है जबकि चांदी 1,500 रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई। सर्राफा बाजार में भी दोनों धातुओं की कीमत में शुरुआती कारोबार में मामूली गिरावट दिख रही है। एमसीएक्स में 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,60,903 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,60,454 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 706 रुपये की गिरावट के साथ 160197 रुपये तक फिसला। सुबह 9.40 बजे यह 442 रुपये यानी 0.27 फीसदी गिरावट के साथ 1,60,461 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी का रेट इसी तरह 3 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 269537.00 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी और आज यह 2,68,368 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 1,519 रुपये की गिरावट के साथ 2,68,018 रुपये तक फिसली। सुबह 9.40 बजे चांदी 1168 रुपये यानी 0.43 फीसदी गिरावट के साथ 2,68,369 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। इस बीच सर्राफा मार्केट में भी सोने और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 10 रुपये की गिरावट के साथ 1,56,050 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना भी 10 रुपये की गिरावट के साथ 1,43,040 रुपये और 18 कैरेट वाला सोना 10 रुपये नीचे 1,17,030 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। चांदी भी 100 रुपये की गिरावट के साथ 2,74,900 रुपये प्रति किलो पर ट्रेड कर रहा है।

## क्यू-4 रिजल्ट के बाद निवेशक चिंतित, 8 प्रतिशत गिरा डिफेंस कंपनी का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी डिफेंस कंपनी भारत डायनेमिक्स के शेयरों की कीमतों में आज शुक्रवार को 8 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट कमजोर तिमाही नतीजों की वजह से दर्ज की गई है। शेयरहोल्डर्स के लिए चिंताजनक बात यह है कि एक्सपर्ट्स ने रेटिंग को भी घटा दिया है। बता दें, आज शुक्रवार को बीएसई में भारत डायनेमिक्स के शेयर गिरावट के साथ 1201.75 रुपये के स्तर पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बादल 1175.05 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान भारत डायनेमिक्स का नेट प्रॉफिट 113.18 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 58.50 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। एक साल पहले इसी चौथी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 272.77 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू के मोर्चे पर भी अच्छी खबर नहीं है। पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही के दौरान कंपनी का रेवन्यू 480 करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर कंपनी के रेवन्यू में 73 प्रतिशत की गिरावट आई है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 1777 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने किया डिविडेंड का ऐलान 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर कंपनी ने 0.40 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। बता दें, कंपनी के लिए सिर्फ मार्च तिमाही ही नहीं पूरा वित्त वर्ष ही निराशाजनक रहा है। ब्रोकरेज हाउस मोतिलाल ओसवाल ने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की रेटिंग को घटा दिया है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से न्यूट्रल रेटिंग दी गई है। पहले डिफेंस स्टॉक के लिए टारगेट प्राइस 1500 रुपये था। अब यह घटकर 1150 रुपये कर दिया गया है। स्टॉक मार्केट में भी इस कंपनी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 39 प्रतिशत गिरा है।

# यूरिया, एलपीजी सिलेंडर, गेहूं-चावल... बेकाबू हो सकता है सरकार का सब्सिडी बिल

### यूरिया की कीमत ईरान युद्ध के कारण 120 फीसदी से ज्यादा उछली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। इससे केंद्र सरकार के सब्सिडी बिल में काफी उछाल आ सकती है। इस फाइनेंशियल ईयर में केवल फर्टिलाइजर का सब्सिडी का बिल 3.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है। यह बजट में फर्टिलाइजर के लिए किए गए सब्सिडी प्रावधान का करीब दोगुना है। सरकार ने 2026-27 में सब्सिडी के लिए कुल 4.1 लाख करोड़ रुपये रखे हैं। साथ ही कुकिंग गैस के लिए सरकार ने 12,085 करोड़ रुपये सब्सिडी का प्रावधान किया था। लेकिन यह भी कम है क्योंकि सरकार ने पिछले साल ऑयल रिटेलर कंपनियों को 26,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक हरेक कुकिंग गैस सिलेंडर पर पेट्रोलियम कंपनियों को 700 रुपये का नुकसान हो रहा है। सरकार ने कुछ महीने पहले एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी जिससे सालाना 1 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ने की आशंका है। फर्टिलाइजर डिपार्टमेंट के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अगर कीमत इसी स्तर पर बनी रहती है तो यूरिया और दूसरे फर्टिलाइजर की सब्सिडी का बिल 3.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है। बजट में इसके लिए 1.7 लाख करोड़




रुपये का प्रावधान किया गया है। खाद किल्लत की अफवाहों पर केंद्र ने लगाया ब्रेक, कहा- देश में नहीं होगी खाद की किल्लत, सरकार के पास सुरक्षित है आधा स्टॉक विभाग ने बुधवार को मंत्रियों के इनफॉर्मल ग्रुप को बताया कि ईरान युद्ध के बाद से यूरिया की कीमत 120 फीसदी से अधिक बढ़ चुकी है। इसी तरह डीएपी की वैश्विक कीमत में 38 फीसदी, सल्फर की कीमत में 87 फीसदी और अमोनिया की कीमत में 84 फीसदी तेजी आई है। इतना ही नहीं डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट से 6 फीसदी अतिरिक्त लागत बढ़ गई है। भारत डीएपी, पोटाश और एनपीके जैसे फर्टिलाइजर्स के लिए ज्यादातर आयात पर निर्भर है। देश में यूरिया की सालाना खपत करीब 40 मिलियन टन है। इसमें से करीब 8 से 10 मिलियन टन का आयात होता है। डीएपी के मामले में करीब 60 फीसदी मांग आयात से पूरी होती है। लेकिन पोटाश के मामले में हर पूरी तरह आयात पर निर्भर हैं। पिछले साल फर्टिलाइजर सब्सिडी बिल करीब 2.2 लाख करोड़ रुपये था जो संशोधित अनुमान से ज्यादा है। डीएपी की वैश्विक कीमत में 38 प्रतिशत और सल्फर में 87 प्रतिशत तेजी आई है डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से 6 प्रतिशत अतिरिक्त लागत बढ़ गई है भारत अधिकांश फर्टिलाइजर्स के मामले में आयात पर निर्भर 2022-23 में फर्टिलाइजर पर सब्सिडी 2.5 लाख करोड़ रुपये के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।

## सस्ता हुआ कच्चा तेल तो दिल्ली में पेट्रोल 102, डीजल 95 से थोड़ा ऊपर

### 4 महानगरों में पेट्रोल का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजार में कच्चा तेल कुछ नरम हुआ है। लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी शुक्रवार, 29 मई 2026 को दाम में कोई बदलाव नहीं किया। मतलब कि बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम जस के तस हैं। इससे पहले बीते सोमवार यानी 25 मई 2026 को पेट्रोल की कीमतों में 2.61 रुपये और डीजल की कीमतों में 2.71 रुपये की बढोतरी की गई थी। इन कंपनियों ने दिल्ली में 11 दिनों में ही प्रति लीटर पेट्रोल 7.35 रुपये तो डीजल 7.82 रुपये महंगा कर चुके हैं। विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाना शुरू कर दिया था। बीते 11 दिनों में कंपनियां चार बार दाम बढ़ा चुकी हैं। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में इस समय पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर 1,380 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक आज दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है।

# भारत के बासमती चावल निर्यात पर बड़ा असर

### अप्रैल में 27 प्रतिशत गिरा; घरेलू कीमतें 10 प्रतिशत टूटीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया का सबसे बड़ा बासमती चावल निर्यातक है और उसका बड़ा हिस्सा ईरान, सऊदी अरब, इराक, यूएई और अन्य खाड़ी देशों में जाता है। ईरान युद्ध के कारण इन बाजारों तक माल पहुंचाने में दिक्कतें बढ़ गई हैं। अप्रैल 2026 में भारत का बासमती चावल निर्यात सालाना आधार पर करीब 27 प्रतिशत घट गया। खाड़ी देशों को होने वाली शिपमेंट में रुकावट, बढ़े हुए फ्रेट चार्ज और महंगे बीमा ने निर्यात कारोबार को प्रभावित किया है।



### अप्रैल में कितना गिरा निर्यात?

एपीडा के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में भारत ने 4.74 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जबकि अप्रैल 2025 में यह आंकड़ा 6.47 लाख टन था। इस तरह निर्यात में 26.72 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें 8-10 प्रतिशत तक टूटीं निर्यात कमजोर पड़ने का असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। रूरल वॉयस के मुताबिक कुछ सप्ताह पहले तक बासमती चावल का भाव 88-90 रुपये प्रति किलो के आसपास था, जो अब घटकर 78-80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। यानी कीमतों में करीब 8 से 10 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

### कुल चावल निर्यात में फिर भी बढ़ोतरी

इन सबके बीच दिलचस्प बात यह है कि बासमती निर्यात में गिरावट के बावजूद भारत का कुल चावल निर्यात अप्रैल में बढ़ा है। इसकी वजह गैर-बासमती चावल की मजबूत मांग रही। अप्रैल 2026 में गैर-बासमती चावल निर्यात बढ़कर 15.70 लाख टन पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 12.29 लाख टन था। अफ्रीकी देशों और बांग्लादेश से मजबूत मांग के कारण गैर-बासमती चावल ने कुल निर्यात को सहारा दिया।

### युद्ध लंबा खिंचा तो क्या होगा?

विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक पश्चिम एशिया में हालात सामान्य नहीं होते और समुद्री व्यापार पूरी तरह सुचारू नहीं होता, तब तक बासमती निर्यात दबाव में रह सकता है। भारत के करीब 50,000 करोड़ रुपये के बासमती निर्यात कारोबार के लिए खाड़ी क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए युद्ध लंबा खिंचने पर असर और गहरा हो सकता है।

### शिपिंग और बीमा लागत बनी बड़ी परेशानी

निर्यातकों का कहना है कि युद्ध के कारण समुद्री मार्गों पर जोखिम बढ़ गया है। खासकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर अतिरिक्त बीमा और वॉर सेस लगाया जा रहा है। कई मामलों में फ्रेट चार्ज कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे नए निर्यात सौदे प्रभावित हो रहे हैं। हरियाणा राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अनुसार ईरान और अफगानिस्तान को होने वाला बासमती निर्यात सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, क्योंकि जहाजों की आवाजाही धीमी पड़ गई है और कई शिपमेंट देरी का सामना कर रही हैं। किसानों पर क्या पड़ेगा असर? बासमती की कीमतों में गिरावट का असर आगामी खरीफ सीजन की बुवाई पर पड़ सकता है। यदि किसानों को बेहतर भाव नहीं मिलता है।

# प्लास्टिक के नोट बाजार में उतार सकता है आरबीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को जल्द ही पहला प्लास्टिक नोट मिल सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक बार फिर से अपने इस सालों पुराने विचार पर आगे बढ़ने जा रहा है। अगर ऐसा हुआ तो यह एक बहुत बड़ा बदलाव होगा। मौजूदा समय में की तरफ से कागज के नोट प्रिंट किए जाते हैं। यह एक खास प्रकार का पेपर होता है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के



अनुसार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की पिछली दो बोर्ड मीटिंग के दौरान प्लास्टिक नोट्स लाने की चर्चा हुई। बता दें, यह दोनों मीटिंग पटना और मुंबई में हुई हैं।

**2012 में हो चुकी है ऐसी चर्चा:** इससे पहले 2012 में तत्कालीन सरकार ने 5 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्लास्टिक नोट्स लाने की तैयारी में थी। लेकिन तब कुछ तकनीकी चुनौतियों के कारण इस कोशिश को रोकना पड़ा था।

**क्यों प्लास्टिक नोट लाने पर विचार कर रहा है:** इसके पीछे दो बड़े कारण हो सकता है। पहला लागत से जुड़ा हुआ है। दूसरा बड़ा कारण लम्बे समय तक के लिए उपयोग में रहे। रिपोर्ट के अनुसार जल्द ही की तरफ से प्लास्टिक बैंक नोट्स के पायलट प्रोजेक्ट का ऐलान हो सकता है।पॉलीमर नोट लाने के पीछे की बड़ी वजह शेल लाइफ भी है। मौजूदा समय में कागज से बने नोट की शेल लाइफ काफी कम होती है। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में 23.80 बिलियन नोट्स को नष्ट किया गया। जोकि सालाना आधार पर 12.3 प्रतिशत अधिक है।

### सालाना नोट छापने के लिए कितना खर्च कर रहा है

वित्त वर्ष 2024-25 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को कुल 6372.80 करोड़ रुपये नोट छपाने के लिए खर्च करने पड़े। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 5101.40 करोड़ रुपये नोट प्रिंट करने के लिए खर्च किए थे। यानी महज एक साल के अंदर ही 1 करोड़ रुपये से अधिक नोट प्रिंट करने के लिए खर्च करने पड़े हैं। 15 मई 2026 के आंकड़ों के अनुसार 42.86 ट्रिलियन रुपये के करेंसी सर्कुलेशन में हैं। जोकि सालना आधार पर 11.50 प्रतिशत अधिक है। आंकड़े दर्शाते हैं कि डिजिटल पेमेंट्स में हुई बढ़ोतरी के बाद बड़ी संख्या में लोग करेंसी नोट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार 10 रुपये और 20 रुपये के नोट की डिमांड में बढ़ोतरी हुई। हालांकि, जो नोट चलन में हैं।

# पेनी स्टॉक बना रॉकेट, चुका दी 90 प्रतिशत से ज्यादा उधारी, कर्ज मुक्त होने की है तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेनी स्टॉक पीसी ज्वैलर रॉकेट सा उड़ गया है। पीसी ज्वैलर के शेयरों में सोमवार को तूफानी तेजी आई है। ज्वैलरी कंपनी के शेयर सोमवार को 11 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 10.48 रुपये पर पहुंच गए हैं। पीसी ज्वैलर जल्द ही पूरी तरह कर्ज मुक्त हो सकती है। ज्वैलरी कंपनी ने 90 पर्सेंट से ज्यादा बकाया कर्ज चुका दिया है। पीसी ज्वैलर ने बताया है कि वह कर्ज मुक्त होने की राह पर बढ़ रही है। 31 मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में पीसी ज्वैलर का मुनाफा 61 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा है।

ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर का मुनाफा चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 61.3 पर्सेंट बढ़कर 152.9 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 94.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। 31 मार्च 2026 को खत्म तिमाही में पीसी ज्वैलर का रेवेन्यू सालाना आधार पर 32.7 पर्सेंट बढ़कर 927.3 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 699 करोड़ रुपये था। चौथी



तिमाही में कंपनी का इबिट्डा सालाना आधार पर 13.4 पर्सेंट बढ़कर 164.5 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, पीसी ज्वैलर का इबिट्डा मार्जिन 17.7 पर्सेंट रहा है। पीसी ज्वैलर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम गर्ग ने बताया, 'बैंकों के साथ सेटलमेंट एग्रीमेंट होने के बाद से कंपनी ने अब तक अपने बकाया कर्ज का 90 पर्सेंट से ज्यादा चुका दिया है। कंपनी ने अपने वित्तीय लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अहम प्रगति की है। हमें पूरा भरोसा है कि कंपनी बहुत जल्द कर्ज-मुक्त हो जाएगी।' उन्होंने बताया है कि कंपनी के पूरी तरह कर्ज-मुक्त होने के बाद पीसी ज्वैलर आक्रामक तरीके से विस्तार करेगी। गर्ग ने बताया कि वित्त वर्ष 2026 हमारे लिए महत्वपूर्ण साल रहा है, क्योंकि कंपनी ने अपनी रफ्तार वापस पाई है और पूरे साल शानदार परफॉर्मेंस दिखाया है। पीसी ज्वैलर लिमिटेड अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है। कंपनी ने जुलाई 2017 में अपने निवेशकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया।

### रुपये को लेकर क्या बोले सुब्बाराव

# रुपये को गिरने दे सरकार, एमपीसी की बैठक से पहले आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव का बड़ा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि केंद्रीय बैंक को बाहरी झटकों से निपटने के लिए रुपये को और अधिक टूटने देना चाहिए।



अगर महंगाई का दबाव बढ़ता है, तो तुरंत ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने के बजाय तरलता प्रबंधन के उपायों पर भरोसा करना चाहिए। सुब्बाराव का यह बयान आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की 3 जून से 5 जू के बीच होने वाली अहम बैठक से ठीक कुछ दिन पहले आया है। इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और महंगाई पर चर्चा की जानी है। सुब्बाराव ने कहा कि रुपये को मजबूती से बचाने के बजाय उसे बाजार के अनुसार खुद को ढालने की अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा दबाव भारत के बाहरी संतुलन में आई गिरावट को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एक कमजोर रुपया बाहरी झटकों को सोखने के लिए एक नेचुरल शॉक एब्जॉर्बर की तरह काम करता है। एक्सचेंज-रेट का संकट असल में भरोसे का संकट होता है। अगर निवेशक, आयातक और आम परिवार यह मानने लगें कि रुपया और कमजोर होगा, तो उनका व्यवहार ऐसा हो जाता है जो वास्तव में रुपये को और कमजोर कर देता है।

भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण भारतीय रुपया लगातार दबाव में है। इसी महीने की शुरुआत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 97.15 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत से अब तक रुपये में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट आई है। साल 2026 की शुरुआत से अब तक रुपया 6 प्रतिशत से अधिक गिर गया है। पिछले एक साल में रुपये में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

सुब्बाराव के अनुसार, आरबीआई वर्तमान में आर्थिक विकास, महंगाई और मुद्रा स्थिरता के बीच एक बेहद मुश्किल संतुलन का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्याज दरें और घटाने पर महंगाई और करेंसी पर दबाव और बढ़ सकता है। वहीं दरें बढ़ाने पर देश की आर्थिक गतिविधियों और जीडीपी ग्रोथ को नुकसान पहुंच सकता है।

# 3 बार रिजेक्ट हुआ वीजा तो अमेरिकी दूतावास में अड़ गए थे पिता, आज कानपुर का यह शख्स बना सिलिकॉन वैली का किंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साल 1976 में कानपुर में जन्मे और बिट्स पिलानी से इंजीनियरिंग कर रहे एक छात्र को नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में लगातार तीसरी बार स्टूडेंट वीजा देने से मना कर दिया गया। उनके साथ आए पिता ने हार नहीं मानी। उन्होंने लॉबी में तैनात काउंसलर अधिकारी की तस्वीर देखी, समझ गए कि वह लंच पर गए हैं, और वहीं डट गए। उन्होंने तय किया कि वे अधिकारी से मिलकर पूछेंगे कि तीन-तीन विश्वविद्यालयों से कन्फर्म एडमिशन और पूरे दस्तावेज होने के बावजूद उनके बेटे का वीजा क्यों रिजेक्ट किया जा रहा है। पिता की यह जिद काम कर गई और आखिरकार वीजा मिल गया।



करीब आधी सदी बाद वही छात्र आज मेमोरी-चिप क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी का सीईओ है। इनका नाम संजय मेहरोत्रा है। वॉल स्ट्रीट पर छाई एआई की आंधी के दम पर माइक्रोन ने मंगलवार को 1 ट्रिलियन डॉलर (95.71 लाख करोड़ रुपये) के मार्केट कैप के आंकड़े को पार कर लिया। इसके साथ ही माइक्रोन, वॉलमार्ट, बर्कशायर हैथवे और जेपी मॉर्गन चेस जैसे कद्दावर दिग्गजों को पीछे छोड़कर अमेरिका की टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में शामिल हो गई है। सिलिकॉन वैली की यह सबसे अनोखी कहानियों में से एक है। जिस लड़के को अमेरिका ने बार-बार ठुकराया, आज वही देश की सबसे रणनीतिक और महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी कंपनी की कमान संभाल रहा है।

**कॉर्पोरेट अमेरिका में 'देसी' दबदबा:** संजय मेहरोत्रा अकेले नहीं हैं। उनकी इस कामयाबी ने कॉर्पोरेट अमेरिका के शीर्ष पर भारतीय मूल के दिग्गजों की एक असाधारण तिकड़ी को पूरा कर दिया है। दुनिया की तीन सबसे मूल्यवान टेक्नोलॉजी कंपनियां माइक्रोसॉफ्ट (सत्या नडेला), अल्फाबेट (सुंदर पिचाई) और माइक्रोन (संजय मेहरोत्रा) अब भारतीय मूल के उन अधिकारियों द्वारा चलाई जा रही हैं, जो कभी मिडिल क्लास परिवारों से एक साधारण इंजीनियर के रूप में, माता-पिता के त्याग और कुछ कर गुजरने की ललक के साथ अमेरिका पहुंचे थे।

**कैसा रहा तीनों का संघर्ष?:** सत्या नडेला हैदराबाद में एक सिविल सर्वेंट (सरकारी अधिकारी) के घर पले-बढ़े। वहीं सुंदर पिचाई चेन्नई के एक साधारण से अपार्टमेंट में बड़े हुए, जहां कभी पूरे परिवार के पास सिर्फ एक रोटरी टेलीफोन हुआ करता था। संजय मेहरोत्रा कानपुर के एक ऐसे मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं जिसके पास खुद का फोन तक नहीं था। अमेरिका में पढ़ाई के शुरुआती दिनों में वे माता-पिता से बात करने के लिए पड़ोसी का फोन इस्तेमाल करते थे। पड़ोसी को फोन करने के बाद उनके माता-पिता को बुलाने भेजा जाता था।

### कठिन रही मेहरोत्रा की राह

पिचाई और नडेला को विरासत में पहले से स्थापित सॉफ्टवेयर साम्राज्य मिले थे, लेकिन मेहरोत्रा की उपलब्धि पूरी तरह औद्योगिक और कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। मेमोरी चिप का बिजनेस काफी उतार-चढ़ाव वाला और भारी पूंजी निवेश की मांग करने वाला क्षेत्र है, जिस पर ऐतिहासिक रूप से सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स जैसे एशियाई दिग्गजों का दबदबा रहा है। जब मेहरोत्रा ने साल 2017 में माइक्रोन के सीईओ का पद संभाला, तब कंपनी की वैल्यूएशन महज 20 अरब डॉलर थी।

### घर में घुसी सीएचसी प्रभारी की अनियंत्रित कार

# आंगन में सो रहे गृहस्वामी की मौत, मची चीखपुकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की गांव में गुरुवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में घर के आंगन में सो रहे एक ग्रामीण की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे एक घर में जा घुसी। दुर्घटना में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भी घायल हो गए।
जानकारी के अनुसार, पाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार अपनी कार (जेएच 03 एसी 8251) से पाटन से मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे।
इसी दौरान सिक्की गांव के पास एक मोड़ पर चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे स्थित एक घर में घुस गई और आंगन में सो रहे विनोद सिंह को अपनी चपेट में ले लिया।

## चिकित्सक घायल

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्वजन और आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल विनोद सिंह को इलाज के लिए ले जाने की तैयारी की गई, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।
वहीं घायल डॉ. मिथिलेश कुमार को ग्रामीणों की मदद से कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।
बताया जाता है कि मृतक विनोद सिंह टेंपो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। गर्मी के कारण वह घर के बाहर सोए हुए थे। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।
घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बैरिया-पाटन मुख्य सड़क को सिक्की गांव के पास करीब एक घंटे से अधिक समय तक जाम कर दिया। ग्रामीण सरकारी नौकरी और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई।
घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनिल कुमार विद्यार्थी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी डॉ. अमित कुमार झा, सदर एसडीपीओ राजेश कुमार यादव समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।
बीडीओ सह सीओ डॉ. अमित कुमार झा ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलने वाली सुविधाओं का लाभ पीड़ित परिवार को दिलाया जाएगा। आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## अज्ञात वाहन से बच्चे की मौत, माता-पिता जख्मी

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र पैठना टोल प्लाजा के निकट गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई, जबकि माता-पिता जख्मी हो गए।मृतक भागन बिगहा सहयक थाना क्षेत्र के अमित कुमार का वर्षीय पुत्र अर्णव कुमार था। जबकि घायलों में पिता अमित कुमार, मां शिल्पी कुमारी व बहन अनोखी कुमारी शामिल है। उनका इलाज मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ में चल रहा है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा ने बताया कि सुबह पिता जवाहर साव का निधन हो गया। पिता की मौत की सूचना मिलते ही अमित कुमार अपनी पत?नी बिहार पुलिस की सिपाही शिल्पी कुमारी और दोनों बच्चे बेटी अनोखी कुमारी एवं पुत्र अर्णव कुमार के साथ बाइक से घर आ रहे थे। रहुई थाना क्षेत्र के पैठना टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इसमें अर्णव की मौत हो गई। जबकि अमित, उनकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दादा की अर्थी उठने से पहले मासूम पोते की मौत की खबर सुनकर गांव में मातम पसर गया।

# प्रेम प्रसंग में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान से शुक्रवार की सुबह फंदे से लटका एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान टंडवा लोहार मोहल्ला निवासी बाबूराम प्रसाद गुप्ता के 19 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु कुमार उर्फ शुभम गुप्ता के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। वहीं, मृतक के स्वजन ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।
मृतक के दोस्त आयुष कुमार एवं शिवम कुमार ने बताया कि दिव्यांशु का तान्या नामक एक लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लेकिन हाल के दिनों में उक्त लड़की प्रियांशु जायसवाल नामक युवक के करीब आ गई थी। दोस्तों के अनुसार, कुछ दिन पहले दिव्यांशु ने अपनी प्रेमिका को दूसरे युवक के साथ देख लिया था। इसके बाद शहर में आयोजित खाटू श्याम उत्सव के दौरान दिव्यांशु और प्रियांशु जायसवाल के बीच नोकझोंक भी हुई थी।दोस्तों ने बताया कि इस घटना के बाद दिव्यांशु काफी तनाव में रहने लगा था। उसने आयुष एवं शिवम से कहा था कि वह तान्या को किसी दूसरे के साथ नहीं देख सकता और फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेगा।
दोस्तों ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह आत्महत्या करने की बात पर अड़ा हुआ था। स्थिति गंभीर देखते हुए गुरुवार की रात दोनों दोस्तों ने इसकी जानकारी दिव्यांशु के स्वजन को भी दे दी थी।
सूचना मिलने के बाद स्वजन एवं दोस्त रातभर शहर के विभिन्न इलाकों में उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।
शुक्रवार को मिली कि रामा साहू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एक युवक का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ है। सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान दिव्यांशु कुमार के रूप में हुई।

# अब घर बैठे मिलेगा बाबा का प्रसाद

## डाक विभाग ने की अनूठी पहल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2026 को लेकर बाबा नगरी देवघर पूरी तरह तैयारियों में जुट गई है। सावन की पहली सोमवारी के साथ ही एक बार फिर लाखों कांवरियों की भीड़ बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ेगी। इसी बीच भारतीय डाक विभाग ने देशभर के श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष पहल शुरू की है, जिसके तहत अब घर बैठे बाबा बैद्यनाथ धाम का पवित्र प्रसाद प्राप्त किया जा सकेगा।
देवघर प्रधान डाकघर द्वारा शुरू की गई इस सुविधा के माध्यम से श्रद्धालु इलेक्ट्रानिक मनी आर्डर भेजकर बाबा धाम का प्रसाद अपने घर मंगवा सकेंगे।
विभाग की इस पहल को खासकर उन श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, जो उम्र, बीमारी, आर्थिक परेशानी या दूरी के कारण देवघर नहीं पहुंच पाते।
डाक विभाग के अनुसार प्रसाद दो श्रेणियों में उपलब्ध कराया जाएगा। 251 में लगभग 200 ग्राम तथा 501 में लगभग 500 ग्राम प्रसाद भेजा जाएगा।
प्रसाद पैकेट में पेड़ा के साथ कलावा, चूड़ा, इलायची दाना, सिंदूर, विभूति, बेलपत्र तथा बाबा बैद्यनाथ धाम के शिवलिंग का चित्र भी शामिल रहेगा। राशि प्राप्त होने के अधिकतम दो दिनों के भीतर प्रसाद स्पीड पोस्ट से भेज दिया जाएगा।
हाल के वर्षों में आनलाइन प्रसाद और विशेष पूजा के नाम पर बढ़ते साइबर फ्राड को देखते हुए यह सरकारी पहल श्रद्धालुओं के लिए भरोसेमंद विकल्प बनकर सामने आई है।
इंटरनेट मीडिया और फर्जी वेबसाइटों के जरिए ठगी की कई घटनाएं सामने आने के बाद डाक विभाग ने आधिकारिक व्यवस्था के तहत यह सेवा शुरू की है।
डाक अधीक्षक एसके मिश्रा ने बताया कि यह व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने यह पहल शुरू की है। अब देश के किसी भी हिस्से के भक्त घर बैठे बाबा बैद्यनाथ धाम का पवित्र प्रसाद प्राप्त कर सकेंगे। विभाग की पूरी प्रक्रिया सरकारी निगरानी में होगी, जिससे साइबर फ्रड की संभावना बेहद कम रहेगी।
उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि प्रसाद मंगवाने के लिए केवल आधिकारिक डाक व्यवस्था का ही उपयोग करें और किसी भी अनजान लिंक या निजी नंबर पर भुगतान करने से बचें।
श्रावणी मेले की तैयारियों के बीच डाक विभाग की यह पहल अब चर्चा का विषय बनी हुई है। एक ओर जहां देवघर में लाखों कांवरियों के स्वागत की तैयारी चल रही है।

## स्मैक के साथ दो तस्कर धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्राणपुर।** बिहार - बंगाल सीमा पर अवस्थित रोशना थाना क्षेत्र के महानंदा चेक पोस्ट के समीप गुप्त सूचना के आधार पर रोशना पुलिस ने स्मैक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति की तलाशी लेने पर दो सौ ग्राम स्मैक बरामद हुआ। दोनों स्मैक तस्कर को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया।पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम गुलशन कुमार (19)साकिन हरिपुर थाना अलौली एवं सुमन कुमार( 20) साकिन हरिपुर थाना मानसी जिला खगड़िया बताया।
रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर महानंदा चेक पोस्ट के समीप 200 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।मजिस्ट्रेट के रूप में राजस्व पदाधिकारी अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में स्मैक को जप्त करते हुए दोनों स्मैक तस्कर के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# वर्षों से एक ही जगह जमें है 50 जनसेवक, निष्पक्षता पर उठ रहे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले में वर्ष 2012 में कृषि कार्यों के लिए नियुक्त किए गए जनसेवकों का 14 वर्षों बाद भी व्यापक स्तर पर स्थानांतरण नहीं हो सका है। जिला परिषद कार्यालय से नियुक्त 86 जनसेवकों में से 26 दूसरी नौकरी मिलने के बाद इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि वर्तमान में 60 जनसेवक जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। इनमें से केवल 10 जनसेवकों का ही अब तक स्थानांतरण हुआ है, जबकि 50 जनसेवक वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत ने भी जिप अध्यक्ष को पत्र लिखकर जनसेवकों के स्थानांतरण की मांग की है।
जानकारी के अनुसार, नियुक्ति के बाद जिला स्थापना समिति की बैठक में जनसेवकों का पहला पदस्थापन किया गया था। वर्ष 2013 में सरकार ने नियमावली में बदलाव करते हुए प्रतिनियुक्ति की जिम्मेदारी जिला परिषद को सौंप दी।
इसके बावजूद वर्षों बीत जाने के बाद भी स्थानांतरण को लेकर ठोस पहल नहीं की गई। वर्तमान में जनसेवक आपूर्ति विभाग, भू-अर्जन विभाग, जिला परिषद कार्यालय तथा विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में अलग-अलग जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।
लंबे समय तक एक ही स्थान पर कार्यरत रहने से कार्यप्रणाली की निष्पक्षता प्रभावित होने की बात भी सामने आ रही है। वर्ष 2016 में तत्कालीन डीडीसी अजीत शंकर तथा वर्ष 2020 में तत्कालीन डीडीसी अनमोल कुमार सिंह ने स्थानांतरण को लेकर बीडीओ से रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ सका। वर्ष 2022 में जिला परिषद चुनाव के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई।
विभागीय सूत्रों के अनुसार, लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापना से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की आशंका बनी रहती है। वर्ष 2014 में तत्कालीन डीडीसी संजीव शरण ने अपने स्तर से 10 जनसेवकों का स्थानांतरण किया था, लेकिन बाद में कुछ कर्मियों ने विभागीय स्तर पर अपने गृह प्रखंड में पुनः प्रतिनियुक्ति करा ली।
जनसेवकों की नियुक्ति मूल रूप से कृषि विभाग के कार्यों के लिए हुई थी, लेकिन बाद में उन्हें अन्य विभागों में लगाया गया। कई जनसेवक पंचायत सेवक, भू-अर्जन शाखा तथा प्रखंड कार्यालयों में कार्यरत हैं।
जिले के छह प्रखंडों में एजीएम का कार्यभार भी जनसेवकों के भरोसे संचालित हो रहा है। हाल ही में पाकुड़ प्रखंड के एजीएम कार्यालय में कार्यरत सुरेश प्रसाद को छोड़कर अन्य एजीएम का स्थानांतरण किया गया है।

# फिल्मी स्टाइल में पुलिस पकड़ से आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिदुपुर थाना की पुलिस को चकमा देकर शराब के मामले में पकड़ा गया एक आरोपित चलती गाड़ी से कूद कर भाग निकला। घटना बिदुपुर-कुतुबपुर मार्ग की बताई गई है।
आरोपित के कूदने के दौरान पुलिस की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में घुस गई, जिससे दुकान का टीन का एस्बेस्टस क्षतिग्रस्त हो गया।
पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि पुलिस गाड़ी आरोपियों को लेकर जा रही है और इसी दौरान एक आरोपी गाड़ी से छलांग लगाकर फरार हो जाता है।
घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि पुलिस की मौजूदगी में आरोपी कैसे फरार हो गया।
जानकारी के अनुसार गुरुवार को पुलिस चकसिकंदर इलाके से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर थाने ले जा रही थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को शराब के साथ पकड़ा था।
बताया गया कि थाने के एक एसआई आरोपियों में से एक की बाइक लेकर गश्ती गाड़ी के पीछे-पीछे चल रहे थे। इसी दौरान कुतुबपुर के पास गश्ती वाहन की खिड़की से एक आरोपित ने छलांग लगा दी और फरार हो गया। पुलिस दूसरे आरोपी को थाने ले गई।
प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस घटना के दौरान पुलिस की गश्ती गाड़ी असंतुलित हालत में सड़क पर आ रही थी। कुतुबपुर के पास एक किराना दुकान के समीप खड़े लोगों ने हटकर जैसे ही रास्ता दिया, एक व्यक्ति गाड़ी से कूदकर भाग निकला।
इसके बाद अनियंत्रित गाड़ी दुकान में घुस गई, जिससे दुकान के तीन एस्बेस्टस टूट गए। दुकानदार और वहां मौजूद लोगों ने बताया कि वे बाल-बाल बच गए।

# अहले सुबह हुई गोलीबारी से इलाके में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अलकडीह।** झरिया अंचल के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा डुमरी दो नंबर गली में शुक्रवार अहले सुबह हुई गोलीबारी से इलाके में सनसनी फैल गई।
अवैध लोहा कटिंग और वर्चस्व की लड़ाई को लेकर हुई फायरिंग में रिक्की सिंह नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके सीने में लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।
स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब चार बजे डुमरी दो नंबर गली में अचानक दो राउंड फायरिंग हुई। गोली लगते ही रिक्की सिंह जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया।
सूचना मिलते ही जोड़ापोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव बना हुआ है।

## एक जख्मी


सिंदरी डीएसपी प्रकाश चंद्र महतो ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से गोली का एक खोखा तथा रोपवे का कटा हुआ तार बरामद किया है।
पुलिस को आशंका है कि मामला अवैध लोहा कटिंग और चोरी से जुड़ा हो सकता है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।
घायल रिक्की सिंह की पत्नी चंदा कौर ने हर्ष, गोपु और उनके साथियों पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अवैध लोहा कटिंग को लेकर पहले से विवाद चल रहा था और उसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया।
एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विवाहिता ने की आत्महत्या

**प्रतापपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक मोहल्ला निवासी गुलजार साई की 19 वर्षीय पत्नी नैयना प्रवीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे की वजह गोलगप्पा सामने आया है। दरअसल, शाम को गोलगप्पे खाने और खिलाने को लेकर दंपती के बीच कहासुनी हुई थी। विवाद के बाद पति घर से बाहर निकल गया था। इसी दौरान नैयना ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दुपट्टे के सहारे पंखे से झूलकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों और आसपास के लोगों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो नवविवाहिता फंदे से लटकी मिली।
घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।
घटना के बाद मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों के बीच नवविवाहिता की मौत को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

# बकायेदारों की दुकानें प्रशासन करेगा सील

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन करोड़ से अधिक का है बकाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** नगर निगम की दुकानों का वर्षों से किराया नहीं चुकाने वाले दुकानदारों पर अब कार्रवाई की तलवार लटक गई है। करोड़ों रुपये बकाया रहने के बाद नगर निगम प्रशासन सख्त मूड में आ गया है। सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने राजस्व संग्रह को लेकर समीक्षा बैठक कर साफ शब्दों में कहा कि अब नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।
एक सप्ताह के भीतर बकाया राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकानों को सील कर नए सिरे से आवंटन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र के राजस्व संग्रह की समीक्षा बैठक में बताया गया कि शहर के में 21 स्थानों पर लगभग एक हजार से अधिक म्युनिसिपल शॉप संचालित हैं।
वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन दुकानों पर कुल बकाया राशि लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये पहुंच चुकी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 400 से अधिक ऐसे दुकानदार हैं जिनका किराया दो वर्षों से अधिक समय से लंबित है और प्रत्येक पर 50 हजार रुपये से अधिक बकाया है।
सहायक नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका अधिनियम 2013 के तहत कार्रवाई करते हुए लंबे समय से बकायेदार दुकानों को सील किया जाएगा। इसके साथ ही उन दुकानों का नया आवंटन करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। निगम प्रशासन के इस सख्त रुख से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।
बैठक में विशेष रूप से मटवारी स्थित म्युनिसिपल शॉप की स्थिति पर चिंता जताई गई। यहां लगभग 158 दुकानों पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 51 लाख रुपये से अधिक बकाया है।
सहायक नगर आयुक्त ने आज शुक्रवार से विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाने का निर्देश देते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई का आदेश दिया।
साथ ही कहा कि निगम की संपत्तियों का उपयोग कर व्यापार करने वाले दुकानदार यदि समय पर किराया नहीं देंगे तो अब सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर प्रबंधक सह नोडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार सूरज कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रेम विवाह कर लौटे दंपत्ति को देख भड़के परिजन

## तोड़फोड़ व मारपीट, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिद्दी। झारखंड में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 स्थित भुल्ली क्वार्टर में गुरुवार की सुबह उस समय भारी हंगामा और बवाल खड़ा हो गया, जब पिछले कई दिनों से फरार एक प्रेमी युगल अचानक वापस लड़के के घर लौटा।
जोड़े के वापस आने की भनक लगते ही लड़की पक्ष के दर्जनों लोग लड़के के घर आ धमके और जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। इस हिंसक झड़प में लड़के की मां समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।
जानकारी के अनुसार, भुल्ली क्वार्टर निवासी रामवृक्ष और ममता बीते 30 अप्रैल को अपने-अपने घर से लापता हो गए थे। लड़की के अचानक गायब होने के बाद उसके परिजनों ने रामगढ़ थाने में गुमशुदगी/अपहरण की लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी।
पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे घर से भागकर पश्चिम बंगाल चले गए थे, जहां उन्होंने कानूनी और आपसी सहमति से विवाह कर लिया था। शादी के बाद ममता ने अपने परिजनों को फोन कर अपने सुरक्षित होने और विवाह की जानकारी दे दी थी। ममता का आरोप है कि उसके परिवार वालों ने उन्हें वापस आने और सामाजिक रीति-रिवाज से दोबारा शादी कराने का भरोसा दिया था, जिसके बाद ही वे दोनों वापस रामगढ़ लौटे थे।
भरोसा देकर बुलाने के बावजूद, जैसे ही सुबह यह जोड़ा लड़के के घर पहुंचा, लड़की पक्ष का गुस्सा फूट पड़ा। देखते ही देखते मामला गाली-गलौज से शुरू होकर खूनी संघर्ष में बदल गया।
उत्तेजित भीड़ ने लड़के के घर का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया और भीतर घुसकर मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में लड़के के परिवार के तीन सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं।



घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद रंधीर गुप्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने उग्र लोगों को शांत कराने का प्रयास किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ थाना पुलिस को सूचित किया।
सूचना पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रण में लिया। थाने में पुलिस के समक्ष बयान देते हुए ममता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे दोनों बालिग हैं और उसने अपनी मर्जी से रामवृक्ष के साथ विवाह किया है।

# यौन शोषण के आरोप में लोहरदगा के पुलिस उपाधीक्षक पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। रांची के चुटिया थाना में लोहरदगा में पदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह के खिलाफ गंभीर आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।
रांची निवासी 25 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि डीएसपी ने शादी का झूठा वादा कर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया, गर्भपात करवाया और बाद में धमकियां भी दीं।
पुलिस ने युवती के आवेदन के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसकी पहचान वर्ष 2024 में फेसबुक के माध्यम से गिरिडीह जिले के अहिल्यापुर निवासी अमित कुमार सिंह से हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। युवती का आरोप है कि अमित ने उससे शादी का वादा किया और कावेरी रेस्टोरेंट में मुलाकात के दौरान भरोसा दिलाया कि वह उसी से शादी करेगा। इसके बाद 10 दिसंबर 2024 को वह उसे तुपुदाना स्थित एक गेस्ट हाउस ले गया, जहां शादी का भरोसा देकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाया। युवती ने आरोप लगाया कि 12 जनवरी 2025 को सर्किट हाउस के कमरा नंबर 210 में भी उसके साथ संबंध बनाए गए।
आवेदन में यह भी कहा गया है कि 5 फरवरी 2025 को आरोपित ने युवती का फर्जी आधार कार्ड बनवाया, जिसमें उसका दूसरा नाम दर्ज कराया गया। इसी पहचान पत्र के सहारे वह उसे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में लेकर गया।
बाद में मार्च 2025 में भी एक अन्य होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए। पीड़िता का आरोप है कि गर्भवती होने पर आरोपित ने उसे दवा खिलाकर जबरन गर्भपात करवा दिया।
युवती ने बताया कि जब उसने इस मामले की शिकायत पुलिस मुख्यालय में की, तब आरोपित के पिता ने कहा कि अमित की शादी जनवरी 2025 में किसी अन्य महिला से हो चुकी है।
इसके बाद आरोपित और उसके घरवालों ने सामाजिक बदनामी का डर दिखाकर उससे जबरन समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करवा लिए। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया और धमकी दी गई।
इस मामले में सिटी डीएसपी केवी रमण का कहना है कि युवती के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बीडीओ ने शिक्षक को सौंपा नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के मध्य विद्यालय एकौना में शारीरिक शिक्षक राकेश रंजन करेंगे पाठ ग्रहण जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने नियुक्ति पत्र राकेश कुमार रंजन को सौंपा । मध्य विद्यालय एकौना के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार को भी एक प्रतिलिपि सोपी गई ।
मध्य विद्यालय एकौना को शारीरिक शिक्षक मिल जाने से विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को समुचित लाभ मिलेंगे। मध्य विद्यालय एकौना में वर्ग एक से लेकर आठ तक में कुल 550 छात्र छात्राएं नामांकित हैं। इस अवसर पर प्रखंड संसाधन केंद्र मनसाही के लेखापाल अरुण कुमार उपस्थित रहे ।

CMYK

एशियाई खेल ट्रायल विवाद

## विनेश फोगाट को राहत देने वाले हाईकोर्ट फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा WFI

**नई दिल्ली।** पहलवान विनेश फोगाट को एशियाई खेल 2026 के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ शुक्रवार 29 मई 2026 को महासंघ की याचिका पर सुनवाई करेगी।
गत 22 मई को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति देते हुए कहा था कि डब्ल्यूएफआई की चयन नीति भेदभावपूर्ण थी क्योंकि मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली उनके जैसी दिग्गज खिलाड़ी पर विचार करने का उसमें कोई




अधिकारी नहीं था। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि 30 और 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल की महासंघ द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय ओलंपिक संघ का एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी मौजूद होगा।
हाई कोर्ट ने कहा कि चयन ट्रायल्स के लिए तय किए गए मानक पिछली प्रथा से काफी अलग हैं। पिछली प्रथा में एशियन गेम्स के लिए मशहूर खिलाड़ियों के चयन में विशेष अधिकार का प्रावधान था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कानून को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मां बनना विनेश फोगाट जैसी महिला एथलीटों को बाहर करने का आधार न बने। हाई कोर्ट ने जोर देकर कहा कि मां बनने को पेशेवर बाधा या ऐसा कोई कारण नहीं माना जा सकता जिसके आधार पर किसी के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाए।

## वैभव सूर्यवंशी T20 के डॉन ब्रैडमैन

- ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने की 'बॉस बेबी' की सराहना

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने जो खेल दिखाया, उसके बाद पूरा सोशल मीडिया वैभव मय हो चुका है। खेल जगत, राजनीति, बॉलीवुड हर जगह से सिर्फ इस युवा खिलाड़ी पर ही रिएक्शन आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया हो, इंग्लैंड हो, वेस्टइंडीज हो हर जगह के धाकड़ खिलाड़ी वैभव की तारीफ में कसीदे पढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने तो इनडायरेक्टली वैभव को टी20 का डॉन ब्रैडमैन कहे डाला। जबकि क्रिस गेल ने वैभव को नई सिक्स मशीन कहते हुए नया नाम दे दिया।




**वैभव सूर्यवंशी टी-20 के डॉन ब्रैडमैन!-** वैभव सूर्यवंशी की 29 गेंद पर 97 रन की पारी के बाद सोशल मीडिया पर रिएक्शन की बाढ़ आ गई। टॉम मूडी ने उनकी बल्लेबाजी के बाद क्रिकइंफो पर बड़ा बयान देते हुए कई बड़ी बातें कहे डालीं। उन्होंने कहा, 'मुझे समझ नहीं आता कि उसके खेल को कैसे एक्सप्लेन करूं। सालों पहले या पीछे कई बार अलग-अलग फॉर्मेट में ऐसे खास खिलाड़ी आए हैं। हम सबने देखा है कि टेस्ट में डॉन ब्रैडमैन ने 100 की औसत से रन बनाए और उनके बाद सेकंड बेस्ट है 60 का औसत। ऐसा ही खेल वैभव टी20 क्रिकेट में दिखा रहे हैं।' निश्चित ही वैभव जिस तरह से टी20 फॉर्मेट खेल रहे हैं, उनके आसपास कुछ समय बाद कोई भी खिलाड़ी नहीं रहे जाएगा।

फीफा विश्व कप | वार्म-अप मैचों से हुए बाहर

# नेमार का पहला मैच खेलना संदिग्ध





**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में करिश्मा करने की तैयारी कर रही ब्राजील की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार फॉरवर्ड नेमार का विश्व कप के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। नेमार वार्म-अप मैचों से भी बाहर हो गए हैं। ब्राजील को रविवार को ब्रासीलिया में पनामा के खिलाफ मैच खेलना है। इसके बाद ब्राजील 5 जून को मिस्र के खिलाफ अपना दूसरा वार्म-अप मैच खेलेगी। इन दोनों मैचों में नेमार के खेलने की संभावना नहीं है। ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (सीबीएफ) ने बताया, 'बुधवार को नेशनल कैंप में शामिल हुए नेमार विश्व कप के पहले ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्हें अपनी चोटिल दाहिनी पिंडली के लिए और मेडिकल जांच करवानी पड़ी।'

नेमार के स्कैन से ग्रेड 2 की पिंडली की चोट की पुष्टि हुई है। सीबीएफ के मेडिकल विभाग के अनुसार, 'यह वही चोट है जिसने इस फॉरवर्ड खिलाड़ी को 17 मई से खेल से दूर रखा हुआ है। 17 मई को ही उन्होंने आखिरी बार ब्राजील की नेशनल लीग में सैंटोस की ओर से खेलते हुए कोरीटिबा के खिलाफ मैच खेला था। इस मैच में सैंटोस को हार का सामना करना पड़ा था।'

सीबीएफ के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इस अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी को ठीक होने में लगभग दो से तीन सप्ताह लगेंगे। इससे विश्व कप में उनके खेलने की उम्मीदें बहुत कम रह गई हैं। नेमार बुधवार को कैंप में पहुंचे और रियो डी जनेरियो के बाहर टेरेसोपोलिस में स्थित पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील के ट्रेनिंग सेंटर में बाकी टीम के साथ शामिल हुए। अंतिम मेडिकल जांच के नतीजों का इंतजार है, लेकिन ऐसा बहुत कम ही लगता है कि नेमार इस रविवार को ब्रासीलिया में पनामा के खिलाफ होने वाले विश्व कप से पहले ब्राजील के पहले वार्म-अप मैच में खेल पाएंगे।

ईएसपीएन ब्राजील ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को विला बेलमिरो में कोपा सुदामेरिकाना के एक मैच में सैंटोस को डेपोर्टिवो कुएन्का के खिलाफ 3-0 से जीतते देखने के बाद, नेमार ने वर्ल्ड कप में अपनी उपलब्धता को लेकर जताई जा रही चिंताओं को ज्यादा तवज्जो नहीं दी।

बता दें कि ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले नेमार का करियर पिछले 2 साल से इंजरी की वजह से बुरी तरह प्रभावित है।

## एएफसी अंडर-20 एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान

सीरिया और बांग्लादेश से होगा

**कुआलालंपुर।** भारत की अंडर-20 पुरुष टीम को एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के ग्रुप बी में रखा गया है। भारतीय टीम उज्बेकिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसकी घोषणा एफसी हाउस में हुए ड्रॉ के बाद की गई। उज्बेकिस्तान 25 अगस्त से 6 सितंबर, 2026 के बीच अपनी राजधानी



ताशकंद में एक सेंट्रलाइज्ड एकल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। इस साल की शुरुआत में घोषित एएफसी युवा प्रतियोगिताओं के नए फॉर्मेट के अनुसार, एएफसी अंडर-20 एशियन कप क्वालीफायर्स में एक दो-चरण वाली प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें प्रमोशन और रेलिगेशन का तंत्र शामिल है। क्वालिफिकेशन चरण में, 32 टीमों को चार-चार टीमों के आठ ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से ग्रुप विजेता और सात सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एएफसी अंडर-20 एशियन कप के 43वें संस्करण के लिए आगे बढ़ेंगी। वहीं, प्रत्येक ग्रुप की सबसे नीचे रहने वाली टीम को अगले संस्करण के डेवलपमेंट चरण में भेज दिया जाएगा।
आगामी क्वालीफायर्स के डेवलपमेंट चरण के लिए, 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से तीन ग्रुप विजेता और प्रत्येक ग्रुप की दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमों को अगले संस्करण के क्वालिफिकेशन चरण में प्रमोट किया जाएगा। टीमों का वरीयता क्रम पिछले तीन संस्करणों (2018, 2023, 2025) में उनके प्रदर्शन और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की संख्या के आधार पर तय किया गया था। 20वें स्थान पर मौजूद भारत को क्वालिफिकेशन चरण में पॉट 3 में रखा गया था।
भारत का लक्ष्य 2006 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-20 एशियन कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। 2006 में भारत ने ही इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में ईरान के साथ संयुक्त विजेता बनना रहा है।
पिछले संस्करण (2025) में, भारतीय टीम गोल अंतर के आधार पर क्वालीफाई करने से मामूली अंतर से चूक गई थी।

# हार्दिक की कप्तानी जाना तय

### मुंबई इंडियंस से हो सकती है छुट्टी, सीनियर खिलाड़ियों से कोचिंग स्टाफ नाराज







**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस ने 14 में से 10 मैच गंवाए और 9वें नंबर पर रही। इस खराब प्रदर्शन के बाद हार्दिक पंड्या की कप्तानी जाना तय है। टीम से भी उनकी छुट्टी हो सकती है। मुंबई इंडियंस अपने स्क्वाड में बड़े बदलाव करने के लिए तैयारी में है। इसकी शुरुआत कप्तानी से होगी। मीडिया से मुंबई इंडियंस से जुड़े तीन लोगों से बात की। इस दौरान पता चला कि हार्दिक की कप्तानी जाने की संभावना है। टीम में उनकी जगह पर भी चर्चा हो रही है। इसके अलावा सीनियर खिलाड़ियों से कोचिंग स्टाफ नाराज है। सूत्र ने कहा,'सत्र के दौरान इस बात के काफी संकेत मिले कि टीम मैनेजमेंट उन्हें कप्तान बनाए रखने के लिए उत्सुक नहीं था। टीम में साफ तौर पर चर्चा है।' राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के सीजन के आखिरी मैच के बाद कोचिंग स्टाफ ने टीम से बातचीत की। सूत्र ने कहा, 'कोचिंग स्टाफ ने सीनियर खिलाड़ियों को यह साफ-साफ बताया कि वे जहां भी खेलें, उन्हें कोचों की बात माननी होगी। ऐसे कई मौके आए जब कोचिंग स्टाफ ने कुछ ऐसा बताया जो डेटा पर आधारित था, लेकिन खिलाड़ियों ने उसे नहीं माना।'

**मुंबई इंडियंस हर विकल्प पर विचार करेगी**-आगे क्या होगा? मुंबई इंडियंस के एक पुराने जानकार के अनुसार, 'आने वाले दिनों में इस पर गंभीरता से सोचा जाएगा और चर्चा होगी। हर विकल्प पर विचार होगा। कई सवालों पर ध्यान देने की जरूरत है। आगे चलकर, क्या हार्दिक कप्तान बन रह सकते हैं? क्या वह सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर टीम में रहेंगे?'

**समस्या केवल कप्तानी नहीं**-समस्या कप्तानी से भी गहरी है। एक और सूत्र ने कहा, 'हम इस आईपीएल में कुछ ज्यादा सफल टीमों की तरह पावरप्ले का इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। हम समय के साथ आगे नहीं बढ़ पाए हैं।' इस साल प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीमों राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने टी20 में बल्लेबाजी को नए तरीके परिभाषित किया। टॉप ऑर्डर ने लगातार 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा से रन बनाए।

**मुंबई इंडियंस का कोई भी खिलाड़ी ऑरेंज या पर्पल कैप की रेस में नहीं था**-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस में अनुभवी गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज की अहमियत दिखने को मिली।

प्रगनानंदा ने 15 साल बड़े वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी को हराया

# विश्व चैंपियन गुकेश की लगातार दूसरी हार




**नई दिल्ली।** भारत के 20 वर्षीय युवा ग्रैंड मास्टर आर प्रगनानंदा ने अपने शानदार प्रदर्शन को नॉर्वे चेस 2026 में भी जारी रखा है। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 1 और अपने से उम्र में 15 साल बड़े मैग्नस कार्लसन को एक बार फिर से धूल चटाई है। 2024 के इस टूर्नामेंट में भी भारतीय खिलाड़ी ने कार्लसन को मात दी थी। दूसरी तरफ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है।

बुधवार को नॉर्वे के ओस्लो में हुए तीसरे राउंड के मैच में प्रगनानंदा ने जीत के साथ पूरे 3 अंक अर्जित किए। जबकि डी गुकेश का हार का सिलसिला नहीं रुक पाया। अलिरेजा फिरोजा से हारने के बाद बाद उन्हें लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है। प्रगनानंदा इससे पहले सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया में भी बेहतरीन प्रदर्शन करके आए हैं। वह नॉर्वे चेस टूर्नामेंट शुरू होने से एक शाम पहले ही ओस्लो पहुंचे थे।

### हार के बाद क्या बोले गुकेश

**प्रगनानंदा ने जीत के बाद दी प्रतिक्रिया**-गुकेश ने अपनी हार के बाद स्वीकारा कि, विरोधी खिलाड़ी लगातार पूरे गेम में उनसे आगे थे। इस साल गुकेश को अपना वर्ल्ड चैंपियन टाइटल भी जवोखिर सिंदारोव के खिलाफ डिफेंड करना है। उनके प्रदर्शन के ग्राफ का यूं लगातार गिरना आगे आने वाले समय में उनके विश्व चैंपियन टाइटल को नुकसान पहुंचा सकता है।

जब सिर्फ 3 साल के थे वैभव सूर्यवंशी

## उसी वक्त हो गई थी 97 रन की भविष्यवाणी, आर्चर का 12 साल पुराना पोस्ट वायरल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार पेसर और राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की पहले भी कई पुरानी पोस्ट वायरल होती रही हैं। उनकी




पुरानी पोस्ट को अक्सर वर्तमान में होने वाली घटनाओं से जोड़ा जाता है। कई लोगों का मानना है कि आर्चर की यह भविष्यवाणी हैं। ऐसा ही एक पोस्ट गुरुवार (28 मई 2026) को सामने आया है। इस पोस्ट में आर्चर ने 97 लिखा था। अब इसको बुधवार को वैभव द्वारा आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में खेली गई 97 रन की पारी से जोड़ा जा रहा है।
**आर्चर का 12 साल पुराना ट्वीट वायरल-** जोफ्रा आर्चर के इस पुराने ट्वीट को राजस्थान रॉयल्स की फ्रेंचाइजी ने खुद अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया है। यह पोस्ट अगस्त 2014 का है। इसमें आर्चर ने 97 लिखा है और उसके बाद प्रश्न चिन्ह लगाते हुए फायर का इमोजी लगाया है।

## बोले फिट इंडिया के निदेशक कांडपाल

# भारत के पास विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं | लेकिन मनोवैज्ञानिक तैयारी में रह जाती है थोड़ी कमी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम के निदेशक सुशांत कांडपाल का मानना है कि खेल सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भारत अब दुनिया के किसी भी बड़े देशों से पीछे नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोवैज्ञानिक तैयारी पर ज्यादा काम करने की जरूरत है। मीडिया से सुशांत कांडपाल ने फिट इंडिया अभियान, कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की उम्मीदों और युवाओं में खेल संस्कृति बढ़ाने को लेकर विस्तार से बात की।

**सवाल : भारत सरकार के कार्यक्रम फिट इंडिया और कॉमनवेल्थ गेम्स में क्या सामंजस्य देख रहे हैं?**

**सुशांत कांडपाल :** सबसे बड़ा सामंजस्य यह है कि हम जनता को एक तरह से फिटनेस का संदेश देते हैं। हम चाहते हैं कि जनता क्रिकेट को तो फॉलो करे ही बल्कि अन्य सभी खेलों से भी बराबर का जुड़ाव रखें।
कॉमनवेल्थ हमारे लिए एक बहुत महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है। हम इसका आयोजन भी करने जा रहे हैं।
कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रदर्शन भी बहुत अच्छा रहता है।



**सवाल : हमारे बहुत से ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनमें प्रतिभा तो बहुत होती है, लेकिन फिटनेस इश्यू होने के कारण विश्व स्तर पर कहीं न कहीं पिछड़ जाते हैं?**

**सुशांत कांडपाल :** मैं इसमें थोड़ा सा सुधार करना चाहूंगा। दो-तीन चीजों पर बोलूंगा। आपकी बात ठीक है। मुझे भी ऐसा लगता है कि हमारा थोड़ा सा शायद साइकोलॉजिकल दृष्टिकोण है कि हम मानसिक तौर पर कभी-कभी हल्का सा पीछे रह जाते हैं। मौजूदा समय में हमारे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर की जो सुविधाएं हैं, वे किसी भी मायने में, किसी भी अच्छे देश से कम नहीं हैं। अगर आप ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला करें, चाइना का करें, हमारे पास वे सारी सुविधाएं हैं, चाहे वह स्पोर्ट्स साइंस हो, बॉयोमैकेनिक्स हो, कोचेस हों, कि जो एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मात दे सकती हैं। हालांकि, आप कह सकते हैं कि थोड़ा सा एक मनोवैज्ञानिक तैयारी की बात है, एक हमारे यहां क्या है कि थोड़ा सा जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है, ताकि हम ज्यादा से ज्यादा टैलेंट को चिह्नित करें और उनको ऊपर ले जाएं। फिटनेस की जहां तक बात है तो ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि शायद हम शुरुआती दौर में तैयारी करने में थोड़ा सा लेट हो जाते हैं।

**सवाल : देश के युवाओं और उनके माता-पिता को क्या संदेश देना चाहेंगे?**

**सुशांत कांडपाल :** मैं यही संदेश देना चाहूंगा कि आप कृपया खेलों को बढ़ावा दीजिए। अपने बच्चों को प्रोत्साहित करिये कि वे फिटनेस से जुड़ें, स्पोर्ट्स खेलें और जिसकी जिसमें रुचि है उस खेल को वह पूरी तरीके से भले ही वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने के लिए न हो, सिर्फ अपने शौक के तौर पर ही हो, लेकिन जरूर खेलें।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कर्मियों ने तंबाकू मुक्त समाज निर्माण की ली शपथ

## निकोटिन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पीआईबी रांची एवं सीबीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तंबाकू निषेध की शपथ ली तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का लिया संकल्प। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रांची तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), रांची के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। शपथ के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहेंगे, अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे तथा स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तंबाकू नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर दूरदर्शन समाचार इकाई, झारखंड के प्रमुख एवं सहायक निदेशक दिवाकर कुमार, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह दूरदर्शन रांची के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर, सीबीसी के तकनीकी सहायक राजा आलम समेत पीआईबी और सीबीसी के अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने विभागीय जनजातीय भाषा परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर, (पलामू)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में आगामी विभागीय जनजातीय भाषा की परीक्षा (1 जून से 5 जून तक/ स्थान - गिरिवर +2 हाई स्कूल) को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच कर ली जाए। परीक्षा केंद्र पर जैमर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे (मोबाइल फोन, टैब, स्मार्ट वॉच) गैजेट, प्रवेश पत्र, कक्ष निर्धारण इत्यादि की जाँच परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पूर्व ही करे एवं अभ्यर्थियों के प्रवेश-निकास की प्रक्रिया को सरल एवं व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया जाए। आयुक्त के निदेशानुसार अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में मेडिकल किट, बिस्किट, पानी और सी.सी.टीवी. की व्यवस्था की गई है। आयुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, इसके साथ ही आयुक्त ने दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल परीक्षा कक्ष की व्यवस्था कराई है जिससे उन्हें परीक्षा देने में कोई कठिनाई नहीं हो सके। बैठक में परीक्षा सामग्री की सुरक्षा एवं गोपनीयता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि प्रश्नपत्र एवं अन्य गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित रख-रखाव एवं समय पर वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागीय जनजातीय भाषा परीक्षा महत्वपूर्ण परीक्षा है,इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शांति एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## केन्द्रीय मंत्री ने की समीक्षा

**कोडरमा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की समीक्षा की।

# विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**चैनपुरा (पलामू)।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा कल्याण गुरुकुल चैनपुर, पलामू में विनायक दामोदर सावरकर जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सनी कुमार, द्वितीय स्थान शंकर उरांव एवं तृतीय स्थान जेठू लाल सोरेन ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरफराज अंसारी द्वितीय स्थान कुलदीप उरांव तथा तृतीय स्थान अंकित मिंज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने बोला कि 28 मई को भारतीय स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई जाती है एवं उनके निडर बलिदान एवं साहित्य की योगदान और आत्मनिर्भर राष्ट्र के प्रति आजीवन समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण अदम्य साहस और त्याग की मिसाल स्वतंत्रता वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। सावरकर मन तेज सावरकर मन त्याग सावरकर मन राष्ट्रभक्ति वीर सावरकर की जयंती पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। कल्याण गुरुकुल के प्रिंसिपल ने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर वीर सावरकर की जयंती प्रति वर्ष 28 में को मनाई जाती है। उनका जन्म 28 मई 1883 ई में महाराष्ट्र के नासिक जिले के भंगुर गांव में हुआ था। वीर सावरकर कहा करते थे कष्ट ही तो वह शक्ति है जो मनुष्य को आगे बढ़ाने में प्रेरित करती है। वे बचपन से ही अदम्य साहसी, और देशभक्त थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ दाव पर लगा दिया था। उन्होंने यह संदेश दिया था। अपने देश के प्रति स्वतंत्रता अखंडता के लिए सर्वत्र जीवन निछावर कर देना ही सबसे बड़ा धर्म है यही साहस और देश भक्ति के प्रति अपना जीवन निछावर कर देने के कारण उन्हें वीर सावरकर के नाम से जाना जाता है तथा इस कार्यक्रम का समापन मनोरंजन तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक आशीष रंजन उपाध्याय, ट्रेनर रोशन लकड़ा, एवं कल्याण गुरुकुल के एम ए मिथिलेश कुमार यादव उमाकांत जी, मोहित दूबे, दीपक कुमार, पंकज कुमार, रोशन दूबे अजीत शर्मा आदि कई लोग शामिल थे।

# एसबीआई एटीएम के सुरक्षा कर्मियों ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन

**जमशेदपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारी वर्षा और आंधी के बीच एसबीआई एटीएम के सुरक्षा कर्मियों ने आज उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना और प्रदर्शन किया। इन गाडर्स के समर्थन में पोटका के विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा भी इन गार्ड्स के साथ है। वहीं कांग्रेस भी इस आंदोलन में साथ खड़ा हो गई है। यह लोग पहले डब्ल्यूडब्ल्यूएसओ कंपनी में कार्यरत थे। इस कंपनी के स्थान पर नई कंपनी सीआईएसएस को प्रभार दे दिया गया है। अब यह नई सिक्योरिटी एजेंसी ने पिछले 10-15 सालों से काम करने वाले एटीएम सुरक्षा कर्मियों को हटा दिया है। उसके स्थान पर बिहार एवं झारखंड के विभिन्न स्थानों से सिक्योरिटी एजेंसी ने गार्ड्स की बहाली करके काम दे दिया है। 1 मई से इन लोगों को बिठाने के बाद से यह सब सिक्योरिटी गार्ड ने नई एजेंसी से निवेदन किया कि उसे काम पर रखा जाए, नहीं तो भूखे मर जाएंगे। लेकिन उसके पदाधिकारी इन्हें डांट कर भगा दिए हैं। इन लोगों का उपायुक्त से मांग की है कि जितने पुराने सुरक्षाकर्मी है, उन्हें पुनः रखा जाए और जो उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं, उन पर एक्शन लिया जाए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू

## शिक्षक और विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर साहिबगंज के राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया। मॉडल कॉलेज राजमहल में कर्मचारियों छात्र छात्राओं ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह के नेतृत्व में एक विशेष योगा सत्र का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर योगा फॉर हेल्दी एजिंग की थीम पर आधारित रहा। प्राचार्य श्री सिंह ने अब से प्रत्येक शनिवार आस पास के बुजुर्गों के साथ कॉलेज परिसर में योग करने पर भी कार्य कर रहे है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय राजमहल की वार्डन मारग्रेट हेंब्रम बताती है कि प्रधानमंत्री लगातर देश वासियों को तंदुरुस्त रहने के लिए योग करने की सलाह विभिन्न सामूहिक पटल से दे रहे हैं। योग स्वस्थ रहने अध्ययन अध्यापन में एकाग्रता को भी बढ़ाता है। योग हर उम्र के लोगों के लिए है। आज डॉक्टर के पास मरीजों का तांता लगा रहता है। योग से बीमार होने की नौबत ही नहीं आती है।

मॉडल कॉलेज राजमहल की छात्रा प्रतिभा रक्षित भी पिछले कई वर्षों से योग करती है। प्रधानमंत्री ने उनके जन्म दिन पर पत्र लिखकर बधाई दी है। कॉलेज की अन्य छात्रा ने भी बताया कि योग करने से उनके स्वस्थ पर काफी सकारात्मक असर पड़ा है अब वह पढ़ाई में भी अच्छा कर रही है। लड़कियों ने प्रधानमंत्री के बातों को ध्यान में रखकर योगाभ्यास कर अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करती है। किशोर किशोरियों में हार्मोनल चेंज इस उम्र में स्वाभाविक है। खासकर लड़कियों में मासिक धर्म के दौरान उत्पन्न समस्याओं में भी बहुत हद तक योगा लाभदायक है। छात्राओं के इस समस्या में योगाभ्यास कर लाभ मिला है। सबको योग अभ्यास निरंतर करना चाहिए। छात्राओं के साथ साथ छात्रों में भी योग के प्रति रुझान बढ़ा है। पहले यह लोग बोलने पढ़ने में झिझकते थे परन्तु योग से इस पर भी परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री निरंतर लोगो को स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूक कर रहे है। यह एक अच्छी पहल है। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। आज योग के महत्व को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। योग के प्रति लोग जागरूक भी हुए है और अपने दैनिक दिनचर्या में इसको शामिल भी कर रहे हैं।

# बिहार का प्रथम राष्ट्रवादी साप्ताहिक अखबार : 'पाटलिपुत्र'

## हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली दो सौ वर्ष पर विशेष

डॉ ध्रुव कुमार



भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में बिहार की धरती ने अनेक ऐसे समाचार पत्रों को जन्म दिया, जिन्होंने केवल खबरें प्रकाशित नहीं कीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की चेतना को भी दिशा दी। इन्हीं महत्वपूर्ण पत्रों में एक था -'पाटलिपुत्र'। यह समाचार-पत्र बिहार में राष्ट्रीय जागरण, ऐतिहासिक चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रभावशाली माध्यम बना। प्रसिद्ध इतिहासकार, विद्वान और राष्ट्रवादी चिंतक डॉ काशी प्रसाद जायसवाल के संपादन में प्रकाशित यह पत्र बिहार की बौद्धिक और राजनीतिक चेतना का महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 27 वें अधिवेशन (बांकीपुर, पटना) ने बिहार के राजनैतिक जीवन में उथल-पुथल मचा कर रख दी। बिहार का बंगाल से अलग होने की 1912 ई. की घटना राष्ट्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति में सहायक माना गया। बिहार की राजनीति निर्णायक दौर में थी। लोग निःस्वार्थ देश-प्रेम, निर्भीक विचार तथा अटल संकल्पों के दीवाने बनकर जोशपरक पठनीय सामग्रियों की तलाश करने लगे थे। कहा जाता है कि 'पाटलिपुत्र' इन्हीं दीवानों की राष्ट्रीय आकांक्षाओं की उपलब्धि बनकर सामने आया। राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत इस अखबार को बिहार का प्रथम राष्ट्रवादी साप्ताहिक की संज्ञा दी जाती है। 'पाटलिपुत्र' के प्रकाशन की शुरुआत पटना के चौधरी टोला में हथुआ नरेश महाराज महादेव शाही के 'एक्सप्रेस प्रेस' से 1914 ई. में हुआ। इसके संस्थापक संपादक के रूप में काशी प्रसाद जायसवाल सबकी पसंद बने। उन दिनों काशी प्रसाद जायसवाल को अंगरेजी हुकूमत की नजरमें 'एक खतरनाक क्रांतिकारी' थे। राष्ट्रवादी गतिविधियों में सम्मिलित होने एवं अंगरेजी सरकार के विरुद्ध आंदोलनकारियों से मिलकर कुचक्र करने के आरोप में उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट का जज बनने में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनके पटना आने की सूचना के बाद अंगरेजी सरकार स्थानीय जिला मजिस्ट्रेट और आरक्षी अधीक्षक के माध्यम से उनके क्रियाकलापों एवं उनसे मिलने- जुलने वालों की सूचनाएं संग्रह कर रही थी। एक तरह से काशी प्रसाद जायसवाल पर अंग्रेजों द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही थी। इन परिस्थितियों में काशी प्रसाद जायसवाल ने पाटलिपुत्र के प्रकाशन का कार्य शुरू किया। उनका मासिक वेतन 250 रूपये निर्धारित किया गया। सहकारी संपादक महावीर प्रसाद गहमरी को 75 रूपये और प्रूफ संशोधन के लिए पारस नाथ तिवारी को 35 रुपए मिलते थे। कुछ महीने तक तो काशी प्रसाद जायसवाल 'पाटलिपुत्र' में अपनी विद्वता एवं गंभीरता का पोषण करते रहे, किंतु धीरे-धीरे उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों के ओजपूर्ण अग्रलेखों से पाठक- वर्ग में क्रांति की नई लहर पैदा कर दी। राष्ट्रीय स्वर, तीखे तेवर और अच्छी साफ-सुथरी छपाई, ले-ऑउट एवं आकर्षक साज-सज्जा के कारण पाटलिपुत्र अपने शुरुआती दौर में ही बिहार एवं पड़ोसी राज्यों के प्रबुद्ध और जागृत जनता की पहली पसंद बन गया। धीरे धीरे पाटलिपुत्र की लोकप्रियता परवान चढ़ने लगी। 10 अगस्त, 1914 के अंक में काशी प्रसाद जायसवाल के संपादकीय ने अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी। उन्होंने लिखा - 'विश्व परिवेश में अंगरेजी सरकार युद्धों में फंस चुकी है और उसे अपनी कमजोर स्थिति का आभास होने लगा है। इसीलिए भारतवर्ष के स्वतंत्रता आंदोलन को भी वह सख्ती से कुचल देना चाहती है, ताकि यह उपनिवेश भी कहीं उसके हाथों से न निकल जाए। परंतु सरकार को यह सोच लेना चाहिए कि वह देशप्रेम की व्यापक उत्तेजना को रोक सकने में अंततोगत्वा असफल रहेगी।' जनता को अंग्रेजी सरकार के विरोध में भड़काने वाली ऐसी बातों के छपने की तीखी प्रतिक्रिया तो होनी ही थी। बिहार के तत्कालीन अधिकारी असंतुष्ट और नाराज हो गए। उन्होंने पाटलिपुत्र के प्रकाशक हथुआ महाराज से अपनी नाराजगी प्रकट की। जाहिर है ब्रिटिश सरकार के लगातार बढ़ते दबाव में अंततः काशी प्रसाद जायसवाल ने 'पाटलिपुत्र' से अपने को अलग कर लिया। काशी प्रसाद के बाद सोना सिंह चौधरी इसके संपादक बनाए गए। पारसनाथ त्रिपाठी, रामानंद द्विवेदी और ईश्वरी प्रसाद शर्मा सहकारी संपादक के रूप में उनकी मदद करने लगे। सोना सिंह चौधरी ने भी काशी प्रसाद जायसवाल की ही राह पकड़ी। उन्हें भी अपने निर्भीक राष्ट्रवादी विचारों के प्रकाशन में किसी की भी दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं थी। जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद भारतीय मस्तिष्क को व्यापक पैमाने पर झकझोरनेवाली सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना चंपारण के नीलहों पर अत्याचार और उनकी बर्बरता थी। अपनी चंपारण यात्रा के दौरान जेल से छूटने के बाद दोगुने उत्साह से गांधीजी ने चंपारण के अलावा मोतिहारी और बेतिया के ग्रामीण इलाकों में घूम-घूम कर रैयतों के बयान लेने शुरू कर दिये। राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा (पृष्ठ 498) में लिखा,- 'शायद ही कोई प्लांटर बचा हो जिसके रैयत सैंकड़ों की संख्या में हमारे पास नहीं आये हों तथा अपनी शिकायत पूरे विस्तार से नहीं लिखाये हों। 'शीर्षस्थ नेता के नेतृत्व में जनमत संग्रह के इस अभियान से अंग्रेज निलहे घबरा उठे। उन सबों ने संगठित होकर उच्चाधिकारियों से गांधीजी की शिकायत की, उनके विरुद्ध झूठी अफवाहें फैलाईं और उन्हें नीचा दिखाने के लिए अखबारों में मनगढ़ंत खबरें छपवाईं लेकिन पत्र-पत्रिकाओं ने उनके समस्त आरोपों को बेबुनियाद और मिथ्या बताकर निरस्त कर दिया। 'पाटलिपुत्र' ने जांच-कार्य में अड़ंगा लगाने की आलोचना की। 12 मई 1917 के अंक में पाटलिपुत्र ने अपने संपादकीय में लिखा- 'गांधीजी की प्रवृत्ति, स्वभाव और काम करने के वैधानिक तरीकों से पूरा राष्ट्र अवगत है। जनता ऐसी अफवाहों में कभी भी विश्वास नहीं करेगी। ऐसा अवैधानिक काम एक वैसे व्यक्ति के द्वारा संभव हो ही नहीं सकता जो सविनय अवज्ञा का निष्ठावान प्रवर्तक है... उनके काम में जितना भी अड़ंगा लगाया जाय, जनता उतनी ही उत्तेजित और दृढ़संकल्प युक्त होती जाएगी। इसलिए इस अवसर पर एकमात्र बात जो कही जा सकती है वह यह कि उनके काम को शांतिपूर्ण ढंग से चलने दिया जाय।' जब 'पाटलिपुत्र' पूरे जोश और राष्ट्रवादी तेवर में सरकार की जड़ें खोदने के लिए कलम चला रहा था, एक अप्रत्याशित घटना हो गई। छपरा की एक आमसभा का प्रतिनिधित्व इसके प्रकाशक हथुआ महाराज कर रहे थे। उसी सभा में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ कि वर्तमान घोर विपत्ति में अंगरेजी सरकार की मदद की जाय। वहां से लौटने के बाद उन्होंने उक्त पारित प्रस्ताव की सूचना 'एक्सप्रेस' एवं 'पाटलिपुत्र' को प्रकाशनार्थ भेजी गई। यह खबर भी भिजवायी गई कि इस आवश्यक समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाए। एक तरफ क्रांतिकारी विचार और दूसरी तरफ प्रकाशक हथुआ नरेश का आदेश। संकट की घड़ी। उक्त समाचार को नहीं छापना राष्ट्रवादी संपादक- पत्रकारों की बाध्यता थी, क्योंकि वह उसके सिद्धांतों के प्रतिकूल था। दूसरी ओर हथुआ नरेश के आदेश को नहीं मानना भी व्यावहारिक दृष्टि से उचित नहीं था। घंटों विचार-विमर्श एवं मंथन के पश्चात अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। हालांकि इसमें सबकी नौकरी फंस सकती थी। फिर योजनाबद्ध तरीके से सिर्फ बारह प्रतियों में यह समाचार प्रकाशित किया गया और उन्हें नरेश एवं लार्ड के यहां भिजवा। खबर पढ़ कर वे संतुष्ट हो गए और सबने राहत की सांस ली लेकिन पाठकों तक पहुंचे समाचार पत्रों में यह समाचार प्रकाशित ही नहीं किया गया। बाद में जब इस राज का पर्दाफाश हुआ तो हंगामा होना ही था। दूसरी ओर संपादक मंडल ने इसके लिए खेद प्रकट करने से इंकार कर दिया। अंततः 3 मई 1921 को अंगरेजी सरकार के निर्देश पर तार भेजकर हथुआ नरेश ने पाटलिपुत्र का प्रकाशन बंद करा दिया। इस तरह एक निर्भीक समाचार-पत्र पाटलिपुत्र का प्रकाशन बंद हो गया। पाटलिपुत्र अपने दौर का सबसे उत्कृष्ट छपाई वाला समाचार पत्र माना जाता है। साज सज्जा, ले ऑउट, डिजाईन आदि में उसके आगे दूसरा समाचार-पत्र कहीं नहीं टिकता था। उसके विशेषांकों को पाठक सहेज कर रखते थे। एक विशेषांक के बारे में ऐसा कहा जाता है कि आजतक वैसा सर्वांग सुंदर विशेषांक किसी साप्ताहिक का नहीं देखा गया।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं विश्लेषक हैं)**

# किशोरियों को किया गया जागरूक

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग, हजारीबाग द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सभागार में माहवारी स्वच्छता दिवस 2026 के अवसर पर किशोरी बालिकाओं हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सदर परियोजना में किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग सदर शहरी एवं सदर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी एवं मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित सही एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों एवं मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त सदर ग्रामीण एवं सदर शहरी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, सी3 के अभिनव कुमार तथा आदित्य कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क शिक्षा के लिए विद्यालय का होगा निर्माण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)। (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल के हसपुरा स्थित चौराही में गुरुवार को गुजरात की संस्था मातु श्री काशी बा गोटी चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत के परिवार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर रामानुजन साइंस एंड एजुकेशनल ट्रस्ट फ्री एजुकेशन सेंटर के नए विद्यालय परिसर हेतु भूमिपूजन सह शिलान्यास किया गया। इस परिवार में धनजी भाई, चतुर भाई, भूपत भाई, नरेश भाई शामिल हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने किया। अध्यक्षता महिला महाविद्यालय दाउदनगर के संस्कृत विभाग के प्रोफ़ेसर कमलेश मिश्र ने व संचालन वरिष्ठ वकील बृजनन्दन सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख केदार सिंह यादव, मुखिया नीलम देवी आदि उपस्थित थे।

# हिंदू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बना कौड़िया, दोनों समुदायों ने मिलकर मनाया पर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बकरीद पर्व के अवसर पर सदर प्रखंड के कौड़िया गांव में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। गांव के समाजसेवी टाइगर कुमार ने बकरीद के दूसरे दिन अपने आवास पर कुर्बानी देकर हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर दोनों समुदायों के लोगों ने एक साथ शामिल होकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान टाइगर कुमार ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और सभी को सेवइयां खिलाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कौड़िया मस्जिद के हाफिज इनामुल हक ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कुर्बानी की रस्म अदा कराई। इस मौके पर मोहम्मद असलम, समीर अंसारी, अबुल अंसारी, मोहम्मद कमरूद्दीन, राहुल सिंह, बुलडॉग, रोहित, पियूष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी टाइगर कुमार ने कहा कि कौड़िया गांव वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता और सौहार्द का प्रतीक रहा है। यहां दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे के पर्व और खुशियों में समान रूप से भागीदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी प्रेम, सम्मान और सहयोग ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और यही संदेश बकरीद जैसे पर्व भी देते हैं। 9उन्होंने कहा कि पलामू सहित पूरे झारखंड में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में सभी समुदायों के लोगों की सहभागिता बढ़ रही है, जो सामाजिक समरसता के लिए सकारात्मक संकेत है। वहीं हाफिज इनामुल हक ने कहा कि कुर्बानी केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और मानव सेवा का संदेश भी है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घर बुलाकर भोजन कराना और खुशियां बांटना भी सुन्नत का हिस्सा है। बकरीद का पर्व हमें बुराइयों से दूर रहकर नेक कार्यों और इंसानियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# 1400 किलो जावा महुआ विनष्ट, 370 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में सदर एवं बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान हुरहुरु क्षेत्र में 4, कुम्हारटोली क्षेत्र में 7 तथा पारनाला क्षेत्र में गहरे नाले के किनारे गड्ढा खोदकर छुपाकर रखी गई पांच अलग-अलग अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान संचालित भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के क्रम में घटनास्थल एवं आसपास छुपाकर रखे गये लगभग 1400 किलोग्राम किन्वयन योग्य जावा महुआ विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि जब्त किए गए एवं करीब 370 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग द्वारा बताया गया कि मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस छापेमारी अभियान में निरीक्षक उत्पाद सौरभ कुमार झा, अवर निरीक्षक उत्पाद भुनेश्वर नायक, अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह एवं सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। अवैध शराब के निर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध आगे भी सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# छह माह से वेतन को तरस रहे सहायक आचार्य, सरकार करे भुगतान : भाकपा

## उदासीनता के कारण आर्थिक संकट से गुजर रहे सहायक आचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने झारखंड में सहायक आचार्यों को पिछले छह माह से अधिक समय से वेतन नहीं मिलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से अविलंब बकाया भुगतान करने की मांग की है। भाकपा के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि खनिज संपदाओं और कोयला उत्पादन के लिए देशभर में पहचान रखने वाले झारखंड में शिक्षकों का वेतन लंबित रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण हजारों सहायक आचार्य आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी परिवार में यदि एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति को छह महीने से वेतन न मिले तो उसके सामने रोजमर्रा के खर्च, बच्चों की पढ़ाई, इलाज और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना बेहद कठिन हो जाता है। ऐसे में शिक्षकों और उनके परिवारों की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। रूचिर तिवारी ने कहा कि पूर्व में शिक्षकों से शपथ पत्र लेकर वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी जाती थी, जिसमें यह प्रावधान रहता था कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो संबंधित शिक्षक स्वयं उसकी जिम्मेदारी वहन करेगा। लेकिन वर्तमान में प्रशासनिक स्तर पर अनावश्यक विलंब के कारण वेतन भुगतान प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पलामू जिला शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों की निष्क्रियता का खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। इससे शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भाकपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप कर पलामू समेत पूरे झारखंड के सहायक आचार्यों का लंबित वेतन शीघ्र जारी कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था उनके सम्मान और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### छाताबाद फायरिंग कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 22 नामजद समेत 10 अज्ञात पर प्राथमिकी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद दो नंबर में 27 मई को हुई मारपीट और फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 22 नामजद सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ कतरास थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में दो लोगों को गोली लगी थी, जिनका इलाज जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि विकास बजरंगी और अमित यादव के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और मामला फायरिंग तक पहुंच गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपियों आनंद यादव, विवेक ठाकुर और करण दास को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा और घटना में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त किया गया है। बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और किसी भी कीमत पर अपराधियों का मनोबल बढ़ने नहीं दिया जाएगा।

### एसएसपी प्रभात कुमार ने सीइआइआर से बरामद 8 मोबाइल धारकों को लौटाया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार शुक्रवार को हरिहरपुर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा ने उनका स्वागत किया। एसएसपी के पहुंचने पर पुलिस जवानों ने सलामी दी। इस दौरान सीइआइआर पोर्टल के जरिए चोरी व गुम हुए 8 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे गए। खोया मोबाइल



वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। लाभुकों ने धनबाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना कर आभार जताया।एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि सीइआइआर पोर्टल और आधुनिक तकनीक से गुम व चोरी हुए मोबाइल ट्रैक कर बरामद किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल चोरी या गुम होने पर तुरंत थाने में सूचना दें ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेख संधारण और लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित केसों का शीघ्र निष्पादन करने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तेज करने और आम लोगों से बेहतर व्यवहार रखने के निर्देश दिए। मौके पर थाना के अन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### मेधा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए जिले के मेधावी छात्र, वर्षा कुमारी बनीं राज्य की द्वितीय टॉपर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद की ओर से शुक्रवार को धनबाद क्लब में जिला स्तरीय मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, एसडीएम लोकेश बारंगी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत जिले के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है, ताकि अन्य छात्र भी इससे प्रेरित होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और राज्य के साथ-साथ देश स्तर पर भी नाम रोशन करें। कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर की छात्रा वर्षा कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वर्षा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वर्षा ने कहा कि यह सम्मान पाकर वह काफी खुश हैं और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को देती हैं। उन्होंने बताया कि आगे वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं और इसके लिए 11वीं में पीसीएम विषय लेकर पढ़ाई कर रही हैं। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य ने कहा कि स्कूल के इतिहास में पहली बार किसी छात्रा ने राज्य स्तर पर टॉप किया है। उन्होंने वर्षा को मेधावी और अनुशासित छात्रा बताते हुए कहा कि उसने बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग के अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है।

# तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर जन जागरूकता रैली निकाली गई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के पूर्व शुक्रवार को कथारा ओपी क्षेत्र में तम्बाकू एवं नशा के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनजागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन बोकारो के निदेशानुसार कथारा ओपी बोकारो पुलिस, तम्बाकू नियंत्रण इकाई बोकारो एवं राष्ट्रीय सेवा योजना केबी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के तहत कथारा थाना क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही तम्बाकू




छोड़ने हेतु टॉल फ्री नंबर 1800112356 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा कोटपा अधिनियम-2003 के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि झारखंड में कुल जनसंख्या का लगभग 38.9 प्रतिशत लोग तम्बाकू का उपयोग करते हैं, जिनमें 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 5.1 प्रतिशत बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं युवाओं को नशे की लत से बचाना समाज एवं सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि 26 मई से 26 जून तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से तम्बाकू एवं नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, बैठक, कोटपा-2003 के प्रावधानों के अनुपालन तथा एनडीपीएस एक्ट-1985 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। मौके पर जिला परामर्शी मो. असलम ने बताया कि कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति के सहयोग से रैली के पश्चात तम्बाकू छोड़ने हेतु टॉल फ्री नंबर के प्रचार-प्रसार के लिए ऑटो पर पोस्टर चस्पा किए गए हैं। साथ ही, हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि तम्बाकू शरीर के लगभग हर हिस्से को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि कोटपा-2003 के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन हेतु छह दुकानों का चालान किया गया तथा 650 रुपये अर्थदंड के रूप में वसूला गया। जागरूकता रैली में इंचार्ज प्रो. गोपाल प्रजापति, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार, हरीश नाग, सदन राम, अजय हांसदा, कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल दास, सुनीता सिंह, अभिषेक आनंद, मिलन गुप्ता, सोनू कुमार, रिया कुमारी, अंतरा कुमारी, रोहित कुमार, अमन तिवारी, सानिया नाज सहित बड़ी संख्या में लोग एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जामाडोबा में अवैध लोहा कटिंग को लेकर गोलीबारी, युवक गंभीर रूप से घायल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामाडोबा डुमरी दो नंबर गली में शुक्रवार तड़के गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। अवैध लोहा कटिंग और वर्चस्व को लेकर हुई इस घटना में दो राउंड फायरिंग हुई, जिसमें रिक्की सिंह नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके सीने में लगी है। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे तत्काल पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया। गोली अब भी सीने में फंसी हुई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जोड़ापोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो ने घटनास्थल का जायजा लिया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से गोली का एक खोखा और रोपवे का कटा हुआ तार बरामद किया है। बरामद सामग्री के आधार पर पुलिस अवैध लोहा कटिंग और चोरी के एंगल से मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह करीब चार बजे अचानक गोली चलने की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकले तो रिक्की सिंह को



घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घायल रिक्की सिंह की पत्नी चंदा कौर ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनके पति घर से बाहर निकले थे, इसी दौरान वहां कुछ संदिग्ध युवक मौजूद थे। पति ने जब उन्हें देखकर शोर मचाया तो आरोपियों ने गोली चला दी। उन्होंने आरोप लगाया कि हर्ष, गोपु और उनके अन्य साथियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनका कहना है कि अवैध लोहा कटिंग को लेकर पहले से विवाद चल रहा था और उसी के चलते गोली चलाई गई।सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो ने बताया कि जामाडोबा पेट्रोल पंप के समीप डुमरी दो नंबर गली में सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि प्रारंभिक जांच में मामला रोपवे का लोहा काटने और अवैध कारोबार से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गोलीबारी चोरी, लोडिंग विवाद या वर्चस्व की लड़ाई को लेकर हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध कारोबार को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# जनता दरबार में डीडीसी ने की सुनवाई, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं... (जनता दरबार) कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम जनता की समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं/शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया। डीडीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

#### सभी प्रखंडों में भी आयोजित हुआ जनता दरबार

निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई। जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तत्काल निष्पादन किया गया।

# सहयोगिनी ने जागरूकता कार्यक्रम के जरिए दिया मासिक धर्म स्वच्छता का संदेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था 'सहयोगिनी' द्वारा बोकारो के कसमार स्थित पिपराडीह गांव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान बरती गई लापरवाही गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "स्वच्छता अपनाकर ही मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों और संक्रमण से बचा जा सकता है।"



#### सावधानियों पर दी गई विस्तृत जानकारी

संस्था की कार्यकर्ता मंजू देवी ने उपस्थित महिलाओं को पीरियड्स के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पैड के सही इस्तेमाल, सफाई के तरीकों और इस दौरान पोषण युक्त आहार लेने की सलाह दी ताकि महिलाएं स्वस्थ रह सकें। इस जागरूकता अभियान में स्थानीय किशोरी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीमा कुमारी, रेनू कुमारी, सुस्मिता कुमारी, जयमुनी कुमारी, फुलमनी देवी, सावित्री देवी, कुमलि देवी, एतवारी देवी, नुनी बाला देवी, सहोदरी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के बीच स्वच्छता किट और जानकारी पूर्ण पत्रक भी साझा किए गए।

# जोरदार बारिश ने दी गर्मी से राहत, जल जमाव से लोग परेशान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में शुक्रवार को हुई जोरदार बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से पड़ रही तपती गर्मी और उमस के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। ऐसे में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, बारिश के साथ ही शहर के कई इलाकों में जलजमाव की समस्या भी सामने आई, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर निगम क्षेत्र से लेकर बोकारो स्टील सिटी एरिया तक कई सड़कों और मोहल्लों में पानी जमा हो गया। जगह-जगह सड़कें पानी में डूबी नजर आई, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और पैदल चलने वाले लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई निचले इलाकों में घरों और दुकानों



के आसपास पानी भर जाने से लोगों की चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश से गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन शहर की खराब ड्रेनेज व्यवस्था ने परेशानी बढ़ा दी है। लोगों ने नगर निगम और बोकारो स्टील प्रबंधन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ड्रेनेज सिस्टम में सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में भारी बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। जलजमाव के कारण दुर्घटना और बीमारी फैलने का भी खतरा बना रहता है। इसलिए संबंधित विभागों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

# सिनीडीह में मकानों में दरार पड़ने से दहशत, परिवारों ने खाली किया घर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह लफड़ा मोड़ के पास शुक्रवार सुबह भू-धंसान की आशंका से इलाके में दहशत फैल गई. धनबाद के टांडाबारी में भू-धंसान की घटना में तीन लोगों की मौत के बाद स्थानीय लोग पहले से ही सहमे हुए थे. ऐसे में इलाके के तीन मकानों में अचानक दरारें पड़ने और घरों से चरचराहट की आवाज आने के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई. सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए. स्थिति को गंभीर देखते हुए लक्ष्मण भुइया, सूरज भुइया और करण भुइया समेत अन्य परिवारों ने अपने-अपने घरों का सामान बाहर निकालकर मकान खाली कर दिया. लोगों का कहना है कि लगातार जमीन धंसने की आशंका बनी हुई है. जिससे किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता. घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने भाजपा नेता गोरचंद बाउरी और मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू चौहान के नेतृत्व में बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की. ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, उचित मुआवजा और सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग उठाई. सूचना मिलने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन, सीआईएसएफ और मधुबन पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. बताया जा रहा है कि निजी कंपनी की ट्रांसपोर्टिंग सड़क भी भू-धंसान की चपेट में आ रही है, जिससे आवागमन पर खतरा मंडराने लगा है.

# कतरास में आपसी रंजिश को लेकर फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीते 27 मई को झारखंड के धनबाद के कतरास थाना क्षेत्र के कैलूडीह में आपसी रंजिश के कारण हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई. अनुसंधान के क्रम में आनंद कुमार यादव, विवेक कुमार ठाकुर और करण कुमार दास को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा गोली, दो खोखा और एक काले रंग की स्कॉर्पियो बरामद की गई. एसडीपीओ ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपियों ने स्वीकार किया कि पुरानी रंजिश के कारण घटना को अंजाम दिया गया. फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को गोली लगने की भी पुष्टि हुई है. अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. मौके पर कतरास थानेदार प्रवीण कुमार और अन्य मौजूद थे. बता दें कि अवैध खनन को लेकर दो गुटों में गोलीबारी की घटना हुई थी. जिसमें मो तौसीफ और नीतीश यादव गोली से घायल हो गए थे. तौसीफ का इलाज दुगार्पुर में चल रहा है. अवैध कोयले के काले कारोबार में कतरास कोयलांचल में लगातार गोलीबारी की घटना हो रही है. 28 मई की रात अंगारपथरा में भी गोलीबारी की घटना हुई. जिसमे राकोमयू नेता बाल बाल बच गए.

# बोकारो जिला कबड्डी संघ का बालक व बालिका समर कैंप शुरू



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कबड्डी संघ की ओर से सेक्टर 9 बी क्लब मैदान में शुक्रवार को बालक व बालिका खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण से शुरू हो गया है। यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक दिन जारी रहेगा। ' इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण सेवा में नगर के विभिन्न स्कूलों के 52 बालक व बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं' जिन्हें प्रशिक्षक पलक वर्ग में शैंपू कुमार और बालिका वर्ग में ईशा कुमारी खिलाड़ियों को कबड्डी खेल के सभी प्रकार के नियम की जानकारी दे रहे हैं' इसके अतिरिक्त कबड्डी खेल में कैचिंग करने की विधि रेड करने की विधि खेल के दौरान बोनस प्वाइंट लेने की विधि बताई जा रही है' इसके पूर्व सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षक की ओर से वार्म अप कराया जाता है' इसके बाद खिलाड़ियों के बीच कबड्डी का मैच भी कराया जा रहा है ताकि वह सभी नियम के अनुसार प्रशिक्षण पा सकें ' इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण सिविल का विद्युत उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संगीता कुमारी की ओर से नारियल फोड़ कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया' इस मौके पर संघमित सिंह जिला सचिव कांग्रेस, जितेंद्र सिंह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अवधेश सिंह,विकास राजहंस, कुलजीत सिंह, चंद्रशेखर सिंह, ओमप्रकाश, कृष्णा मालाकार, महेंद्र तिवारी, विकास पांडेय, हरिशंकर, सुनीता शर्मा,नीरा सिंह, जियालाल,छोटेलाल, हरेन्द्र संघ के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# एसपी ने दो थानों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, बोकारो द्वारा थाना चिरा चास व पिंडराजोरा थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ,सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सीरिस्ता के कार्यों की समीक्षा की गई। एसपी ने उपस्थित पदाधिकारियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आम जनता की समस्याओं का त्वरित व विधिवत समाधान करने का निर्देश दिया। सभी लंबित कांडों, वारंट, इस्तेहार व कुर्की का ससमय निष्पादन हेतु निर्देशित किए ।पासपोर्ट , चरित्र सत्यापन संबंधित मामलों को समयबद्ध तरीके से निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक थाना में सप्ताह में एक दिन थाना दिवस का आयोजन अनिवार्य रूप से करने के संबंध में भी निर्देशित किया।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com